आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59
उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 जून 2025
वर्ष 35, अंक 148, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12

गुजरात के सूरत शहर में भारी बारिश से सड़कें-गलियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन से और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया।

कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

- मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

एक नजर

भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

हैदराबाद। तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी वजाहत खान को गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। खान की शिकायत पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया गया था।

रिश्वत में खान विभाग की उपनिदेशक निलंबित

मंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने रिश्वतखोरी के सिलसिले में दक्षिण कन्नड़ के खान और भूविज्ञान विभाग की उपनिदेशक कृष्णवेणी को निलंबित कर दिया है। कृष्णवेणी को 28 मई को लोकायुक्त पुलिस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। विभागीय जांच भी बिठाई गई।

ईरान के फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र पर फिर से हुआ हमला

ईरानी मीडिया ने किया दावा, इजराइल पर भी मिसाइलों की बौछार

दुबई, एजेंसी

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

वियना में, संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रविवार को अमेरिका द्वारा बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र में भारी क्षति हुई होगी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि उपयोग किए गए विस्फोटक पेलोड को देखते हुए बहुत अधिक क्षति होने की आशंका है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से हाथ मिलाते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

ईरानी सुरक्षा बलों को अमेरिकी ठिकानों पर हमले की छूट

सोमवार को, ईरानी सैन्यकर्मियों के संयुक्त प्रमुख जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने वाशिंगटन को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। पश्चिम एशिया में हजारों अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रविवार को हमले किए थे।

पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री को दिया तनाव घटाने में मदद का भरोसा

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

लखनऊ। पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम सोमवार शाम को घोषित कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों कुल 18 छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है, इनमें से एक छात्र बिहार का है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा का परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से परिणाम एवं स्कोर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

- 27 से शुरू होगी काउंसलिंग

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न कराई गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने कुल 19 ग्रुपों में आवेदन किया था, कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए थे।

कुल 3,31,193 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। काउन्सिलिंग 27 जून से आरंभ होकर 14 अगस्त तक 5 चरणों में सम्पन्न होगी।

प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने खुद को गोली से उड़ाया

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- सुल्तानपुर गांव में प्रेमिका को घर में घुसकर गोली मारी
- पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को भी गोली मार ली

अमृत विचार : सुल्तानपुर गांव में शादी न हो पाने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका के घर में घुस कर उसे अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कुठला गांव निवासी महिपाल सिंह यादव उर्फ फौजी के बेटे देवांशू उर्फ अन्नू (22) का पड़ोस के गांव सुल्तानपुर की युवती दीप्ती (21) पुत्री अशोक कुमार पाल से तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो 15 दिन पहले उसकी शादी जनपद औरैया के एरवा कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिट्ठा में तय कर दी। जिस युवक से शादी तय हुई, वह तालग्राम कस्बे में प्राइवेट क्लीनिक संचालित करता है।

पता चलने पर देवांशू ने तालग्राम जाकर उस लड़के को धमकाया। इसकी जानकारी लड़के ने दीप्ती के पिता को दी। रविवार को पड़ोस के गांव नगला भजूं में दोनों परिवारों के बीच पंचायत हुई, जिसमें देवांशू ने दीप्ती से सारे संबंध खत्म करने की बात कही। लेकिन सोमवार तड़के तीन बजे देवांशू पिता की 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर सुल्तानपुर पहुंचा और छत के सहारे प्रेमिका के कमरे में पहुंच गया। जहां दीप्ती अपनी छोटी बहन दीपांशु के साथ सो रही थी। देवांशू ने दीप्ती के माथे पर गोली मार दी। घर से कुछ दूर तालाब किनारे खुद को भी गोली मार ली। जानकारी मिलते ही एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सीओ छिबरामऊ सुरेश मलिक, थाना प्रभारी दिनेश कुमार, सकरावा थानाध्यक्ष अजब सिंह, विशुनगढ़ थानाध्यक्ष गौरव चौधरी, छिबरामऊ कोतवाल विष्णुकांत तिवारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद देवांशू के परिवारीजन मकान में ताला डालकर भाग गए। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दीप्ती पाल एवं देवांशू (फाइल फोटो)

सपा ने तीन बागी विधायकों को निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले सात विधायकों में से तीन को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी से बाहर कर दिया है। निकाले गए बागी विधायकों में अयोध्या गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं, जबकि अन्य चार के लिए कहा कि इन लोगों का व्यवहार अच्छा है, इन लोगों की अनुग्रह अवधि शेष है।

तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। साथ ही आरोप लगाया कि इन विधायकों को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी, नकारात्मकता और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित किया गया है। लिखा कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई। शेष विधायकों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा।

निष्कासित विधायकों में ऊंचाहार सीट के विधायक मनोज पाण्डेय ने दावा किया कि मैं भाजपा के साथ हूं, गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली थी तो सपा से निष्कासन का क्या औचित्य? वहीं गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह का कहना है कि राम, राष्ट्र और सनातन मेरे लिए पहले हैं, पार्टी बाद में।

मनोज कुमार पाण्डेय

अभय सिंह

राकेश प्रताप सिंह

- राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर किया था भाजपा का समर्थन

भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

वाराणसी पहुंचे शाह, मध्य क्षेत्रीय परिषद की लेंगे बैठक

- बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी (उप्र), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ योगी भी मौजूद थे। बाबतपुर से लेकर काल भैरव मंदिर तक 11 स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने ढोल, शंख, डमरू और पुष्प वर्षा के साथ अमित शाह का स्वागत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बैठक की सभी तैयारियां की जा रही हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इस बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन तथा नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

तकनीकी खामी के चलते एयर इंडिया की दुबई फ्लाइट रद्द

जयपुर/जम्मू, एजेंसी

एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पाई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि 189 सीट वाले बोइंग 737 मैक्स विमान को सुबह 6:35 बजे यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

उड़ान से पहले रोकी इंडिगो की फ्लाइट

इंदौर। इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था।

प्रकृति के रंग ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की मार्च-अप्रैल से शुरू होती है आमद, अब जाने की तैयारी में जुटी कुछ प्रजातियां

रंग-बिरंगे समर विजिटर्स से गुलजार हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व

सुनील यादव, पीलीभीत

अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास का क्षेत्र इन दिनों रंग-बिरंगे समर विजिटर्स (गर्मियों के आगंतुक) से गुलजार है। समर विजिटर्स के रूप में पहुंचे इन प्रवासी मेहमान परिंदों को यहां की आबोहवा इस कदर भा रही है कि साल दर साल इनकी संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक पीलीभीत में सौ के आसपास मेहमान परिंदों की प्रजातियां प्रवास को आने लगी हैं। अब जब गर्मी का मौसम जाने को है और मानसून की आमद हो रही है तो यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज से आए कुछ परिंदों ने वतन वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं शेष सभी प्रवासी परिंदे अक्टूबर तक वतन वापसी करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के लिए विदेशी धरती पर भी मशहूर हो चुका है। इस टाइगर रिजर्व में बहुत से ऐसे दुर्लभ वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। वहीं पिछले कुछ साल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबोहवा मेहमान परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, यहां पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज के देशों समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदे भी दस्तक देने लगे हैं। प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में अब इजाफा भी देखा जा रहा है।

ये हैं समर विजिटर्स पक्षियों की प्रजातियां

- वाटर काक
- इंडियन कुक्कू
- चेस्टनट कैड्ड बी ईटर
- जेकोबिन कुक्कू
- ब्लू टेल्ड बी ईटर
- गोल्डन ओरियोल



ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। जून के अंत में इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी वापसी की तैयारी शुरू कर देते हैं। - **मोहम्मद अख्तर मियां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

प्रवासी पक्षियों की साल में दो बार होती है आमद

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास के क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। ये पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं, मानसून से पहले और मानसून के बाद। मानसून के बाद आने वाले प्रवासी नवंबर में आना शुरू कर देते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इन शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वतन वापसी के बीच ही मानसून से पहले आने वाले ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू होती है।

सार-संक्षेप

एडेड विद्यालयों में ऑनलाइन होंगे 550 तबादले

प्रयागराज, अमृत विचार : प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में आनलाइन तबादले की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आनलाइन आये आवेदन पत्रों की जांच के बाद तबादले के लिए 550 पत्रावलियां क्लीयर हुई है जिनके फीडिंग का काम चल रहा है। आनलाइन तबादला सूची एनआईसी लखनऊ से 27 जून को जारी हो जाएगी। तबादले के एक हफ्ते के भीतर शिक्षक, शिक्षिकाओं को संबंधित विद्यालयों में कार्यभार संभालना है जिससे कि शिक्षण प्रभावित ना होने पाए। एडेड विद्यालयों के संस्था प्रमुख (प्रधानाचार्य), प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के तबादले के लिए आनलाइन कुल 1772 आवेदन उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में आये हुए थे। परीक्षण के बाद तबादले के लिए 550 पत्रावलियां सही पाई गई हैं। अपर शिक्षा निदेशक (एडी माध्यमिक) सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि तबादला प्रक्रिया के सभी मानक 500 से ज्यादा पूरा कर रहे हैं उनके तबादले की आनलाइन सूची 27 जून को एनआईसी, लखनऊ से जारी होगी।

समर कैंप में बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : इंद्रजीत

समर कैंप में डांस सीखते बच्चे। अमृत विचार

प्रयागराज, अमृत विचार : ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइंस में सोमवार से सात दिवसीय समर कैंप शुरू हुआ। इसमें प्रथम से पंचम तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कैंप की शुरुआत प्रधानाचार्य इंद्रजीत त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कैंप आयोजित किया गया है। इसमें विद्या भारती के आधारभूत विषयों योग शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, संगीत शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा के अतिरिक्त वैदिक गणित, इंग्लिश स्पोकेन, क्राफ्ट, डांस, घोष आदि विषयों का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को दिया जायेगा।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

कुंडा, प्रतापगढ़ : महेशगंज थाना क्षेत्र के बलि का पुरवा हीरागंज निवासी 50 वर्षीय विनोद कुमार गौतम पुत्र चंगू गौतम ट्रक चालक थे। इस समय वह वह घर पर रहते थे। सोमवार की शाम अपने घर की बिजली ठीक करने लगे। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गये। जिससे वह झुलस गए। परिजन तत्काल महेशगंज अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

प्रधानाचार्य के निधन पर जताया शोक

प्रतापगढ़, अमृत विचार : लक्ष्मणपुर ब्लॉक अंतर्गत गजाधर प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधाकर उपाध्याय के निधन पर लोगों ने शोक जताया है। उनके निधन पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, रामपुर विधायक आराधना मिश्रा मोना, पं.श्याम किशोर शुक्ल,पीसीसी सदस्य डॉ. प्रशांत देव शुक्ल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने शोक प्रकट कर उनकी गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

यूपी बोर्ड: गड़बड़ी में फंसे दो बाबू, पूछताछ की मिली अनुमति

प्रयागराज, अमृत विचार : हरियाणा में 2024 में डाक विभाग की भर्ती में एक अभ्यर्थी की मार्कशीट के सत्यापन में यूपी बोर्ड के दो बाबू फंस गए हैं। फर्जी मार्कशीट होने पर भी दोनों ने सत्यापन में सही दिखा डाक विभाग हरियाणा को सत्यापन रिपोर्ट भेज दी थी। सीबीआई ने यूपी बोर्ड के सचिव से दोनों बाबुओं से पूछताछ की स्वीकृति मांगी थी जिस पर सचिव भगवती सिंह ने सीबीआई को दोनों बाबुओं से पूछताछ के लिए स्वीकृति दे दी है। यूपी बोर्ड के बाबू अनिल कुमार कौशल (वर्तमान तैनाती बरेली क्षेत्रीय कार्यालय) और अजय कुमार यादव (बरेली क्षेत्रीय कार्यालय) ने सत्यापन रिपोर्ट में मार्कशीट का मूल (सही) दिखाते हुए सत्यापन भेज दिया था।

जिला कारागार में नर्सरी क्रेच की हुई शुरुआत, पढ़ेंगे बच्चे

प्रतापगढ़, अमृत विचार : राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान एवं सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिला कारागार के महिला बैरक अहाते में नवनिर्मित नर्सरी क्रेच का लोकार्पण किया। इसमें बच्चों को पढ़ने में सुविधा मिलेगी। इस दौरान महिला बंदियों को फल वितरण व बच्चों को खाने की सामग्री भेट की गयी। डिप्टी जेलर आफताब अंसारी ने महिला बंदियों के लिए वाटर कूलर का आग्रह किया। जिस पर अध्यक्ष ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला बैरक में एक वाटर लगवाया जाये। इस मौके पर एसडीएम सदर नैंसी सिंह, जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, डिप्टी जेलर आफताब अंसारी, पूर्व विधायक धीरज ओझा, विधायक सदर के प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य, डीपीओ ज्योति शाक्य आदि मौजूद रहे।

तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में तीन चरणों में जीसीएम प्रणाली लागू होगी। शहरों को 'ग्रीन रैंकिंग' मिलेगी। नगर विकास विभाग की हरित पहल के तहत जीसीएम प्रणाली के लिए तीन स्तरीय समीक्षा होगी। शासन के अधिकारियों के अनुसार नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय समीक्षा करेगा। ये प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। वर्ष 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में यह प्रणाली लागू की जाएगी। जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम समीक्षा का कार्य करेगी।

तबादला प्रक्रिया की विसंगतियां हों दूर

दोषियों पर हो कार्रवाई

संवाददाता, प्रयागराज

एडी माध्यमिक सुरेंद्र कुमार तिवारी से वार्ता करते एकजुट शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संरक्षक डॉ हरिप्रकाश यादव के नेतृत्व में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक (एडी) सुरेंद्र कुमार तिवारी से अशासकीय विद्यालयों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन तबादले में आ रही कठिनाईयो के समाधान के लिये उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में आज वार्ता किया। एकजुट के प्रतिनिधिमंडल ने अपर शिक्षा निदेशक को बताया कि संगठन जब से स्थान्तरण प्रक्रिया शुरू हुई है तब से लगातार स्थान्तरण प्रक्रिया की विसंगतियों को दूर कराने के लिए आपके कार्यालय और शिक्षा निदेशक के कार्यालय को विभिन्न पत्रों के माध्यम से अवगत कराया, तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने निदेशक से वार्ता करके स्थान्तरण प्रक्रिया में आ रही अड़चनों को दूर करने का आग्रह किया। प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने बताया कि प्रदेश के शिक्षको में बहुत आक्रोश है जिसमें निदेशक ने आश्वासन दिया कि हम इन समस्याओं को दूर करवा देंगे किन्तु खेद है कि आज तक तबादला की सभी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ हरिप्रकाश यादव ने कहा कि डीआईओएस/जेडी कार्यालयों में लम्बित ऑफलाइन तबादले की पत्रावलियों को समय प्रदान करते हुए तबादला प्रकिया में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मानकों को पूर्ण करने के बावजूद ऑनलाइन तबादला आवेदन पत्रों को जान बूझ कर अग्रसारित ना करने वाले प्रधानाचार्यों/प्रबन्धकों व डीआईओएस के विरुद्ध शासकीय आदेश की अवहेलना का दोषी मानते हुए सख्त कार्यवाही की जाए जिससे कि भविष्य में होने वाली स्थान्तरण प्रक्रिया बाध्यता को समाप्त किया जाए। एकजुट के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो टॉलरेंस की नीति चाहते है और तबादला प्रक्रिया भ्रष्टाचार मुक्त हो जिससे प्रदेश के शिक्षकों का तबादला सुगमता से हो सके किन्तु प्रदेश के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कान में जू नही रेंग रही है। एडी माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने ज्ञापन लेते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन देते हुए निदेशक माध्यमिक शिक्षा को भेज दिया। एकजुट के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश पासी, प्रदेश मंत्री सन्दीप शुक्ला प्रयागराज के मण्डल अध्यक्ष मिथिलेश मौर्य मण्डलीय मंत्री लक्ष्मीनारायण सिंह,लालमणि यादव, जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, जिला मंत्री डीपी यादव, अनिल भारती, जिला उपाध्यक्ष अनुभान सिंह आशीष गुप्ता, राजेश कुशवाहा, डॉ. राजेश सिन्हा, राकेश यादव, प्रकाश जायसवाल, वीरेंद्र कुशवाहा, रमेश यादव, गार्गी श्रीवास्तव, आकांक्षा कुशवाहा, दिनेश यादव, अशोक पटेल, अरुण सिंह, विजय आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बरबास विकास खण्ड देवा-बाराबंकी

पत्रांक मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2025–26 दिनांक– 23/06/2025

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरबास विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2025–26 में पंद्रहवां / पंचम वित्त आयोग से उक्त निर्माण कार्य कराया जाना हैं। भट्ठा ईट, इंटरलांकिंग ईट ,सीमेंट पाईप ,सीमेंट ,मौरंग, बालू, लोकल बालू तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 7 दिन का होगा,जो 01/07/2025 को खुलेगा।

क0सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	भवानी के घर से तालाब तक नाली निर्माण	1:30 लाख
2	इंडिया मार्का सस हैण्डपम्प रिबोर कार्य	2. 25 लाख
3	पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरबास का बाउंड्रीवाल निर्माण	06 लाख
4	संदीप के घर तक नाली निर्माण	2 लाख
5	रामसिंह के घर से तालाब तक नाली निर्माण	2 लाख
6	राजकिशोर के घर से मंशाराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण	1: 50 लाख

नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं ।
(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

रामामिलन
प्रधान
ग्राम पंचायत बरबास
विकास खण्ड देवा बाराबंकी

यशवंत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत बरबास
विकास खण्ड देवा बाराबंकी

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

गाड़ी संख्या	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृति	चलने के दिन	चलने की अवधि
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जंक्शन	08:40	प्रतिदिन		10.07.2025 तक
04087	पटना जंक्शन	10:00	नई दिल्ली	03:20			11.07.2025 तक
04064	नई दिल्ली	09:30	शेखपुरा	04:30	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04063	शेखपुरा	06:00	नई दिल्ली	01:10		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04066	नई दिल्ली	21:35	सहरसा जंक्शन	22:00	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04065	सहरसा जंक्शन	23:55	नई दिल्ली	23:30		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04022	नई दिल्ली	14:00	गोरखपुर	05:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.2025 तक
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	12.07.2025 तक
04081	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	11:40	त्रि–साप्ताहिक	सोमवार, बुध, शनि	12.07.2025 तक
04082	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	21:20	नई दिल्ली	09:30		मंगल, गुरु, रविवार	13.07.2025 तक
04012	दिल्ली जंक्शन	19:30	दरभंगा जंक्शन	20:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04011	दरभंगा जंक्शन	22:00	दिल्ली जंक्शन	22:40		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04024	दिल्ली जंक्शन	19:30	वाराणसी जंक्शन	09:45	त्रि–साप्ताहिक	सोम,गुरु,शनि	10.07.2025 तक
04023	वाराणसी जंक्शन	18:35	दिल्ली जंक्शन	08:50		मंगल,शुक्र,रवि	11.07.2025 तक
04026	दिल्ली जंक्शन	23:05	रक्सौल जंक्शन	19:00	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04025	रक्सौल जंक्शन	22:00	दिल्ली जंक्शन	17:45		शुक्रवार	11.07.2025 तक
04018	आनंद विहार (ट)	09:00	मुजफ्फरपुर जंक्शन	04:30	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04017	मुजफ्फरपुर जं	06:15	आनंद विहार (ट)	03:10		शुक्रवार	11.07.2025 तक
04020	आनंद विहार (ट)	19:30	बरौनी जंक्शन	18:00	साप्ताहिक	रविवार	06.07.2025 तक
04019	बरौनी जंक्शन	20:00	आनंद विहार (ट)	19:00		सोमवार	07.07.2025 तक
04096	आनंद विहार (ट)	04:59	जयनगर	05:20	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04095	जयनगर	07:30	आनंद विहार (ट)	08:10		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04098	आनंद विहार (ट)	05:00	सीतामढी	02:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04097	सीतामढी	03:45	आनंद विहार (ट)	01:30		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04094	आनंद विहार (ट)	23:55	जोगबनी	07:30	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04093	जोगबनी	09:30	आनंद विहार (ट)	16:00		शनिवार	12.07.2025 तक
04207	लखनऊ जंक्शन	08:05	नई दिल्ली	18:30	साप्ताहिक	सोमवार	07.07.2025 तक
04208	नई दिल्ली	20:20	लखनऊ जंक्शन	06:35		सोमवार	07.07.2025 तक
04217	वाराणसी जंक्शन	06:25	लखनऊ जंक्शन	11:45	प्रतिदिन		30.06.2025 तक
04218	लखनऊ जंक्शन	16:30	वाराणसी जंक्शन	21:50			30.06.2025 तक
04219	शाहगंज जंक्शन	22:35	अयोध्या धाम जंक्शन	01:40	प्रतिदिन		10.07.2025 तक
04220	अयोध्या धाम जंक्शन	02:10	शाहगंज जंक्शन	04:40			10.07.2025 तक
02270	लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल)	14:15	छपरा	21:30	सप्ताह में 06 दिन	मंगलवार को छोड़कर	11.07.2025 तक
02269	छपरा	23:00	लखनऊ जंक्शन	06:30			11.07.2025 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जंक्शन	19:00	साप्ताहिक	रविवार	06.07.2025 तक
04603	वाराणसी जंक्शन	05:00	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	06:00		मंगलवार	08.07.2025 तक
04206	वाराणसी जंक्शन	14:50	चंडीगढ़	07:45	साप्ताहिक	शनिवार	05.07.2025 तक
04205	चंडीगढ़	09:30	वाराणसी जंक्शन	01:20		रविवार	06.07.2025 तक
04518	बठिण्डा जंक्शन	20:50	वाराणसी जंक्शन	17:30	द्वि–साप्ताहिक	सोम, शुक्र	11.07.2025 तक
04517	वाराणसी जंक्शन	20:40	बठिण्डा जंक्शन	17:00		मंगल, शनि	12.07.2025 तक
04302	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जंक्शन	13:00	साप्ताहिक	मंगलवार	15.07.2025 तक
04301	मुजफ्फरपुर जंक्शन	15:00	योग नगरी ऋषिकेश	14:20		बुधवार	16.07.2025 तक
04610	जम्मू तवी	06:20	वाराणसी जंक्शन	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	09.07.2025 तक
04609	वाराणसी जंक्शन	09:00	जम्मू तवी	07:45		शुक्रवार	10.07.2025 तक
04304	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	गोरखपुर	06:20	साप्ताहिक	शनिवार	12.07.2025 तक
04303	गोरखपुर	09:00	योग नगरी ऋषिकेश	00:55		रविवार	13.07.2025 तक
04602	फिरोजपुर कैंट जंक्शन	15:10	पटना जंक्शन	18:00	द्वि–साप्ताहिक	बुध, शनिवार	12.07.2025 तक
04601	पटना जंक्शन	20:50	फिरोजपुर कैंट जंक्शन	23:55		गुरु, रविवार	13.07.2025 तक
04608	अमृतसर जंक्शन	20:10	दरभंगा जंक्शन	02:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.2025 तक
04607	दरभंगा जंक्शन	04:00	अमृतसर जंक्शन	10:30		रविवार	13.07.2025 तक
04211	लोकमान्य तिलक (ट.)	16:35	सुल्तानपुर जंक्शन	23:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.06.2025 तक
05559	रक्सौल जंक्शन	05:30	उधना जंक्शन	12:35	साप्ताहिक	शनिवार	26.07.2025 तक
05560	उधना जंक्शन	15:35	रक्सौल जंक्शन	00:15		रविवार	27.07.2025 तक
04058	नई दिल्ली	19:30	सहरसा जं.	19:50	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04057	सहरसा जं.	21:40	नई दिल्ली	23:30		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04072	दिल्ली जं.	11:00	दरभंगा जं.	13:30	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04071	दरभंगा जं.	15:00	दिल्ली जं.	18:50		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04074	आनंद विहार (ट)	23:55	जोगबनी	07:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.2025 तक
04073	जोगबनी	09:30	आनंद विहार (ट)	16:00		रविवार	13.07.2025 तक
03255	पटना जंक्शन	22:20	आनंद विहार (ट)	18:35	द्वि–साप्ताहिक	रवि, गुरु	02.01.2025 से अगले आदेश तक
03256	आनंद विहार (ट)	23:30	पटना जंक्शन	18:35		सोम, शुक्र	03.01.2025 से अगले आदेश तक
05049	छपरा	10:15	अमृतसर जंक्शन	13:50	साप्ताहिक	शुक्रवार	07.02.2025 से अगले आदेश तक
05050	अमृतसर जंक्शन	17:45	छपरा	23:55		शनिवार	08.02.2025 से अगले आदेश तक
04092	नई दिल्ली	19:30	हावड़ा जंक्शन	21:40	द्वि–साप्ताहिक	बुध, शनि	19.07.2025 तक
04091	हावड़ा जंक्शन	23:50	नई दिल्ली	01:00		गुरु, रवि	20.07.2025 तक
04216	सुल्तानपुर जंक्शन	04:00	साबरमती	07:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
04215	साबरमती	08:50	सुल्तानपुर जंक्शन	11:00		शनिवार	28.06.2025 तक
09639	मदार जंक्शन	04:30	रोहतक जंक्शन	12:50	प्रतिदिन		30.06.2025 तक
09640	रोहतक जं	13:20	मदार जंक्शन	22:35			30.06.2025 तक
04504	चंडीगढ़	23:35	पटना जंक्शन	22:10	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04503	पटना जंक्शन	22:45	चंडीगढ़	23:10		शुक्रवार	11.07.2025 तक
03435	मालदा टाउन	09:30	आनंद विहार (ट.)	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.06.2025 तक
03436	आनंद विहार (ट.)	15:45	मालदा टाउन	23:30		मंगलवार	01.07.2025 तक
06597	यशवंतपुर जं	07:00	योग नगरी ऋषिकेश	10:20	साप्ताहिक	गुरुवार	03.07.2025 तक
06598	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	यशवंतपुर जं	19:45		शनिवार	05.07.2025 तक
05305	छपरा	22:00	आनंद विहार (ट)	22:10	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	17.02.2025 से अगले आदेश तक
05306	आनंद विहार (ट)	00:20	छपरा	22:50		बुध, शनि	19.02.2025 से अगले आदेश तक
05057	गोरखपुर जंक्शन	22:45	दिल्ली जंक्शन	12:50	साप्ताहिक	गुरुवार	06.02.2025 से अगले आदेश तक
05058	दिल्ली जंक्शन	14:00	गोरखपुर जंक्शन	06:25		शुक्रवार	07.02.2025 से अगले आदेश तक
01701	जबलपुर	19:40	अयोध्या कैंट	11:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
01702	अयोध्या कैंट	13:30	जबलपुर	04:15		गुरुवार	26.06.2025 तक
03309	धनबाद जंक्शन	10:10	जम्मू तवी	22:40	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शनि	28.06.2025 तक
03310	जम्मू तवी	23:30	धनबाद जंक्शन	13:00		बुध, रवि	29.06.2025 तक
02397	गया	14:15	आनंद विहार (ट)	07:10	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
02398	आनंद विहार (ट)	08:20	गया	00:30		सोमवार	30.06.2025 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार (ट)	00:30	साप्ताहिक	रविवार	27.07.2025 तक
03258	आनंद विहार (ट)	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	28.07.2025 तक
03697	गया	14:15	दिल्ली जंक्शन	07:45	सप्ताह में 6 दिन	रवि को छोड़कर	30.06.2025 तक
03698	दिल्ली जंक्शन	08:55	गया	00:30		सोम को छोड़कर	01.07.2025 तक
05577	सहरसा जंक्शन	20:00	आनंद विहार (ट)	00:30	सप्ताह में 5 दिन	गुरु, शनि को छोड़कर	30.06.2025 तक
05578	आनंद विहार (ट)	05:15	सहरसा जंक्शन	10:30		शनि, सोम को छोड़कर	02.07.2025 तक
02393	राजेंद्र नगर (ट)	19:45	नई दिल्ली	12:10	सप्ताह में 6 दिन	गुरुवार को छोड़कर	30.06.2025 तक
02394	नई दिल्ली	18:30	राजेंद्र नगर (ट)	10:00		शुक्र को छोड़कर	01.07.2025 तक
02877	रांची	23:55	नई दिल्ली	03:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
02878	नई दिल्ली	04:00	रांची	05:00		रविवार	29.06.2025 तक
05736	कटिहार जंक्शन	21:00	अमृतसर जंक्शन	09:45	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
05735	अमृतसर जंक्शन	13:25	कटिहार जंक्शन	23:45		शुक्रवार	27.06.2025 तक
09183	मुंबई सेंट्रल	22:50	वाराणसी जंक्शन	10:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
09184	वाराणसी जंक्शन	14:30	मुंबई सेंट्रल	04:20		शुक्रवार	27.06.2025 तक
03223	राजगीर	06:05	हरिद्वार जंक्शन	06:05	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
03224	हरिद्वार जंक्शन	07:20	राजगीर	07:15		शनिवार	28.06.2025 तक
03221	राजगीर	14:00	शहीद कप्तान तुषार महाजन	23:05	साप्ताहिक	सोमवार	30.06.2025 तक
03222	शहीद कप्तान तुषार महाजन	03:15	राजगीर	15:00		बुधवार	02.07.2025 तक
05742	न्यू जलपाईगुड़ी	13:40	अयोध्या कैंट	09:30	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
05741	अयोध्या कैंट	11:40	न्यू जलपाईगुड़ी	09:30		सोमवार	30.06.2025 तक
03311	धनबाद जंक्शन	23:50	चंडीगढ़	04:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	27.06.2025 तक
03312	चंडीगढ़	06:00	धनबाद जंक्शन	09:00		गुरु, रवि	29.06.2025 तक
05113	छपरा	15:45	आनंद विहार (ट.)	14:25	साप्ताहिक	बुधवार	16.07.2025 तक
05114	आनंद विहार (ट.)	16:00	छपरा	14:00		गुरुवार	17.07.2025 तक
05301	मऊ जंक्शन	04:00	अंबाला कैंट	00:30	साप्ताहिक	गुरुवार	17.07.2025 तक
05302	अम्बाला कैंट	01:40	मऊ जंक्शन	22:00		शुक्रवार	18.07.2025 तक
05193	छपरा	14:00	शहीद कप्तान तुषार महाजन	23:05	साप्ताहिक	सोमवार	14.07.2025 तक
05194	शहीद कप्तान तुषार महाजन	00:10	छपरा	08:00		बुधवार	16.07.2025 तक
07363	हुब्बल्ली जंक्शन	20:30	योग नगरी ऋषिकेश	23:30	साप्ताहिक	सोमवार	24.02.2025 से अगले आदेश तक
07364	योग नगरी ऋषिकेश	06:15	हुब्बल्ली जंक्शन	06:30		गुरुवार	27.02.2025 से अगले आदेश तक
01491	पुणे	17:30	हजरत निजामुद्दीन	18:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
01492	हजरत निजामुद्दीन	22:10	पुणे	23:55		शनिवार	28.06.2025 तक
09101	वडोदरा जंक्शन	16:45	हरिद्वार जंक्शन	14:30	साप्ताहिक	शनिवार	28.06.2025 तक
09102	हरिद्वार जंक्शन	16:45	वडोदरा जंक्शन	12:00		रविवार	29.06.2025 तक
07023	चर्लपल्ली	20:45	हजरत निजामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
07024	हजरत निजामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	06:30		मंगलवार	01.07.2025 तक
07621	हुजूर साहिब नांदेड़	08:45	हजरत निजामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.06.2025 तक
07622	हजरत निजामुद्दीन	21:40	हुजूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.06.2025 तक
09309	इंदौर जंक्शन	17:00	हजरत निजामुद्दीन	05:00	द्वि–साप्ताहिक	शुक्र, रवि	29.06.2025 तक
09310	हजरत निजामुद्दीन	08:20	इंदौर जंक्शन	21:00		शनि, सोम	30.06.2025 तक
09003	मुंबई सेंट्रल	10:30	दिल्ली जंक्शन	10:00	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	27.06.2025 तक
09004	दिल्ली जंक्शन	13:05	मुंबई सेंट्रल	13:30		बुध, शनि	28.06.2025 तक
09425	साबरमती	17:20	हरिद्वार जंक्शन	17:00	द्वि–साप्ताहिक	गुरु, रवि	29.06.2025 तक
09426	हरिद्वार जंक्शन	21:00	साबरमती	22:30		शुक्र, सोम	30.06.2025 तक
09603	उदयपुर सिटी	01:50	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	06:35	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
09604	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	10:50	उदयपुर सिटी	13:55		गुरुवार	26.06.2025 तक
01705	जबलपुर	15:45	हरिद्वार जंक्शन	13:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
01706	हरिद्वार जंक्शन	17:40	जबलपुर	17:50		गुरुवार	26.06.2025 तक
04050	नई दिल्ली	21:35	ऐशबाग	12:35	द्वि–साप्ताहिक	शुक्र, रवि	13.07.2025 तक
04049	ऐशबाग	18:45	नई दिल्ली	11:00		शनि, सोम	14.07.2025 तक
04525	सहारनपुर जं.	04:40	अम्बाला कैंट	06:45	प्रतिदिन		15.07.2025 तक
04526	अम्बाला कैंट	20:20	सहारनपुर जं.	22:30			15.07.2025 तक
04068	नई दिल्ली	14:00	भागलपुर	13:30	द्वि–साप्ताहिक	रवि, बुध	09.07.2025 तक
04067	भागलपुर	14:30	नई दिल्ली	14:30		सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04030	आनंद विहार (ट)	09:00	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शनि	08.07.2025 तक
04029	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार (ट)	03:10		बुध, रवि	09.07.2025 तक
04618	अमृतसर	20:10	सहरसा जं.	02:30	द्वि–साप्ताहिक	सोम, मंगल	08.07.2025 तक
04617	सहरसा जं.	04:40	अमृतसर	14:00		बुध, गुरु	10.07.2025 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार (ट)	10:00	साप्ताहिक	शनि	19.07.2025 तक
05220	आनंद विहार (ट)	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		रवि	20.07.2025 तक
05447	पीलीभीत जं.	12:10	शाहजहाँपुर	13:50	प्रतिदिन		30.06.2025 तक
05448	शाहजहाँपुर	14:35	पीलीभीत जं.	16:30			30.06.2025 तक
05283	मुजफ्फरपुर जं.	06:30	आनंद विहार (ट)	05:00	साप्ताहिक	शुक्र	27.06.2025 तक
05284	आनंद विहार (ट)	07:00	मुजफ्फरपुर जं.	04:50		शनि	28.06.2025 तक
04687	बनिहाल	18:40	बडगाम	20:20	सप्ताह में 6 दिन	शुक्र को छोड़कर	03.08.2025 तक
04688	बडगाम	08:35	बनिहाल	10:40			03.08.2025 तक
04606	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	21:30	गुवाहाटी	19:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.2025 तक
04605	गुवाहाटी	23:20	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	20:45		सोम	14.07.2025 तक
07077	चर्लापल्ली	05:00	देहरादून	19:20	साप्ताहिक	मंगलवार	24.06.2025 तक
07078	देहरादून	07:00	चर्लापल्ली	22:30		गुरुवार	26.06.2025 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरे पुत्र राकेश साहू व उसकी पुत्रियाँ सविता साहू, पायल साहू व एक पुत्र आदित्य साहू का व्यवहार मेरे प्रति बहुत ही खराब हो गया है, ये लोग हर तरह से मुझे प्रताड़ित व अपमानित करते हैं जिससे मुझे मानसिक पीड़ा होती है अतः मैं अपने पुत्र राकेश साहू व पौत्रियो व पौत्र से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ, अपने कृत्यों व लेनदेन के लिये वे लोग स्वंय जिम्मेदार होगें। **जगदेव प्रसाद पुत्र श्री धनीराम निवासी– 555क/495 सर्वागीण विकास इन्टर कालेज के पास, कनौसी, मानक नगर, लखनऊ,**

सूचना

सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र नत्थू निवासी ....मो0 बखरिया टोला नगर पंचायत बेलहरा थाना मो0 पुर खाला तहसील पतेहपुर जिला– बाराबंकी** । मैने अपने पुत्र शुभम के क्रिया कलापों से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उससे अब मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहा है । अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा एमए प्रथम वर्ष (एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर) वर्ष 2021, अनुक्रमांक 21801430110010 का अंकपत्र कहीं गुम हो गया है। **मुस्कान श्रीवास्तव पुत्री भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुहल्ला पूरबटोला, तहसील व जनपद बलरामपुर**

सूचना

सूचना मैने अपना नाम SALMAN KHAN से बदलकर MOHD SALMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME-MOHAMMAD YAQOOB ADD-147/13 GOIN TOLA AMINABAD DIST-LUCKNOW -226018 (U.P)

सूचना

सूचित हो कि मैं **कन्धई सुत्त स्व0 दुखी, निवासी–ग्राम व पो0–पतीपुर थाना शिवगढ़ तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर** , मेरे बेटे व बहू का चाल–चलन ठीक नहीं है उक्त दोनों पति–पत्नी मेरी सेवा सुश्रुवा दवा इलाज नहीं कराते है इसलिए मैने अपने बेटे देवी लाल सुत व बहू शोभावती पत्नी देवीलाल पुत्री सरजू प्रसाद निवासी उपरोक्त को अपने पूरे होशो हवास में अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा इनके द्वारा भविष्य में किए गये किसी भी कुकृत्य या असामाजिक कार्य से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा ।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

मानवता के उपासक व प्रखर राष्ट्रवादी थे डॉ. मुखर्जी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी, पौधरोपण करके 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक एवं प्रखर राष्ट्रवादी थे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कहा करते थे कि कोई भी राष्ट्र सिर्फ अपनी ऊर्जा के बलबूते सुरक्षित रह सकता है। देश के संसाधनों, साधनों और देश की प्रतिभा पर उनका अटूट विश्वास था। प्रदेश महामंत्री सोमवार को पटेल चौराहे के निकट स्थित एक निजी लॉन में बलिदान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश को हताशा और निराशा से बाहर निकालने का उनका विजन आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरणा देता है। देश के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की पहली औद्योगिक नीति बनाई। उन्होंने अपने विजनरी नेतृत्व से देश को लाभांवित किया। उनका मानना था यदि सरकार, शिक्षण संस्थान और औद्योगिक संगठन मिल कर काम करें तो देश जल्द ही आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकता है। वे कहा करते थे कि सरकार का पहला कर्तव्य निर्धन और घर विहीन लोगों की सेवा करना होना चाहिए। उनका मानना था कि शासन अंग्रेजों की तरह राज करने के लिए नहीं बल्कि नागरिकों के सपनों को पूरा करने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1953 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखण्ड भारत के लिए बलिदान दिया था। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, अमरीश रावत, राम कुमारी मौर्य, डॉ विवेक वर्मा, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, कौशल किशोर त्रिपाठी, सहित कड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता। अमृत विचार

पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने जिला कार्यालय पर पौधरोपण करके एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। उन्होंने जकरंडा, आंवला, केशिया का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए।

उद्यमियों की समस्याओं का जल्द होगा समाधान

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं श्रम बन्धु समिति की बैठक भी आयोजित की गई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया। बैठक में जनपद में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। डीएम ने उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने का आदेश दिया। यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इनमें फायर स्टेशन और अनावासीय भवनों का निर्माण शामिल है। साथ ही दुकानदारों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण और सड़कों के निर्माण की योजना बनाई गई। इंडस्ट्रियल एरिया माती में सड़क और जल निकासी व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। डीएम ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा की।

निर्धारित स्टॉप पर रुकें बसें : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने नगर क्षेत्र में वन-वे व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन निगम और निजी बसों के लिए स्पष्ट आदेश जारी किए। सभी बसें केवल निर्धारित बस स्टॉप से ही यात्रियों को बैठा और उतार सकेंगी। चौराहों या भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बस रोकने पर प्रतिबंध रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर वाहन मालिक और चालक पर कार्रवाई होगी। साप्ताहिक बाजारों को लेकर निर्देश दिए गए कि दुकानें सड़क की सफेद पट्टी के अंदर ही लगनी चाहिए। यातायात में बाधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पार्किंग समस्या के समाधान के लिए नगर क्षेत्र में दो से तीन स्थानों पर अस्थायी पार्किंग बनाई जाएगी।

शहर के प्रमुख मार्गों पर लटकते बिजली के तारों और सड़क पर लगे बिजली के खंभों को स्थानांतरित किया जाएगा। नाका-सतरिख चौराहे सहित कई स्थानों पर अतिक्रमण की शिकायत पर नगर पालिका और पुलिस संयुक्त अभियान चलाएगी। वेंडिंग जोन में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या के समाधान के लिए जलनिकासी की व्यवस्था की जाएगी। नगर पालिका को मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण नियंत्रण को लेकर व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि जनसुविधा के अनुसार कारगर समाधान लागू किए जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज संजय शुक्ला, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त वाणिज्य कर एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

बैठक में वन-वे व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश देते डीएम।

शहर में मॉडीफाई ई-ऑटो की भरमार, 9 पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : ई-रिक्शा के बाद अब ई आटो चालक भी ज्यादा कमाई के लिए हर तरह के जुगाड़ अपना रहे हैं। शहर में चल रहे ई रिक्शा, ई ऑटो व अन्य सवारी गाड़ियां तो क्षमता से ज्यादा सवारी ढो ही रही हैं, साथ ही हाईवे पर इनके चालकों ने अधिकाधिक सवारियां भरने के लिए जुगाड़ करते अलग से सीटें लगवा रखी हैं। सोमवार को अभियान में ऐसे 9 ई ऑटो का चालान हुआ। वहीं फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूल से जुड़ा वाहन पकड़ कर सीज किया गया है।

पहले शहर ई रिक्शा की भरमार से कराह रहा था, परिवहन विभाग के अभियान के बाद इनकी संख्या में कमी आई तो अनुमति पर शहर में चल रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने ज्यादा कमाई के लिए नया जुगाड़ तलाश लिया। किया यह कि बड़ी कंपनियों के बनाए गए ई ऑटो में अधिकतम चार से छह सवारी बिठाई जा सकती हैं, लेकिन चालकों ने तिकड़म भिड़ा कर चालक के पीछे नई सीट लगवा डाली, इस तरह चालक के अगल बगल दो व पीछे की जगह में दस से बारह सवारियों को ढोकर कमाई का रास्ता निकाल लिया गया। यही ओवरलोड ऑटो किसी हादसे में निर्दोष की मौत की वजह भी बन सकते हैं। सोमवार को यातायात विभाग ने जांच अभियान चलाया तो इसका खुलासा हुआ। लखनऊ रोड पर आलापुर के पास चले अभियान में ऐसे ही नौ ई ऑटो पकड़े गए, इनके चालकों ने जमकर सवारियां भर रखी थीं। यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने इन सभी वाहनों का चालान कर दिया। इसी बीच रोड पर चलता फिरता मोटर ट्रेनिंग स्कूल पकड़ा गया। यह स्कूल एक कार पर चलाया जा रहा था। पूछताछ में पता चला कि इस स्कूल का कहीं भी पंजीकरण नही है। इस वाहन को भी यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने सीज कर दिया। यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने बताया मॉडीफाई ई ऑटो व अन्य वाहनों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

अलग से सीट जुड़वाकर सवारी ढो रहे ई ऑटो को पकड़ते यातायात प्रभारी।

मोटर ट्रेनिंग स्कूल वाहन को सीज करते यातायात प्रभारी रामयतन यादव।

नौकरी के नाम पर युवक से ठगे दो लाख

बाराबंकी, अमृत विचार : प्राइवेट संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से दो लाख रुपये का फ्रॉड कर लिया गया। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई। साइबर सेल को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से प्राप्त सूचना में आवेदक उत्कर्ष दीक्षित निवासी थाना कोतवाली नगर ने प्राइवेट संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर 2,00,000 रुपये का फ्रॉड किए जाने का उल्लेख किया गया। संदर्भित प्रकरण में साइबर क्राइम सेल, थाना द्वारा तत्काल बैंक, मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई।

एक साथ लापता हुए तीनों बच्चे सीतापुर में देखे जाने की सूचना

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : मोहम्मदपुरखाला क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से तीन मासूम बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है। इनकी तलाश में जुटे परिजनों को सीतापुर में होने की खबर मिली।

पुलिस ने बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार ग्राम पतौजा में गत 21 जून को तीन बच्चे 8 वर्षीय सुमित कुमार पुत्र रामहर्ष वर्मा, 10 वर्षीय जिया पुत्री नेमकुमार कन्नौजिया और 5 वर्षीय अमन पुत्र नेमकुमार जामुन तोड़ने के बहाने गांव से बेहड़ा बाजार की ओर गए थे। इसके बाद से तीनों बच्चे वापस नहीं लौटे।

बच्चों की देर शाम तक घर न लौटने पर दोनों परिवारों ने मिलकर उनकी तलाश शुरू की, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में भी बच्चों की तलाश की, लेकिन तीनों कहीं नहीं मिले। इस बीच जानकारी मिली कि तीनों बच्चों को तुतुहीपुर चौराहे जनपद सीतापुर में किसी ने देखा था।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने थाने में तहरीर दी। अनीता देवी पत्नी सोनेलाल व गीता देवी पत्नी नेमकुमार द्वारा थाना पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

30 करोड़ से बनेगा हाईटेक सीएम कंपोजिट विद्यालय

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : क्षेत्र में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का निर्माण होगा। इस विद्यालय का निर्माण औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी में चार हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। इसकी लागत 30 करोड़ रुपये होगी। क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र वर्मा ने सोमवार को चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। विद्यालय में नर्सरी से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा दी जाएगी।

▸▸ नर्सरी से इंटर तक मिलेगी आधुनिक शिक्षा, 4 हेक्टेयर में बनेगा कैंपस

बता दें कि यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। वर्तमान में फतेहपुर तहसील क्षेत्र के निंदूरा ब्लॉक में केवल एक राजकीय इंटर कॉलेज है। यहां सिर्फ कक्षा 9 से इंटर तक की पढ़ाई होती है।

इससे गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए परेशानी होती है। नए विद्यालय में बच्चों को कई सुविधाएं मिलेंगी। इनमें खेल मैदान, झूले, फुटबॉल, वॉलीबॉल व बैडमिंटन कोर्ट शामिल हैं। साथ ही लैब और आधुनिक कक्षाएं भी होंगी। विधायक साकेंद्र वर्मा ने बताया कि भूमि चिन्हित कर ली गई है। सीएनडीएस विद्यालय का निर्माण करेगी। मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया चल रही है।

जगह का निरीक्षण करते विधायक साकेंद्र वर्मा। अमृत विचार

एक नजर

दो लोगों से आलाकत्ल बरामद

बाराबंकी : अमृत विचार : थाना सतरिख पुलिस टीम ने बीएनएस से संबंधित रामू, ऊधम सिंह निवासी परेठिया थाना सतरिख को परेठिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर इनके कब्जे से घटना में प्रयोग किया गया 2 डण्डा बरामद किया। थाना कोठी पुलिस टीम ने पिन्टू निवासी सादुल्लापुर थाना कोठी को सरकारी अस्पताल कोठी से गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का फट्टा बरामद किया।

चार जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी : अमृत विचार : थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे रोहित, सिराज, धर्मेन्द्र, सोनू निवासी मोहल्ला मौलवी कटरा थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़, जामातलाशी के कुल 2090 रूपये बरामद किए गए।

एक जोड़ा साथ रहने को राजी

बाराबंकी, अमृत विचार : महिला थाना प्रभारी, महिला परामर्श केंद्र की काउंसलिंग के परिणामस्वरूप एक दम्पति फिर एक साथ रहने के लिए राजी हुए। महिला थाना, महिला परामर्श केंद्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए एक प्रकरण में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें।

करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : पंखा चलाने के लिए तार लगाते समय मजदूर करंट की चपेट में आ गया। परिजन जब तक कुछ करते, मजदूर ने दम मोड़ दिया। घटना के बाद भूमिहीन मजदूर के परिजनों में रोना पिटना मच गया। जानकारी के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोडैचा निवासी तैय्यब 40 खेतिहर मजदूर था। रविवार की शाम करीब छह बजे वह पंखा चलाने के लिए विद्युत साकेट में तार लगा रहा था। इस दौरान तैय्यब का शरीर खुले रह गए तार के सम्पर्क तैय्यब में आ गया और वह तार से चिपक कर रह गया। कुछ ही देर में मौके पर ही तैय्यब की मौत हो गई। भूमिहीन मृतक मजदूरी कर पत्नी तथा दो पुत्रों सद्दाम व रेहान के साथ जीवन यापन करता था। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

दलित युवक को सगे भाइयों ने पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : नगर पंचायत टिकैतनगर अंतर्गत मोहल्ला नूरवाफ निवासी अमर सिंह गौतम ने पुरानी रंजिश को लेकर दो भाईयों पर पिटाई का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री, अध्यक्ष अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग व पुलिस अधीक्षक को भेजे गए शिकायती पत्र में अमर सिंह ने बताया कि गत 4 जून को वह देर रात खाना खाकर टहलने निकला था। उसी दौरान मोहल्ले के ही रामू शर्मा व गुरुदीन शर्मा उर्फ नन्नू पुत्र स्वर्गीय राम अवध शर्मा ने पुरानी रंजिश को लेकर जातिसूचक गाली देते हुए उसकी पिटाई कर दी। उसने किसी तरह अपने घर में घुसकर जान बचाई। लोगों के आने पर मौके के स्थिति को समझते हुए दोनों मौके से भाग गए।

सार-संक्षेप

एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों से पूंछी समस्याएं

बाराबंकी, अमृत विचार : एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों की ट्रेनिंग व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने सोमवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा आवासीय बैरकों, भोजनालय की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, व्यामशाला एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को अनुशासन, शारीरिक दक्षता, व्यवहार-कुशलता एवं जनसंपर्क के महत्व पर विशेष बल देने के निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी गईं।

प्रतिबंधित पेड़ काटने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : वन रेंज देवा अंतर्गत घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम अटहरा में अवैध रूप से वृक्ष कटान कर लकड़ी माफिया उठा ले गए। इसकी जानकारी होते ही वन विभाग ने दो लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह के अनुसार, निजी स्वामित्व की भूमि पर खड़े दो आम के कलमी वृक्ष और एक नीम के हरे-भरे वृक्ष को अवैध रूप से काटा गया तथा समस्त लकड़ी को बिना वैध अनुमति के उठा ले जाया गया। इस मामले में रमाकांत, मेराज के खिलाफ देवा रेंज द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि वन संरक्षण से संबंधित नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हादसों में वृद्ध की मौत, दो युवक गम्भीर घायल

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों की दुखद घटनाएं सामने आई हैं। एक मामले में दवा लेने जा रहे वृद्ध जगजीवन (70) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, वहीं दूसरे हादसे में आमने-सामने की बाइक भिड़ंत में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना असंद्रा क्षेत्र के नई सड़क निवासी अमित चौहान अपनी बुलेट से भिटरिया किसी कार्यवश जा रहे थे। उसी दौरान भिटरिया से अपने घर लौट रहे जरौली निवासी रोहित की बाइक से उनकी बुलेट टकरा गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को गम्भीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा दोनों को सीएचसी बनीकोडर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

श्रावण मेले के लिये सुविधाएं बढ़ाने की मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : आदि गंगा गोमती तट पर स्थित अवसानेश्वर मंदिर में श्रावण मास का मेला 14 जुलाई से शुरू होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि ने उप जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में मेले के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। इसमें पुलिस बल, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड और पेयजल की व्यवस्था शामिल है। मंदिर अध्यक्ष के अनुसार पिछले वर्षों की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रावण मास का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। मेला 4 अगस्त तक चलेगा, जो श्रावण मास का अंतिम सोमवार है। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसलिए समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करना जरूरी है।

पौधरोपण अभियान में लगाए गए विभिन्न प्रजाति के पौधे

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैदरगढ़ रेंज के चौबीसी गांव में लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 151 पौधों का रोपण किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण हैं। धरती पर जीवन के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी संजय अवस्थी, वन क्षेत्रधिकारी उमेश कनौजिया और अभय गौतम मौजूद रहे।

ब्लॉक बनीकोडर में घुटने तक भरा पानी, बंदर कर रहे तैराकी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रविवार की सुबह से सोमवार की सुबह तक हुई हल्की फुल्की बारिश ने सरकारी दफ्तरों की स्थिति उजागर कर दी है। ब्लॉक बनीकोडर परिसर में घुटने तक पानी भर गया। सोमवार सुबह जब कर्मचारी ब्लॉक पहुंचे, तो वहां का दृश्य देखकर हैरान रह गए। पानी से भरे परिसर में बंदरों का झुंड मस्ती करता दिखा। कुछ बंदर पेड़ों से कूदकर पानी में छलांग लगा रहे थे। कुछ तैराकी का आनंद ले रहे थे। इस पूरी घटना के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह स्थिति मामूली बारिश में ही सामने आई है। इससे सरकारी कार्यालय की बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का पता चलता है। जलभराव की समस्या से कर्मचारियों को कार्यालय में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्रावण मेले के लिए सुविधाएं बढ़ाने की मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : आदि गंगा गोमती तट पर स्थित अवसानेश्वर मंदिर में श्रावण मास का मेला 14 जुलाई से शुरू होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि ने उप जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में मेले के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। इसमें पुलिस बल, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड और पेयजल की व्यवस्था शामिल है। मंदिर अध्यक्ष के अनुसार पिछले वर्षों की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रावण मास का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। मेला 4 अगस्त तक चलेगा, जो श्रावण मास का अंतिम सोमवार है। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसलिए समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करना जरूरी है।

प्रतिबंधित पेड़ काटने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : वन रेंज देवा अंतर्गत घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम अटहरा में अवैध रूप से वृक्ष कटान कर लकड़ी माफिया उठा ले गए। इसकी जानकारी होते ही वन विभाग ने दो लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह के अनुसार, निजी स्वामित्व की भूमि पर खड़े दो आम के कलमी वृक्ष और एक नीम के हरे-भरे वृक्ष को अवैध रूप से काटा गया तथा समस्त लकड़ी को बिना वैध अनुमति के उठा ले जाया गया। इस मामले में रमाकांत पुत्र मनोहर निवासी ग्राम अटहरा थाना घुंघटेर, मेराज पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम बाकरपुर थाना महमूदाबाद जिला सीतापुर के खिलाफ देवा रेंज द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि वन संरक्षण से संबंधित नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वन संपदा की रक्षा हेतु सहयोग करें और किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल वन विभाग को दें।

हादसों में वृद्ध की मौत, दो युवक गम्भीर घायल

संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों की दुखद घटनाएं सामने आई हैं। एक मामले में दवा लेने जा रहे वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, वहीं दूसरे हादसे में आमने-सामने की बाइक भिड़ंत में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में रामपुर मजरे बारा गांव निवासी 70 वर्षीय जगजीवन पुत्र बेचू आज सुबह अपनी पत्नी मंगला के साथ पैदल ही त्रिवेदीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने जा रहे थे। तभी लगभग 11 बजे जहानशाह बाबा की मजार के सामने सुल्तानपुर-लखनऊ हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

लापरवाही | दशक में करोड़ों खर्च पर नहीं सुधरी तालाब की सूरत, अब तक नहीं हट सका हाईवे पर बना कूड़ाघर

चक्रतीर्थ नहीं बना पर बदसूरती में अव्वल धनोखर तालाब

योगेश शर्मा, बाराबंकी

अमृत विचार : शहर का हृदयस्थल होने व करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी धनोखर तालाब की सूरत न सुधरी। चक्रतीर्थ बनाने के नाम पर कागजों पर जुबानी जमा खर्च हुआ तो रुपया पानी की तरह बहाया गया, जमकर कमीशनबाजी का खेल हुआ, तालाब की दशा जस की तस। यहां मूर्ति लगने की बात कौन करे, अपेक्षित साफ सफाई तक नहीं हो पा रही। इसके अलावा तालाब के चारों तरफ लाइन से अवैध रूप से लोग वाहन भी खड़े करते हैं। ऐसे में अगर यहां कोई मार्निंग या ईवनिंग वॉक करने आता है, तो गाड़ीयों की कतार देखकर वापस लौट जाता है। यह दशा तब है जब करीब सवा माह पूर्व जायजा लेने पहुंचे डीएम ने तमाम निर्देश दिए थे।

धनोखर तालाब के जीर्णोद्धार का सिलसिला करीब डेढ़ दशक पूर्व शुरु हुआ। प्रस्ताव जाते रहे धन आवंटन होता रहा। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीते डेढ़ दशक में तालाब के सुंदरीकरण के नाम पर किस कदर और कितना धन खर्च किया जा चुका है। इसके बावजूद तालाब की वर्तमान हालत यह है कि यहां शाम होते ही अराजक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है, करीब ही बने एक खड्ड में पूरे दिन में सैकड़ों लोग लघुशंका करने आते हैं और तो और आस पास रहने वाली आबादी अपने घर का कूड़ा करकट तक यहां फेंकते हैं। दावे तमाम किए गए पर न यहां पर श्री कृष्ण की मूर्ति लगी और न ही फव्वारा चालू रह सका। निर्माण कार्य बदरंग हो गए, रेलिंग उखड़ कर चोरी हो गईं और तो और चारों ओर लगी लाइटें भी ठीक से नहीं जलती। जबकि इस स्थल को सीतापुर के नैमिष स्थल का रूप देने का दंभ भरा गया था। दावे करने वाले एक एक कर किनारे हो गए, अब तालाब की बदसूरत तस्वीर बची है जो इसके जीर्णोद्धार के नाम पर खेल कर गए जनप्रतिनिधियों के दावों की कलई खोल रही है। गत 10 मई को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने इस स्थल का निरीक्षण किया और तमाम निर्देश दिए पर तालाब की हालत असलियत दिखाने के लिए काफी है।

धनोखर तालाब में फैली गंदगी व चारों तरफ अवैध रूप से खड़ी गाड़ियां। अमृत विचार

डीएम के निर्देश के बाद भी अब तक नहीं हटा कूड़ाघर। अमृत विचार

नहीं हट सका हाईवे पर बना कूड़ाघर

अमृत विचार ने कुछ समय पूर्व प्रकाशित खबर में स्पष्ट किया था कि स्पोर्ट्स स्टेडियम के ठीक बाहर बनाया गया कूड़ाघर नेशनल हाईवे के नियमों के विपरीत है। तब नपाप के ईओ ने इस निर्माण को सही बताया था। डीएम शशांक त्रिपाठी की नजर इस कूड़ाघर पर पड़ी तो उन्होने अवैध निर्माण बताते हुए कूड़ाघर यहां से हटाने के निर्देश दिए। इस निर्देश को करीब सवा माह बीतने को है पर कूड़ाघर जस का तस खड़ा है। बस यहां पर कूड़ा नहीं फेंका जा रहा। डीएम के निर्देश का कितना असर होता है यह जाहिर करने के लिए धनोखर तालाब और कूड़ाघर ही काफी है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला का कहना है कि स्टेडियम से सटे कूड़ाघर में कूड़ा पड़ना बंद करवा दिया गया है। जल्द ही निर्माण वहां से हटवा दिया जाएगा। रही बात धनोखर तालाब की तो हाल ही में सफाई कराई गई है। नाला साफ करवाया गया, जल्द ही फव्वारा चालू करवाया जाएगा।

Accredited by NAAC B+
TRC LAW COLLEGE
(An Autonomous College)
Affiliated to Dr. Ram Manohar Lohia Awadh University, Ayodhya
(Approved by Bar Council of India, New Delhi)
Admission open 2025-2026
PROVIDING SUPERIOR LAWYERS FOR OUR NATION
SINCE 2007
To impart quality education to nurture the outstanding intellectual, morally conscious, and socially responsible lawyers who have excellent professionalism.
PROGRAMMES AVAILABLE SESSION 2025-26
LL.B. - 3 year
B.A. LL.B. - 5 year
LL.M. - 1 year
LL.M. - 2 year
Ph.D. (Law)
DIPLOMA PROGRAMMES
Consumer Law
Human Rights
Cyber Law
IPR
8756271333 8756317444
Website -www.trclc.org
E-mail - mdtrclc@gmail.com
www.trclc.org | trccampus | @trccollege
Vasudev Nagar, Satrikh, Barabanki - 225122 U.P.

सार-संक्षेप

नशे में धुत युवक ने युवती को पीटा दी धमकी

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : रविवार रात शराब के नशे में धुत एक युवक ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान उसने पड़ोस में रहने वाली युवती से गाली गलौज तथा अभद्रता कर उसकी पिटाई कर दी। युवती ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। नगर पंचायत के मोहल्ला नालापार दक्षिणी वार्ड 3 की रहने वाली युवती ने बताया कि रविवार रात वह बगल के हाते में जानवरों की देखभाल कर वापस लौट रही थी। इस दौरान घर के पास रहने वाला मनोज यादव (30) नशे में धुत होकर उससे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर गालियां देते हुए उसे बाल पकड़ कर मारा पीटा। युवती के शोर मचाने पर वहां पहुंचे उसके वृद्ध माता, पिता उसे घर बुला ले गए। इसके बाद भी आरोपी मनोज उसे सबक सिखाने की धमकी देता रहा। युवती के अनुसार अपराधी प्रवृत्ति का मनोज आए दिन नशे में हंगामा मचाता है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

चोरी की बाइक व स्मैक बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना मसौली पुलिस टीम ने दो दिन पूर्व चोरी की गई बाइक बरामद करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त फिरोज पुत्र मुराद अली निवासी ग्राम लौलई थाना चिनहट जनपद लखनऊ को मसौली चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चोरी की एक बाइक व 40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल 20 जून को यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मसौली के बाहर से चोरी की गई थी।

गांजा, ई-रिक्शा समेत तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी : अमृत विचार : थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित मादक पदार्थ तस्कर सिकन्दर सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह निवासी ग्राम गुलराही मजरे कतुरीखुर्द थाना बड्डूपुर को शारदा नहर पटरी ग्राम बेहड़ा से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा व एक अदद ई-रिक्शा बरामद हुआ। अभियुक्त अवैध गांजा बेचकर अपना जीवन-यापन करता है। साथ ही अवैध गांजा बेचने से प्राप्त रुपये से ई-रिक्शा खरीदा गया था। 28 मई को सिकंदर ने दो व्यक्तियों तिलकराम व सत्यवान को गांजा बेचा था, जिनको थाना बड्डूपुर पुलिस द्वारा अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

घर से एक कुंटल मेंथायल उठा ले गए चोर

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरांय दुनौली निवासी परमेश मौर्या ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात अपने परिवार के साथ रात में भोजन कर सो गए। सोमवार की भोर जब उनकी नींद खुली। तो देखा कि कमरे में रखा करीब एक कुंतल पांच किलो मेंथा ऑयल मौके से गायब था। तुरन्त ही उसने घर के अन्य सदस्यों को जगाकर घर में घटित चोरी की घटना की जानकारी दी। तत्पश्चात पीड़ित ने पीआरवी को घटना की जानकारी देते हुए थाने में मामले की लिखित शिकायत की है। वहीं पुलिस मामले में जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

पौधरोपण अभियान में लगाए गए विभिन्न प्रजाति के पौधे

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैदरगढ़ रेंज के चौबीसी गांव में लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 151 पौधों का रोपण किया गया। इनमें महोगनी, पीपल, बरगद, पाकड़,नीम, जामुन, महुआ, शीशम, इमली और कंजी प्रजाति के पौधे शामिल थे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण हैं। धरती पर जीवन के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी संजय अवस्थी, वन क्षेत्रधिकारी उमेश कनौजिया और अभय गौतम मौजूद रहे। वन दारोगा अनुज कुमार सिंह, फारेस्ट गार्ड शैलेन्द्र सिंह और सुमित यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा विधानसभा संयोजक राम विलास सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल समेत कई गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर पौधरोपण अभियान शुरू

सीतापुर, अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर वन प्रभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्यामा वाटिका की भी स्थापना की गई। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक अभिषेक व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। वन अधिकारियों ने बताया कि पीपल, नीम, अर्जुन, बेल और आम सहित 500 पौधे लगाए गए। प्रतिभागियों ने अपनी माता या मातृ-स्वरूप महिला के नाम पौधे समर्पित किए। कार्यक्रम में भाजपा, आरएसएस, वन विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं व स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। वनाधिकारी ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण और मातृत्व भावना का संगम है।

पौधरोपण करते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

वकीलों ने उपनिबंधक के खिलाफ एसडीएम को दिया ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : उपनिबंधक की कार्यशैली के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन ने एसडीएम विवेकशील यादव को ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन ने उपनिबंधक को हटाने की मांग की है। बार अध्यक्ष अनिल दीक्षित और महामंत्री सुरेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उपनिबंधक पर रजिस्ट्री से पहले अवैध सुविधा शुल्क की मांग का आरोप है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उनके साथ अमर्यादित व्यवहार किया जाता है, जबकि दलालों के काम तुरंत निपटाए जाते हैं। एक फर्जी बैनामे में उपनिबंधक की भूमिका का भी आरोप है। वकीलों का कहना है कि इस मामले की रिकॉर्डिंग मिटाकर साक्ष्य हटाए जाने की आशंका है। सितंबर 2024 में भी कार्यकारणी ने इनकी कार्यशैली की शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बांदा-बहराइच हाईवे विस्तारीकरण में आने वाली प्रतिबंधित भूमि का भी बैनामा किए जाने का मामला सामने आया है। ज्ञापन की प्रति स्टांप मंत्री, स्टांप आयुक्त, डीएम और सहायक स्टांप आयुक्त को भी भेजी गई है। एसडीएम ने ज्ञापन मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उठाए गए मुद्दों पर उपनिबंधक से बात की जाएगी। वकीलों ने चेतावनी दी है कि ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

केंद्रीय टीम ने आरोग्य मंदिर में व्यवस्थाओं को परखा

निरीक्षण करने पहुंची भारत सरकार की टीम। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकासखंड देवा के टीपहार गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सोमवार को भारत सरकार की टीम ने निरीक्षण किया। जिला क्षय अधिकारी की अध्यक्षता में टीम ने टीबी रोगियों के इलाज की प्रक्रिया का जायजा लिया। दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के नियमित फॉलोअप की व्यवस्था की जांच की गई। टीम ने देखा कि प्राथमिक स्तर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) कैसे टीबी रोगियों की पहचान कर रहे हैं। साथ ही मरीजों को समय पर इलाज और पोषण सहायता मिल रही है या नहीं, इसकी भी जानकारी ली। टीम ने टीबी मुक्त भारत अभियान में ग्राम प्रधान और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। टीपहार गांव के ग्राम प्रधान को पहले भी जिलाधिकारी सम्मानित कर चुके हैं। ग्राम प्रधान विजय यादव और सीएचओ नेहा को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान मिल चुका है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, टीपहार गांव एक मॉडल गांव बन रहा है। यहां समुदाय की सक्रिय भागीदारी से टीबी के मामलों में काफी कमी आई है।

सहायक अभियंता ने बांध व खड़ंजे के निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांची

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रहे कार्यों का सोमवार को सहायक अभियंता आयुष कुमार गर्ग ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कुसौरा और करमुल्लापुर के पास नदी किनारे का दौरा किया। सहायक अभियंता ने बांध पर कटान रोकने के लिए बनाए जा रहे ठोकर का जायजा लिया। साथ ही बांध के ऊपर लगाए जा रहे खड़ंजे के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की।

न्यूमोनिया के मरीज बढ़े, चिल्ड्रेन वार्ड फुल

जिला अस्पताल की ओपीडी रही फुल, बच्चे-बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित, ऑक्सीजन की भारी जरूरत

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : जिले में मौसम के उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। कहीं तेज धूप, कहीं हल्की बारिश ने उमस बढ़ाई है और इसके साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं।

वायरल फीवर और न्यूमोनिया से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चिल्ड्रन वार्ड में 33 बच्चे भर्ती हैं। ऑक्सीजन प्लांट से हर वार्ड को कनेक्ट न होने से छोटे सिलेंडरों से व्यवस्थाएं चलाई जा रही हैं। भीड़ और अव्यवस्था के बीच फर्श पर लेटी एक तीमारदार बच्ची ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी। जिले में लगातार बदलते मौसम ने लोगों की सेहत पर सीधा वार किया है। कहीं तेज धूप तो कहीं बूंदाबांदी, जिससे दिनभर बढ़ती उमस ने वायरल इंफेक्शन और संक्रामक बीमारियों को बढ़ावा दिया है। इसका असर जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को साफ देखा गया, जहां मरीजों की भीड़ काबू से बाहर दिखी। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टरों की टेबल तक लंबी कतारें लगी रहीं।

ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लंबी लाइन। अमृत विचार

> ज्यादातर मरीज वायरल फीवर और न्यूमोनिया से पीड़ित हैं। सभी का इलाज किया जा रहा है। ऑक्सीजन प्लांट से हर वार्ड को कनेक्शन नहीं मिला, इसलिए छोटे सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।
>
> -डॉ. इंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

बच्चों पर सबसे ज्यादा असर, न्यूमोनिया ने पकड़ा जोर : बदलते मौसम में बच्चों की सेहत सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में सोमवार को 33 बच्चे भर्ती पाए गए, जिनमें से अधिकतर को न्यूमोनिया और सांस लेने में तकलीफ थी। डॉक्टरों के अनुसार, तेज उमस और बार-बार बदलता मौसम बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

ऑक्सीजन सिलेंडरों के सहारे इलाज : अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट तो मौजूद है लेकिन उसकी सप्लाई सभी वार्डों तक नहीं पहुंची है। इस वजह से छोटे ऑक्सीजन सिलेंडरों को रिफिल कर मरीजों को राहत दी जा रही है। मेडिकल बी वार्ड के बाहर एक तीमारदार बच्ची को जमीन पर लेटे देख मरीजों की बढ़ती संख्या और प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठने लगे हैं।

फर्श पर लेटी दिखी मासूम बच्ची

सोमवार सुबह करीब 10:48 बजे जिला अस्पताल के मेडिकल बी वार्ड के बाहर एक तीमारदार बच्ची फर्श पर लेटी मिली। उमस, भीड़ और थकान से बेहाल मासूम की यह तस्वीर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत बयां कर गई। हालांकि आसपास न तो बैठने की व्यवस्था थी, न ही कोई स्वास्थ्यकर्मी नजर आया।

चिल्ड्रेन वार्ड में फर्श पर लेटी बालिका।

ताजिया व्यापार के लिए नया स्थल निर्धारित करने की मांग

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा की अगुवाई में उपजिलाधिकारी बिसवां को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिसवां नगर में हर वर्ष ताजिया मेला और अस्थायी बाजार के लिए उपयोग में लाई जा रही सकरी गलियों के स्थान पर किसी खुले और प्रशासनिक नियंत्रण योग्य स्थल की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि बिसवां ताजिया निर्माण, विक्रय व आपूर्ति का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां से लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी सहित कई जिलों में ताजिया भेजे जाते हैं। लेकिन एसजेडी इंटर कॉलेज के पास लगने वाले ताजिया मेले की वजह से नगर में यातायात, शैक्षणिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि व्यापारियों को किसी ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, जहां वे सुचारु रूप से व्यापार कर सकें और आमजन को भी राहत मिले। इस मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लहरपुर में संक्रमण को लेकर सेहत के इंतजाम

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में बुखार - खांसी, जुखाम के बढ़ रहे मरीजों के प्रकोप को देखते हुए नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जन आरोग्य समिति की बैठक में उपस्थित लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए बचाव के बारे में जानकारी दी गई। मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. शिवपूजन सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें 142 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. शिव सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वायरल फीवर के बढ़ रहे प्रकोप को लेकर जहां लोगों को विशेष साफ सफाई के लिए जागरूक किया गया। वहीं लोगों को मच्छरों से बचाव के उपाय के लिए जानकारी दी गई। जिनको जांच उपरांत दवाइयां दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग के धीरेंद्र कुमार, अर्बन कोऑर्डिनेटर सीता मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, सभासद मोहम्मद शोएब, जगदीप कुमार, आशा, एनम सहित स्वास्थ्य कर्मी व मरीज उपस्थित थे।

तीन एसडीएम का तबादला, दो की हुई तैनाती

संवाददाता, सीतापुर

तैनाती

- बिसवा के मनीष कुमार कानपुर नगर भेजे गए
- महोली व मुख्यालय के अधिकारी भी हटाए गए, अलीगढ़-रामपुर से आए अफसर

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेशभर में 127 उप जिलाधिकारियों के तबादले किए हैं। सीतापुर जनपद से तीन एसडीएम का गैर जनपद तबादला किया गया है, जबकि दो नए अधिकारियों को जिले में तैनात किया गया है। बिसवा, महोली और मुख्यालय पर तैनात एसडीएम भेजा गैर जनपद भेजा गया है। वहीं, अलीगढ़ और रामपुर से दो अधिकारियों को सीतापुर लाया गया है। शासन स्तर पर रविवार देर रात किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत सीतापुर जनपद में तीन एसडीएम के तबादले किए गए हैं। इसके साथ ही दो नए अधिकारियों की तैनाती जिले में की गई है। इस फेरबदल को सरकार की प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से देखा जा रहा है। बिसवा तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी मनीष कुमार को कानपुर नगर स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में महोली तहसील में तैनात शशिबिन्द कुमार को बस्ती भेजा गया है।

वहीं, मुख्यालय पर कार्यरत एसडीएम कुमार चंद्र बाबू का तबादला बदायूं किया गया है। तबादलों के क्रम में दो नए अफसरों की भी सीतापुर में नियुक्ति की गई है। इनमें सुभाष चंद्र को अलीगढ़ से और अवनीश कुमार को रामपुर से स्थानांतरित कर सीतापुर भेजा गया है। सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

बिसवा में तैनात हुए एसडीएम मनीष।

महोली में तैनात एसडीएम शशिबिन्द।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राही, रायबरेली

पत्रांक : 989/ख0वि0अधि0/लेखा/निविदा/2025–26 दिनांक : 23–06–2025

निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेष की ओर से विकास खण्ड राही में निर्माण कार्यो को सम्पादित कराने हेतु क्षेत्र पंचायत राही एवं जनपद रायबरेली के अन्य शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत राही द्वारा राज्य/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025–26 की कार्य योजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्यो हेतु मोहर बन्द निविदायें नियम एवं शर्तो के अधीन दिनांक: 15.07.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्तक्षरी द्वारा निविदा प्रस्तुतकर्ता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म टेण्डर डालने हेतु निर्धारित तिथि के पूर्व तक कार्यालय दिवस में विकास खण्ड कार्यालय को कैशियर से निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य नगद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर डालते समय 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि (बैंक अथवा पोस्ट आफिस की फिक्स डिपाजिट योजना के अन्तर्गत जमा) अधोहस्ताक्षरी वो नाम से बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा। कोई भी टेण्डर बिना धरोहर / जमानत धनराशि के स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा की समस्त जानकारी / शर्ते कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताएं टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

क्र0 सं0	कार्यस्थल	कार्य का नाम	योजना क्रमांक	कार्य का माप	स्वीकृत लागत प्राक्कलन के अनुसार (जी0एस0टी0 रहित)रू0 में	धरोहर धनराशि रू0 में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में
1	2	3	4	5	6	7	8
		पंचम राज्यवित्त आयोग योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम					
1.	भांव	खड़न्जा मरम्मत कार्य– भांव पक्की सड़क से सरांयदामू की तरफ।	1	1100 मी0	590666.00	11900.00	1500.00
2.	रतन्सीपुर	खड़न्जा मरम्मत कार्य– तम्बरपुर नहर पुल से राजापुर नहर पुल तक।	2	595 मी0	809753.00	16200.00	1700.00
3.	लोधवारी	मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण कार्य– लोधवारी स्थित महाबली बीरा पासी मूर्ति स्थल।	6	1 अदद्	577609.00	11600.00	1500.00
4.	मुलिहामऊ	इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण– संतलाल के घर से काली माँ के मन्दिर तक ।	8	168 मी0	839227.00	16800.00	1700.00
5.	आंटीनौगवां	इंटर लॉकिंग निर्माण–रोड से राजेन्द्र यादव के दरवाजे की तरफ।	9	138 मी0	839114.00	16800.00	1700.00
6.	गोविन्दपुर	इंटर लॉकिंग निर्माण– महेन्द्र यादव के दरवाजे से राजू के घर होते हुए रामनरेश के दरवाजे तक।	10	200 मी0	839119.00	16800.00	1700.00
7.	लोधवारी	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे राजीतारा में गगन मौर्या के घर से इंटर लाकिंग निर्माण तक।	11	175 मी0	839180.00	16800.00	1700.00
8.	रघुनाथपुर कटैली	मरम्मत कार्य– कम्पोजिट विद्यालय के कमरों एवं छत, बाउंड्री की मरम्मत, रंगाई पोताई एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	12	1 अदद्	804972.00	16100.00	1700.00
9.	कोरचन्दामऊ	इंटर लॉकिंग निर्माण– पक्की सड़क से परीदीन पासी के घर तक।	18	154 मी0	805465.00	16200.00	1700.00
10.	मोहंगवा	इंटर लॉकिंग निर्माण– अखाड़ा से महरानी चबूतरा तक।	19	150 मी0	794375.00	15900.00	1700.00
11.	रूस्तमपुर	इंटर लॉकिंग निर्माण– वासुदेव मौर्या के घर से राम बालक मौर्या के घर तक।	13	194 मी0	805471.00	16200.00	1700.00
12.	भदोखर	इंटर लॉकिंग निर्माण– सगीर के घर से इन्द्रपाल के घर के आगे तक।	16	165 मी0	805047.00	16200.00	1700.00
13.	सरायदांमू	इंटर लॉकिंग निर्माण– दशरथ के पुरवा में श्रीलाल के दरवाजे से श्याम सुन्दर के दरवाजे की तरफ।	45	195 मी0	830560.00	16700.00	1700.00
14.	खागीपुर सड़वा	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे शीवा में हीरा लाल के घर से रमणेश के घर की तरफ।	46	213 मी0	839080.00	16800.00	1100.00
15.	बिनोहरा	इंटर लॉकिंग निर्माण– बिनोहरा डामर रोड से फुलवारी गांव की तरफ।	47	215 मी0	830615.00	1670000	1700.00
16.	झकरासी	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे गड़रियन नहर पटरी रामहर्ष के घर से बदलू प्रसाद की तरफ।	50	172 मी0	805416.00	16200.00	1700.00
17.	सुलखियापुर	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे मुराईन में देवनरायन के घर से रवि प्रताप के घर की तरफ।	51	128 मी0	805468.00	16200.00	1700.00
18.	बेला खारा	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे खूनू में बेला खारा डामर रोड से खूनू का पुरवा की तरफ।	52	186 मी0	805372.00	16200.00	1700.00
19.	भदोखर	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे कुंदन में नंदलाल के घर से रामप्रताप के घर की ओर।	53	187 मी0	805483.00	16200.00	1700.00
20.	भाँव	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे मखनिया में डामर रोड से राम सहाय के घर से उमाशंकर के घर की ओर।	54	193 मी0	839312.00	16800.00	1700.00
21.	भखरवारा	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे ओरी में एक्सना डामर रोड से हरिकेश के घर से तेजभान के घर की तरफ।	55	190 मी0	805571.00	16200.00	1700.00
22.	ब्लाक परिसर राही	मरम्मत कार्य– मीटिंग हाल की मरम्मत एवं सौदर्रीयकरण का कार्य।	56	1 अदद्	736610.00	14800.00	1700.00
23.	जमालपुर	इंटर लॉकिंग निर्माण– पूरे बच्चा सिंह में शिवबक्श के घर से रामकुमार के घर तक।	26	100 मी0	451720.00	9100.00	1200.00
24.	मे0 कुचरिया	खड़न्जा मरम्मत कार्य– पुददन कुर्मी के घर से ओमप्रकाश मौर्या के घर की तरफ।	04	196 मी0	424059.00	8500.00	1100.00
25.	बेलाभेला	खड़न्जा मरम्मत कार्य–पूरे बेंद में सुरेश के घर से अमृत लाल के घर की तरफ।	03	85 मी0	423883.00	8500.00	1100.00
		15वें केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम					
1.	लोधवारी	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– स्वराज शिक्षा मन्दिर उ0प्रा0वि0 में स्थापना का कार्य।	34	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
2.	बेला भेला	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– भारत स्काउट गाइड एण्ड गाइड इण्टर कालेज में स्थापना का कार्य।	36	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
3.	रतन्सीपुर	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– सिद्धार्थ इंटर कालेज में स्थापना का कार्य।	31	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
4.	खुरहटी	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– श्रीनाथ न्यू माडल पब्लिक स्कूल गुलाबगंज में स्थापना का कार्य।	38	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
5.	बेलाखारा	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– पंतजन ग्लोबल स्कूल में स्थापना का कार्य।	39	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
6.	भांव	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– आदर्श बाल विद्या मन्दिर में स्थापना का कार्य।	42	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
7.	भदोखर	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– दयाल शिक्षा निकेतन में स्थापना का कार्य।	41	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
8.	सलीमपुर सीकी	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– आर.डी. पब्लिक स्कूल पूरे भटपुरवा में स्थापना का कार्य।	43	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
9.	लोधवारी	पेयजल की व्यवस्था– पूरें भक्तन लोधवारी स्थित पहलवान बीर बाबा मन्दिर में स्थापना का कार्य।	44	1 अदद्	106590.00	2200.00	500.00
10.	सुलखियापुर	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– लंदन किडस प्ले ग्रुप स्कूल कलसहा में स्थापना का कार्य।	45	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
11.	खागीपुर सड़वा	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– विवेकानन्द इण्टर कॉलेज में स्थापना का कार्य।	46	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
12.	लोधवारी	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– ए.वी.वी. शिशु मन्दिर निकट भरतगंज परशदेपुर रोड में स्थापना का कार्य।	58	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
13.	दरियापुर	सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी– सत्य नारायणी देवी शिक्षा निकेतन में स्थापना का कार्य।	59	1 अदद्	283997.00	5700.00	800.00
14.	मोनई	नाला निर्माण– महंगू का पुरवा नाला निर्माण सुरेश के दरवाजे से श्याम सुन्दर के दरवाजे के गड़ही तक।	30	135 मी0	779834.00	15600.00	1700.00
15.	राजापुर	नाली निर्माण– उमाशंकर के दरवाजे से बाग की तरफ।	31	400 मी0	667426.00	13400.00	1700.00
16.	परौरा	नाली निर्माण– पूरे इच्छी का पु0 देशराज पाल के दरवाजे से होते हुए रमाकांत के द0 स्थित तालाब की तरफ।	32	149 मी0	299855.00	6000.00	800.00
17.	बिनोहरा	नाली निर्माण– पूरे घूरी में राम बहादुर के घर से नहर तक नाली निर्माण।	33	230 मी0	710073.00	14300.00	1700.00
		15वें केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम					
1.	राही	इंटर लाकिंग निर्माण– इमामगंज रमेश यादव के दरवाजे से संगम नेता के दरवाजे से होते हुए माइ0 की तरफ।	22	182 मी0	805206.00	16200.00	1700.00
2.	सरॉय मुगला	इंटर लाकिंग निर्माण – आदमपुर माइनर की पुलिया से शहजादे की घर की तरफ माइनर की बांई पटरी पर।	23	196 मी0	839116.00	16800.00	1700.00
3.	सुलखियापुर	इंटर लाकिंग निर्माण – कलसहा में इण्टर लाकिंग से पासापुर की तरफ असुल के घर की तरफ।	24	201 मी0	805385.00	16200.00	1700.00
4.	सेमरा	इंटर लाकिंग निर्माण – पक्की सड़क से भोला सिंह के घर होते हुए पक्की सड़क तक।	25	167 मी0	805457.00	16200.00	1700.00
5.	बेला भेला	इंटर लाकिंग निर्माण – हनुमानगंज में मदन के घर से पूरे मकनी की ओर।	28	175 मी0	805299.00	16200.00	1700.00
6.	अकबरपुर कछवाह	इंटर लाकिंग निर्माण – इंटर लाकिंग से सूरज पाल के घर से बृजेश के घर की तरफ।	57	172 मी0	805457.00	16200.00	1700.00

खण्ड विकास अधिकारी
राही– रायबरेली

एक नजर

चोरी की योजना बनाते 6 शातिर गिरफ्तार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : लहरपुर प्रभारी विजेन्द्र सिंह व टीम ने नवीनगर कटरा में दबिश देकर 6 अंतर्जनपदीय शातिर अपराधियों जोखे, राजेन्द्र, बिजनेश, अम्बर, छोटकन और सुभाष अवस्थी को गिरफ्तार किया। इनके पास से तमंचा, कारतूस, सूतली बम, ब्लेड, कटर, 7 हजार की नकदी व सोने-चांदी के जेवर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने तम्बौर, मानपुर व खीरी क्षेत्र में कई चोरियों की बात कबूल की। सभी पर लखनऊ, खीरी, बहराइच सहित कई जिलों में संगीन मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया।

अवैध असलहे के साथ शातिर गिरफ्तार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : थानगांव थाना पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। चेकिंग के दौरान पकड़ा गया आरोपी कैलाश लोनियनपुरवा गांव का रहने वाला है। उसके पास से 12 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-B) के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।

पुलिस ने दबोचे वारंटी आठ

सीतापुर, अमृत विचार : जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने गंभीर मामलों में वांछित व वारंटी कुल आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में महमूदाबाद, संदना, कोतवाली देहात, हरगांव, नैमिषारण्य व तालगांव थानों से जुड़े आरोपी शामिल हैं। इन पर पाक्सो एक्ट, डीपी एक्ट और बीएनएस की कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सभी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा गया।

नाबालिग के अपहरण में चार के खिलाफ केस दर्ज

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली बिसवां क्षेत्र में सोमवार को दो गंभीर आपराधिक घटनाएं हुईं। जलालपुर निवासी आरिफ ने तहरीर में बताया कि मछली लेकर लौटते समय जोशी टोला चौराहे पर मोहल्ला कटरा निवासी कादिर अली और अली उर्फ पीदिन ने उसे गालियां दीं और डंडे से पिटाई कर दी। आरोपियों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में एक व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि समीर पुत्र रफीक ने नफीस, चांद और सफीक के साथ मिलकर लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने चारों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाबा जंगलीनाथ मंदिर से निकली शोभा यात्रा

सीतापुर, अमृत विचार : श्रीकाशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति की ओर से सातवीं श्री अमरनाथ दर्शन धाम यात्रा बाबा श्री अमरनाथ बर्फानी की शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नगर स्थित जंगलीनाथ दरबार से 300 शिव भक्त प्रसाद ग्रहण करके शिव शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा का नेतृत्व समिति अध्यक्ष पीयूष कांत मिश्रा करेंगे। उनके साथ डीके निषाद, संदीप शुक्ला, विमल दीक्षित, बृजेश रस्तोगी, जया सिंह, मनोज मिश्रा, भगवती प्रसाद गुप्ता, महेश गुप्ता, उदित बाजपेई आदि मौजूद रहे।

डीसीएम ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

महमूदाबाद (सीतापुर), अमृत विचार : रामकुंड-कोतवाली मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना डायमंड पिज्जा के पास उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार डीसीएम वाहन ने सामने से आ रही बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। घायल युवकों की पहचान वंश पुत्र लल्लू गुप्ता (उम्र लगभग 17 वर्ष), निवासी बेलदारी टोला और यश (20) निवासी गुड़ैचा के रूप में हुई है।

डीएम साहब! किसानों को केंद्र पर नहीं मिल रही डीएपी : शाही

कृषि मंत्री ने लखनऊ के बाद सीतापुर के सिधौली इलाके में इफको व खाद की दुकानों पर छापामारी से हड़कंप मचा, फोन पर डीएम से की बातचीत

अमृत विचार लाइव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : हेलो डीएम साहब! मैं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बोल रहा हूं। सिधौली में इफको केंद्र पर हूं, यहां बड़ी संख्या में जमा किसान कह रहे हैं कि डीएपी मिल नहीं रही और भी समस्याएं हैं, इसको जरूर दिखवाइए। संवाद के बाद कृषि मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। सवाल-जवाब के बीच मौजूद कुछ जिम्मेदार बगलें झांकते नजर आए।

सोमवार दोपहर 1:15 बजे। सिधौली हाइवे पर अचानक वाहनों का काफिला रुकता है। बाबा बीज भण्डार पर लाव लश्कर पहुंचते ही पता चलता है कि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही दुकान के रजिस्टर चेक करेंगे। मचे हड़कंप के बीच दुकान संचालक प्रकाश चंद्र कनौडिया से खाद- बीज और कुछ जरूरी दस्तावेज की जानकारी ली। फिर स्टाफ अधिकारी से कहा कि संचालक को नोटिस जारी की जाए। दुकान से निकलकर मंत्री इफको केंद्र पहुंचे। पहले गोदाम और रैक चेक की। यहीं पर कई किसान मिले, पूछने पर बताया कि डीएपी नहीं मिल रही, कई दिनों से दौड़ रहे हैं। यहां कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता। ऐसे में उन्होंने जिला कृषि मंजीत कुमार, उप निदेशक डॉ. एसके सिंह को आड़े हाथो लिया। फिर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से बातचीत की, कहा कि इफको केंद्र मौजूद हूं, बड़ी संख्या में किसान डीएपी न मिलने की बात कह रहे हैं, समस्या का निस्तारण किया जाना आवश्यक है। मौके पर एसडीएम सिधौली राखी वर्मा, कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

कृषि मंत्री की छापामारी के दौरान बाबा बीज भण्डार के बाहर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

स्टाक रजिस्टर के सहारे किसानों से संवाद करते कृषि मंत्री। अमृत विचार

इफको केंद्र सिधौली में स्टाक रैक की जांच करते कृषि मंत्री। अमृत विचार

इफको केंद्र बिसवां बेलझरिया में क्रय विक्रय रजिस्टर चेक करते कृषि मंत्री।

नीरज बीज भण्डार में खाद की सैंपलिंग

बताते हैं कि सिधौली पहुंचने के बाद कुछ शिकायतों ने इलाके में नकली खाद बेचे जाने की सूचना दी। इसी सूचना पर कृषि मंत्री कस्बा स्थित नीरज बीज भण्डार पर पहुंचे। मंत्री के निर्देश पर बीज भण्डार में रखी खाद की सैपलिंगकी गई। कई नमूने लिये गए।

एक्सपायर रैपर मिलने पर चार दुकानें सीज

संवाददाता सांडा, सीतापुर, अमृत विचार : सकरन ब्लॉक कार्यालय के निकट सांडा में कृषि मंडी सूर्य प्रताप शाही ने चार खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के निर्देश पर सीज करने की कार्रवाई की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सांडा दाऊद राइन की खाद बीज की दुकान का निरीक्षण किया। दुकान पर एक्सपायर रैपर व लाइसेंस संबंधी आवश्यक दस्तावेज न दिखा पाने के चलते दुकान को चीज कर दिया इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान अयूब खाद भंडार, न्यू अंसारी खाद्य भंडार व एग्रो केमिकल एंड प्राइवेट लिमिटेड की बंद दुकान को भी सीज करते हुए ताला डाल दिया। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी मनजीत सिंह, उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार के साथ-साथ जीएसटी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

दुकानों को सील करते कृषि विभाग के अधिकारी।

किसानों से बोले- कोई समस्या हो तो बताए

इफको केंद्र पर रजिस्टर चेक करने के दौरान कई किसानों के नंबर नदारद थे। ऐसे में इफको संचालक को मंत्री की खरी-खरी का सामना करना पड़ा। फिर उन्होंने रिकार्डों से नंबर लेकर किसान मान सिंह सहित अन्य से बातचीत की। रेट और सुविधाओं का हाल जाना।

...जब एआरओ व जिला कृषि अधिकारी का हुआ सामना

विभाग का दावा था कि उन्हें डीएपी मंगवाने के लिए कृषि अनुसंधान अधिकारी ने रैक मंगवाने के लिए कहा ही नहीं है। ऐसे में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने एआरओ को फोन लगा दिया। पूछने पर उधर से जवाब आया कि उन लोगों ने आर्डर के लिए पहले ही कह दिया था। एआरओ के जवाब पर जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार बगलें झांकते नजर आए।

> जनपद में इफको और खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण किया गया है। स्टॉक और क्रय- विक्रय रजिस्टर में जो कमियां देखी गई, उनको दुरुस्त करने के निर्देश दिये गए हैं। किसी भी किसान को उनकी इच्छा के बगैर कोई भी सामान न देने के लिए अधिकारियों को हिदायत दी गई है, धान की बुवाई को ध्यान में रखते हुए 46 हजार टन यूरिया की आपूर्ति की गई है।
> -सूर्य प्रताप शाही, कृषि मंत्री

बिसवां इफको केंद्र व ज्वारी फार्म का किया निरीक्षण

बिसवां : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही दोपहर 2:30 बजे बिसवां स्थित इफको किसान सेवा केंद्र बेलझरिया पहुंचे। यहां खाद, डीएपी, एनपीके, यूरिया के स्टॉक की जानकारी ली। विक्रय रजिस्टर देखा। जुआरी फार्म हब लिमिटेड मिस्टरगंज पहुंचकर खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। खाद की पर्चियों के सहारे मिले किसान के मोबाइल नंबरों को मिलवाकर संवाद करते हुए पूछा कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी मनजीत सिंह, एसडीएम बिसवां मनीष कुमार, कृषि वैज्ञानिक केंद्र कटिया के शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

11 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त, 4 बुलेट सीज

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार : एसपी के आदेश पर ऑपरेशन रुतबा चलाया गया। ऐसे में 11 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किये गए। 4 बुलेट सीज करने की कार्रवाई भी हुई। क्षेत्राधिकारी नगर का कहना है कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सड़क के किनारे मोटर साइकिल मैकेनिक पिछले काफी समय से वाहनों के साइलेंसर मोडिफाइड करने का कार्य करते रहे हैं। ऐसे में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने इसे गंभीरता से लिया। आते ही बैठक बुलाई और सभी थानेदारों को ये आदेश दिये कि मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहनों से आवाज निकालने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे में सिटी सर्किल से लेकर थानावार अभियान जारी है। सिटी सर्किल प्रभारी अमन सिंह ने बताया कि सर्किल क्षेत्र में 11 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किये गए। 4 बुलेट सीज हुई हैं। साथ ही, चार पहिया वाहनों पर लगाई गईं ब्लैक फिल्म हटवाकर कार्रवाई की गई। अवैध हूटर/साइरन के विरुद्ध भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

वाहन की जांच करती पुलिस।

▸▸ 21 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई

रामपुर मथुरा में होगी मॉकड्रिल

निरीक्षण

▸▸ उपजिलाधिकारी महमूदाबाद ने तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, रामपुर मथुरा (सीतापुर)

अमृत विचार : बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए रामपुर मथुरा मेला मैदान में 26 जून को एक मॉकड्रिल (आपदा पूर्वाभ्यास) का आयोजन किया जाएगा। इस मॉकड्रिल की तैयारी को लेकर एसडीएम महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्वच्छता, टीकाकरण, दवा वितरण तथा स्वास्थ्य शिविरों की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीम को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया ताकि आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। एसडीएम बालकृष्ण सिंह ने कहा कि मॉकड्रिल एक पूर्वाभ्यास है, जिसके माध्यम से बाढ़, आग, डूबने की घटनाएं जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया कैसे दी जाए, यह सिखाया जाता है। मॉकड्रिल के दौरान सायरन बजाना, ब्लैकआउट करना (लाइट बंद करना), लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना, रेस्क्यू ऑपरेशन, और प्राथमिक उपचार जैसे अभ्यास कराए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, कानूनगो बीरेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ. शिवाकांत पटेल, विनोद यादव, उपनिरीक्षक उमाकांत सविता और फायर विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते उपजिलाधिकारी महमूदाबाद।

लहरपुर में 393 मरीजों को मिली राहत की डोज

आरोग्य मेला

▸▸ लहरपुर तहसील क्षेत्र के कई केंद्रों पर शिविर के हुए आयोजन

▸▸ नव दंपतियों को दी गई परिवार नियोजन की जानकारियां

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण अंचलों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। लहरपुर तहसील क्षेत्र में इस आयोजन के तहत शिविर में बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हुए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉ अख्तर ने 87 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित कीं। उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीज बुखार व स्किन रोग के थे। आरोग्य मेले में ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 85, खैरुल्लापुर में फार्मासिस्ट द्वारा 71 मरीज, बिलरिया में डॉ. आदित्य सिंह ने 74 अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 76 मरीजों का इलाज किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि कुल 393 मरीज क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर, बिलरिया, अकैचनपुर फरीदपुर, ढखेरा व खैरुल्लापुर में देखे गए। उन्होंने बताया कि इस मौके पर नव दंपतियों को परिवार नियोजन अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

शिविर के दौरान मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देते चिकित्सक।

नकब लगाकर 2 लाख से अधिक की चोरी, केस दर्ज

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : सकरन थाना क्षेत्र स्थित सुमरावां गांव में देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए 2 लाख रुपये से अधिक मूल्य का सामान और नकदी चोरी कर ली। चोरों ने पीछे की दीवार में नकब लगाकर घर में प्रवेश किया और कीमती जेवरात, नकदी तथा घरेलू सामान लेकर फरार हो गए। वारदात सकरन थानाक्षेत्र के सुमरावां गांव में आशाराम पुत्र कन्हैयालाल के घर में घटित हुई है। चोरों ने घर के पीछे की दीवार में नकब लगाई, फिर कमरे में घुस गए, कमरे में रखे बक्से के ताले को तोड़ दिया। रखी 14 हजार की नकदी, सोने-चांदी के गहने पर हाथ साफ किया। बाद में उसी रास्ते से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने शक के आधार पर दो लोगों को नामजद करते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल की पड़ताल की जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है।

कंटेनर ने मारी रोडवेज बस को टक्कर, आठ यात्री घायल

खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर खैराबाद थाना क्षेत्र के बिनौरा पुल के पास सड़क दुर्घटना हुई। हादसे में तेज रफ्तार कंटेनर की रोडवेज बस में हुई टक्कर में बस सवार आठ यात्री घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खैराबाद थानाक्षेत्र में बिनौरा पुल के नजदीक अचानक कंटेनर का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सीधे आगे चल रही रोडवेज बस से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। तेज टक्कर में आठ यात्री घायल हो गए। मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे की खबर पाकर थानाध्यक्ष खैराबाद एके सिंह फोर्स सहित मौके पर पहुंचे। अफरा-तफरी के बीच घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां घायलों की पहचान लहरपुर निवासी आकाश राज, राजवीर, विकास और सरोज के रूप में हुई। लखीमपुर खीरी के शिवम गुप्ता सहित सहित कुल 8 घायल यात्री भर्ती कराए गए गए हैं।

प्रतियोगिता नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, विधायक ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

अनुशासन व आपसी भाईचारा बढ़ाता है खेल

लहरपुर (सीतापुर), संवाददाता

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम ककरामऊ सरैया में एक दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ सपा विधायक अनिल वर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने स्वयं बल्ला थामकर बल्लेबाजी की और मैच की शुरुआत की, जिससे उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से न सिर्फ युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास आता है, बल्कि समाज में प्यार, सौहार्द और आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। खेल शरीर के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। उद्घाटन मैच आफताब अंसारी टीम सरैया और मुशीर अंसारी टीम सरैया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आफताब अंसारी की टीम ने निर्धारित 5 ओवरों में 25 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुशीर अंसारी की टीम 18 रन ही बना सकी और मैच 7 रनों से हार गई। आफताब अंसारी की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक आफताब अंसारी सहित नवील अंसारी, मुशीर अंसारी, प्रधान जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, पूर्व प्रधान कलामुद्दीन, मनोज राही सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

मैच के दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते विधायक अनिल वर्मा। अमृत विचार

छह साल की बच्ची से अश्लीलता, केस दर्ज

मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार: एक युवक ने छह वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकत कर दी। खेलते समय आरोपी ने अन्य बच्चों को सामान लाने के बहाने भेजा और मासूम को अकेला पाकर हरकत कर डाली। शोर मचने पर आरोपी भाग निकला। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे की है। बताते हैं कि मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छह साल की बच्ची अपने मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी मोहल्ले के ही युवक संजय पुत्र शत्रोहन ने मौका पाकर बाकी बच्चों को सामान लाने के बहाने भेज दिया और मासूम को अकेला पाकर उसे रोक लिया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। कुछ ही देर में बच्चे वापस लौटे और आरोपी को मासूम के साथ गलत हरकत करते देख शोर मचा दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी भागने लगा। बच्चों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। मासूम ने घर पहुंचकर आपबीती सुनाई तो परिजन उसे लेकर कोतवाली मिश्रिख पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की दादी की तहरीर पर आरोपी संजय के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

प्रधानमंत्री को शिकायती पत्र भेज जांच की मांग

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : लहरपुर तहसील क्षेत्र के गनेशपुर नेवादा निवासी नुसरत अली ने प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायती पत्र भेजते हुए राजस्व वाद के फैसले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता नुसरत अली ने बताया कि उनके पिता का निधन वर्ष 2017 में हो गया था, जिसके बाद 2018 में उनकी माता और उनका नाम खतौनी में दर्ज हो गया था। इसके कई वर्ष बाद एक पक्ष विशेष ने वसीयत के आधार पर वाद संख्या J202410640303280 दाखिल किया और पूरी संपत्ति का दावा किया। नुसरत अली ने अपने पक्ष में शपथपत्र आदि प्रमाण प्रस्तुत किए, जिसमें बताया गया कि वसीयत संदिग्ध है और गवाहों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए पत्र में उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

27 जून को होगी जिला सैनिक बंधु बैठक

सीतापुर, अमृत विचार : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक ने बताया कि 27 जून को पूर्वाह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। इसमें भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं व सुझावों पर विचार किया जाएगा। कमाण्डर पाठक ने सभी पूर्व सैनिकों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी सैनिक 11:30 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा लें, जिससे बैठक समय से शुरू की जा सके।

विद्यार्थियों ने योग की महत्ता जानी, प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

सीतापुर, अमृत विचार : रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने योग के महत्व को समझा और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी के निर्देशन में योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग और योगाभ्यास की प्रतियोगिताओं में छात्रों ने भाग लिया। डॉ. रस्तोगी ने योगासन, उनके लाभ और सावधानियों की जानकारी दी। विद्यालय की बालिकाएं पूर्व में जिला योग प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। कार्यक्रम में कर्मचारी असीष कुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

चोरी की योजना बनाते दो शातिर चोर गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : रामकोट पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 12 हजार नकद, एक सब्बल, टॉर्च और पेचकस बरामद किया गया है। पूछताछ में दोनों ने पूर्व में रामकोट में हुई दुकान में चोरी की घटना स्वीकार की है। थाना रामकोट पुलिस ने बबुरी क्रॉसिंग के पास श्मशान घाट से हरदोई निवासी सोनू कंजड़ और रामकोट निवासी अजय प्रताप मिश्रा उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने बीती 14 मई को सरदार की दुकान में शटर तोड़कर चोरी की बात कबूली। थाना रामकोट में मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय भेजा गया है।

अनुच्छेद 370 हटाकर साकार हुआ सपना : शंकर लोधी

सीतापुर, अमृत विचार : भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा के तत्वावधान में सोमवार को संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाकर डॉ. मुखर्जी का सपना साकार हुआ है। उन्होंने एक देश, एक विधान, एक प्रधान का जो नारा दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रभक्त जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, नैमिष रत्न तिवारी, कंचन पांडे समेत कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंदिर में रचाया विवाह, मेहरून बनकर बनी मोनिका

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : महमूदाबाद कस्बे की मेहरून बानों ने ढाई साल से प्रेम संबंध में रहे युवक कन्हैया पुत्र राजकुमार से संकटा देवी मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह रचाया। विवाह के बाद युवती ने मोनिका नाम अपना लिया। परिजनों के विरोध पर थानगांव पुलिस ने दोनों के बयान न्यायालय में प्रस्तुत किए, जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें साथ रहने की अनुमति मिल गई। बजरंग दल प्रांत मंत्री कृतार्थ मिश्रा की मौजूदगी में पुरोहित सुरेश चंद्र मिश्रा ने विवाह संपन्न कराया। लड़के के परिवार ने बहू को सहर्ष स्वीकार किया। मोनिका ने कहा कि वे पति संग बहुत खुश हैं।

समरसता भोज आपस में बढ़ाते हैं भाईचारा: श्रीनारायण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : ओंकारेश्वर मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वन विहार कार्यक्रम सामूहिक भोज के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। ओंकारेश्वर मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कब्जे को लेकर बिफरा परिवार, डीएम से गुहार

सीतापुर, अमृत विचार : पैतृक जमीन पर कब्जा किये की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। आरोप है कि परिवार के विपक्षी पुलिस विभाग में कार्यरत हैं, ऐसे में वे पद का बेजा उपयोग कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया है। मामला कोतवाली देहात क्षेत्र के धनुहापुर मजरा मोहद्दीनपुर का है। कोतवाली देहात क्षेत्र के धनुहापुर मजरा मोहद्दीनपुर निवासी बरकत अली पुत्र स्व. कुन्हा के मुताबिक, उनका बड़ा परिवार है। बरकत अली का दावा है कि विपक्षी पुलिस विभाग में कार्यरत हैं और अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। पीड़ित पक्ष की मानें तो पैतृक भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस बात की शिकायत तहसील समाधान दिवस पर की जा चुकी है। कलेक्ट्रेट सभागार में शिकायती पत्र लेकर पहुंचे बरकत अली का कहना है कि तहसील दिवस पर शिकायती पत्र का निस्तारण न होने के कारण ही उनका परिवार दोबारा तहसील आया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को प्रार्थना पत्र देने आए परिवार ने कुल प्रकरण में जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी को पत्र देने आए पीड़ित।

सपा से निष्कासित विधायकों ने सोशल मीडिया पर रखी अपनी बात

संवाददाता, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए तीन विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इनमें अयोध्या गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं। तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा पार्टी सुप्रीमो ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। पार्टी से निष्कासन के बाद तीनों ही विधायकों ने सोशल मीडिया पर अपनी बात साझा की। सभी ने कहा कि समाजवादी अब न तो डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांतों पर चल रही है, न ही रामभक्तों का सम्मान करती है। आरोप लगाया कि पार्टी अब सिर्फ तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति में लिप्त हो गई है।

अभय ने सोशल साइट पर लिखा मार्मिक पत्र

अयोध्या, अमृत विचार। मैं अभय सिंह गोसाईगंज विधानसभा की देवतुल्य जनता से चुना गया जनप्रतिनिधि हूं। आज भारी मन और जागृत आत्मा से यह बात साझा कर रहा हूं...मैं जिस सपा से जुड़ा था, वह डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की विचारधारा पर आधारित थी। डॉ. लोहिया रामायण मेले का आयोजन करते थे। रामचरितमानस का सम्मान करते थे। आज वही पार्टी उन लोगों की पक्षधर बन गई जो रामचरितमानस जैसे पवित्र ग्रंथ को जलाते हैं। मैंने बार-बार माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से आग्रह किया कि जो नेता रामचरितमानस को फाड़ते और जलाते हैं, उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस तो जारी कीजिए, लेकिन पार्टी ने कोई कार्यवाही की। न ही उन्हें इस महापाप से रोका। मेरे हृदय को बड़ा आघात तब पहुंचा जब राम मंदिर निर्माण के बाद सभी सपा विधायकों के दर्शन पर रोक लगा दी गई। क्या मैं अयोध्या का बेटा होकर भी अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन न करूं? सपा ने पीडीए का नारा सिर्फ सत्ता पाने के लिए गढ़ा। एक से डेढ़ वर्ष तक कोई संवाद नहीं हुआ-और फिर अचानक पार्टी से निष्कासन कर दिया गया। आज मैं पार्टी से अलग हो रहा हूं, लेकिन मैं धर्म, अपनी संस्कृति, आत्मा और आराध्य राम के साथ अडिग खड़ा हूं।

जब साथ ही नहीं तो कैसा निष्कासनः मनोज

रायबरेली, अमृत विचार। विधायक ऊंचाहार मनोज पांडेय ने कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी में पूरी ईमानदारी से जनता के हित में काम किया है। लेकिन हमें आस्था से खिलवाड़ पसंद नहीं है। मैं एक वर्ष पहले ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुका हूं और अपने विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार के विकास के लिए लगातार मेहनत कर रहा हूं। सपा की निष्कासित किए जाने की पोस्ट के बाद मनोज पांडेय ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जवाब दिया कि निष्कासन उसका होता है जो किसी के साथ रहता है। वे पहले ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। रायबरेली नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके मनोज पाण्डेय ने समाजवादी पार्टी के टिकट से 2012 में ऊंचाहार सीट से विधानसभा चुनाव जीता था। 2017 के चुनाव में बीजेपी की लहर में भी मनोज पाण्डेय ने अपनी जीत बरकरार रखी। 2022 में भी भाजपा ने उन्हें हराने की पूरी कोशिश की लेकिन मनोज पाण्डेय ने तीसरी बार भी ऊंचाहार से जीत हासिल की थी। सपा सचेतक रहे मनोज पाण्डेय की गिनती अखिलेश यादव के करीबियों में होती थी। लेकिन पिछले साल राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा के जिन विधायकों ने भाजपा का साथ दिया था उसमें मनोज पाण्डेय भी शामिल थे।

सनातन की रक्षा गुनाह, तो मैं बागीः राकेश

अमेठी, अमृत विचार। गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सपा पर विचारधारा से भटकने और सिर्फ वोटबैंक की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा, "राम, राष्ट्र और सनातन मेरे लिए पहले हैं, पार्टी बाद में। अगर सनातन की बात करना, उसकी रक्षा करना बगावत है, तो हां, मैं बागी हूं।" उन्होंने कहा कि राम मंदिर जाकर दर्शन करना अगर अपराध है तो वह अपराध उन्हें मंजूर है। उन्होंने यह भी कहा कि सपा अब न तो लोहिया के सिद्धांतों पर चल रही है, न ही रामभक्तों का सम्मान करती है। आरोप लगाया कि पार्टी अब सिर्फ तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति में लिप्त हो गई है। राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट देने के बाद से ही राकेश प्रताप सिंह की सपा में स्थिति असहज बनी हुई थी। अंततः पार्टी ने अनुशासनहीनता के आरोप में उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ये नारा सिर्फ़ छलावा है। जिन दलित महापुरुषों के नाम पर जिले का नाम रखा गया था, उन्हीं का अपमान करके अमेठी नाम फिर से बहाल कर दिया गया।

किसानों को बायोगैस प्लांट लगाने के लिए करें प्रेरित

जिलाधिकारी ने 126 गौशालाओं की समीक्षा की

बैठक

- प्रत्येक गांव में 10-10 किसानों को चिह्नित करने को कहा

संवाददाता, अमेठी

बैठक करते गौ सेवा आयोग के सदस्य एवं डीएम व जिले के समस्त अधिकारी।

अमृत विचार। गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने जनपद भ्रमण के दौरान गौशालाओं की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों संग बैठक कर गोवंश संरक्षण और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। कान्हा गौशाला गौरीगंज के स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने हरा चारा, भूसा, पशु आहार, शेड, स्वच्छता, पानी की उपलब्धता, ईयर टैगिंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के बाद उन्होंने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक गोवंश को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए, बीमार और कमजोर गोवंशों के लिए विशेष व्यवस्था होनी चाहिए।

इसके उपरांत कलेक्ट्रेट बैठक सभा में जनपद में संचालित 126 गो आश्रय स्थलों की समीक्षा की गई, जिनमें वर्तमान में 22,109 गोवंश संरक्षित हैं। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती, गोबर-गोमूत्र के प्रयोग और बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर प्रत्येक गांव में 10-10 किसानों को चिन्हित कर बायोगैस प्लांट लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित कर उन्हें विद्यालयों से जोड़ा जाए।

बैठक में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

अब तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं

संवाददाता(शुकुल बाजार), अमेठी

- वृद्ध महिला पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला
- महिला की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

अमृत विचार। रहमतगढ़ गांव में वृद्ध महिला पर कुल्हाड़ी से किए गए हमले के मामले में पुलिस अब भी खाली हाथ है। आरोपी अब भी गिरफ्त से दूर हैं। 17 जून की रात गांव की 75 वर्षीय महिला सुंदरा अपने घर के बाहर टीन शेड के नीचे सो रही थीं, तभी उनके चचेरे देवर जगदेव ने उस पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

महिला के पति रामनिधि जब उसे बचाने दौड़े तो आरोपी ने उन पर भी वार किया। वृद्ध महिला व उसका पति महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोसियों की मदद से घायल दंपति को सीएचसी शुकुल बाजार लाया गया, जहां से सुंदरा को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां महिला की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से दो कुल्हाड़ियां बरामद कीं और सीएचसी में महिला का बयान भी दर्ज किया गया। इसके बावजूद, पुलिस ने पांच दिन बाद एफआईआर दर्ज की, आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पीड़ित के पति रामनिधि ने थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि पारिवारिक विवाद को लेकर उनके चचेरे भाई ने उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला किया।

थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही हमलावर को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उधर चर्चा यह भी है कि 20 मई को अयोध्या मंडल परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने 138 उपनिरीक्षकों का गैर जनपद स्थानांतरण आदेश जारी किया था। इसमें अभिनेष कुमार भी शामिल थे। बावजूद वे बाजार शुकुल थाना में जमे हैं।

दो पक्षों में जमकर मारपीट, चार घायल

मुसाफिरखाना अमेठी अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुरपुर काशीपुर गांव में ज़मीनी विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में कहासुनी के बाद मामला हिंसक हो गया। देखते ही देखते लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चलने लगे, जिसमें महिला और बच्चों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों मे राम प्यारे (70), रामपत (65), ललित (11) और समरजीत (27) है। मौके पर पहुंची मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिर खाना भेजवाया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। वही मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि सभी घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जगदीशपुर, अमेठी अमृत विचारः थाना क्षेत्र जगदीशपुर में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु और वाहन की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान देशराज पुत्र लल्लन निषाद, निवासी पूरे जालिम मल्लाह, मजरे मडवा, थाना जगदीशपुर, जनपद अमेठी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अदद 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।पुलिस ने अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

डोर-टू-डोर सर्वे कर क्षय रोगियों की करें पहचानः सीडीओ

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सूरज पटेल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक की।

सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व डायरिया जैसे संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां 1 जुलाई से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। बैठक में निर्देश दिए गए कि अभियान के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग, तालाबों और नालियों की साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए। सीडीओ ने निगरानी समितियों को डोर-टू-डोर सर्वे कर संभावित रोगियों की पहचान करने तथा उन्हें मेडिसिन किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही महिलाओं और कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर बल दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, एमओआईसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी का मनाया गया बलिदान दिवस

डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद अतिथि।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। सोमवार को भाजपा की ओर से डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुखर्जी जी ने कश्मीर में एक विधान एक निशान को लेकर एवं भारत की एकता अखंडता को लेकर संघर्ष किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने किया। कार्यक्रम में विधायक सलोन अशोक कोरी, पूर्व विधान परिषद सदस्य राकेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह, देवेंद्र सिंह, दलबहादुर सिंह, राजेन्द्र चतुर्वेदी, महामंत्री मारुति मिश्रा, शरद सिंह, अभिषेक वर्मा, गौरव रस्तोगी, तिलक सिंह, अनुज मौर्य, शिवेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर भाजपाइयों ने उनके चित्र माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व मण्डल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक व भारत के एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक रहे। उनका जन्म छह जुलाई 1901 कोलकाता में हुआ था व उनकी मृत्यु 23 जून 1953 श्रीनगर में हुई थी। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी व माता जोगमाया देवी मुखर्जी थी। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी माता दीन पासी, अवधेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, रामप्रकाश गौतम, राघवेंद्र सिंह, गजेंद्र तिवारी, अशोक वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, शत्रोहन लाल, विनोद कुमार, राजू आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

इमामबाड़ा निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार। डलमऊ तहसील के ऐहार गांव में पक्की सड़क की पटरी और बंजर भूमि पर संप्रदाय विशेष के द्वारा इमामबाड़ा बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बिना सरकारी अनुमति के बन रहे इमामबाड़े को रोके जाने और अवैध निर्माण को हटाए जाने के लिए डलमऊ एसडीएम फरीद अहमद सिद्दीकी को ज्ञापन सौपा है।

ग्रामीणों का कहना कि गांव में डॉ. सिद्दीकी, फारूक, हाफिज और शब्बीर के द्वारा बिना सरकारी अनुमति के इमामबाड़े का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इमामबाड़े के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में लक्ष्मी शंकर तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, चंदन त्रिवेदी, अवनीश पांडे, विकास तिवारी, उमेश सिंह, आयुष पांडे, शिवम बाजपेई, मनीष तिवारी, मदन कुमार, कपिल देव तिवारी, रिशु शुक्ला, प्रखर, आदर्श, दीपू तिवारी, मानू तिवारी, अमृत बाजपेई, शिवम त्रिवेदी आदि लोग शामिल हैं। उपरोक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने लेखपाल को मौके पर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया है।

सार-संक्षेप

मारपीट में देवर भाभी सहित तीन लोग घायल, केस दर्ज

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में देवर भाभी और एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। जिसमें एक घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़ितों के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालाखेड़ा मजरे सकतपुर निवासी शिवप्रकाश पुत्र रूपनारायण ने आरोप लगाया है कि रविवार को देर शाम मकान के बंटवारे को लेकर उसके परिवार के जगदीश पुत्र भगौती प्रसाद, बेटा जागेश्वर और अनिल पुत्र उमाशंकर गाली दे रहे थे। उसकी भाभी बाबूदेवी पत्नी प्रेमशंकर ने गाली का विरोध किया, जिससे नाराज होकर चारों लोगों ने उसकी भाभी बाबूदेवी को लाठी डंडों और लोहे के साबड़ से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर चारों लोगों ने उसे भी घायल कर दिया। भाभी बाबूदेवी को गम्भीर हालत में सीएचसी खीरों से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में अतरहर गांव निवासी प्रभा देवी पत्नी प्रमोद कुमार ने अपने पति प्रमोद कुमार पर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल करने और बीच बचाव करने पर बेटी पूनम को भी पीटने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

होटल 'संकल्प' को प्रशासन ने किया सीज

सीज करते प्रशासन के लोग।

गौरीगंज अमेठी अमृत विचार : गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल 'संकल्प' को प्रशासन ने अवैध गतिविधियों और बिना पंजीकरण के संचालन के आरोप में सीज कर दिया है। यह होटल सीओ कार्यालय के पास स्थित है और इसका संचालन कृष्णानंद पांडेय पुत्र त्रिभुवन नाथ पांडेय, निवासी वार्ड नंबर 19, रग्घूपुर द्वारा किया जा रहा था। प्रशासन की यह कार्रवाई तब हुई जब हाल ही में पुलिस ने होटल पर छापेमारी कर कई संदिग्ध जोड़ों को पकड़ा था। जांच के दौरान चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि एक नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी भी इस होटल में आना-जाना करते थे। पुलिस की पूछताछ में यह भी सामने आया कि होटल में ठहरने वालों का कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं किया गया था और न ही होटल सराय एक्ट के तहत पंजीकृत था। जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान के निर्देश पर एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी (सीओ) सहित पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही।

सरकारी संपत्ति की क्षति पर लेखपाल ने लिया एक्शन

तिलोई अमेठी अमृत विचार। मोहनगंज थानाक्षेत्र के राजस्व ग्राम नवावां में तालाब के किनारे लगे सरकारी सफेदा के 48 पेड़ काट कर उठा ले जाने पर एसडीएम के निर्देश पर हल्का लेखपाल ने मोहनगंज थाने में तीन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। राजस्व गांव के लेखपाल कुमार धीरज ने बताया है कि नवावा निवासी पुष्पेन्द्र सिंह ने एसडीएम तिलोई अमित सिंह को शिकायत पत्र देते हुए बताया था कि 15 दिन पहले राजस्व टीम द्वारा गांव के तालाब खाते में दर्ज भूमि का सीमांकन किया गया था। इसमें पता चला था कि सफेदा (यूकेलिप्टस) के 48 सरकारी पेड़ को काटकर उठा लिया गया है। राजस्व टीम ने मामले की जांच करते हुए शिकायतकर्ता व ग्रामीणों के बयान लिए। पता चला है कि सरकारी भूमि पर लगे सफेदा के पेड़ को गांव के रहने वाले मुर्तजा, मुस्तफा व इरशाद द्वारा काटकर उठाया गया है। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने मोहनगंज थाने में तीनों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कराया है। मामले में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि आरोपियों की विरुद्ध कार्यवाही की जा रहीं हैं।

वकील ने लेखपाल के खिलाफ तहसीलदार से मांगी जनसूचना

तिलोई अमेठी अमृत विचार। तहसील तिलोई के अन्तर्गत पवन कुमार शुक्ला ने जनसूचना के अन्तर्गत पूछे गए सवाल चर्चा का विषय बने हैं। उन्होंने जनसूचना अधिकारी तहसील से पूछा है कि एक लेखपाल कितने दिन तक एक ही तहसील मे रह सकता है। दूसरा सवाल तिलोई तहसील में अखण्ड प्रताप सिंह कितने साल से तहसील में कार्यरत है। तीसरा सवाल उक्त लेखपाल जमुरवा ग्राम सभा में कितने समय से कार्यरत है। चौथा सवाल अखण्ड प्रताप सिंह को एक ही क्षेत्र में कितने दिन कार्यरत रखा जा सकता है। यह जनसूचना 21 जून को मांगी गयी है। उसी दिन सोसल मीडिया पर वायरल भी कर दी गयी जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। इस संबंध में तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है जांचोंप्रांत कार्यवाही की जाएगी।

10 वर्ष से अधिक पुराने चकबंदी ग्रामों पर विशेष ध्यान दें

अमेठी अमृत विचार। चकबंदी विभाग के कार्यों में तेजी लाने और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेकर सोमवार को तहसील गौरीगंज स्थित सभागार में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त संचालक चकबंदी लखनऊ संतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में जनपद अमेठी के चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की गहन समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक ने निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम का सर्वे कार्य लंबित न रहे। कब्जा परिवर्तन का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण किया जाए तथा किसानों को मौके पर ही कब्जा दिलाया जाए। 10 वर्ष से अधिक पुराने ग्रामों पर विशेष प्राथमिकता के साथ ध्यान दिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं उप संचालक चकबंदी अनिल चतुर्वेदी, बन्दोबस्त अधिकारी केलकर सिंह, चकबंदी अधिकारी तथा सहायक चकबंदी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

छोटे वाहन वैकल्पिक मार्ग से कर रहे सफर

संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार। अमेठी-किठावर मार्ग पूरे तालुकदार का पुरवा के पास मालती नदी पर बना वैकल्पिक मार्ग शनिवार की सुबह पानी की तेज बहाव में बह गया था। रविवार को कार्यदाई संस्था ने मरम्मत कर कंक्रीट डाल कर चार पहिया वाहनों व दो पहिया वाहनों के लिए सिंगल वैकल्पिक मार्ग बना कर तैयार कर दिया था। जिस पर रविवार दोपहर से वाहनों का आवागमन चालू हो गया था। ग्रामीण सोनू सिंह, हनुमान पांडे, विकास सिंह, प्रदीप सिंह का कहना है कि इस बार वैकल्पिक मार्ग काफी पतला बनाया गया है जिससे दो चार पहिया वाहन एक साथ नहीं गुजर सकते है। साथ ही चार पहिया वाहनों के गुजरते समय बगल से मोटरसाइकिल सवार और साइकिल सवार को निकलने में समस्या होती है जिससे कभी-कभी जाम की स्थिति भी बन जाती है। अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी श्रीष कुमार मिश्रा ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग की कुछ चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। साथ ही बड़ी पुलिया डालकर वैकल्पिक मार्ग की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी जिससे बरसात में आवागमन बाधित न हो। अगर भारी बरसात में पानी वैकल्पिक मार्ग के ऊपर से बहता है तो कुछ समय के लिए रूट डायवर्जन का सहारा लिया जाएगा।

व्यवसायी महिला के साथ की छेड़खानी

संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार। संग्रामपुर के एक गांव में विधवा महिला ने किराना की दुकान खोल रखी है आरोप है कि सोमवार शाम एक युवक दुकान पर आया बीड़ी मांगने लगा जैसे ही महिला व्यवसायी बीड़ी देने लगी आरोप है युवक महिला को पकड़कर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा विरोध करने पर युवक ने महिला के साथ मारपीट की आसपास के लोगो के आने पर युवक चकमा देकर फरार हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है इंस्पेक्टर कुमार बृजेश सिंह ने बताया कि मारपीट का मामला है युवक को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।

आक्रोश कई दिनों से जमुनापुर उपकेंद्र से विद्युत वितरण व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है

विद्युत कटौती से जमुनापुर उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं का बवाल

जमुनापुर विद्युत उपकेंद्र पर हंगामा करते उपभोक्ताओं को समझाते अधिकारी।

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। चरमराई विद्युत वितरण व्यवस्था और अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना हरकत ने बिजली उपभोक्ताओं को आक्रोशित कर दिया है। रात दिन मिलाकर मात्र दो घंटे बिजली देने को लेकर सोमवार को जमुनापुर विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा काटा और अधिकारियों को खूब खरीखोटी सुनाई।

विगत कई दिनों से जमुनापुर उपकेंद्र से विद्युत वितरण व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। पूरी पूरी रात बिजली आपूर्ति बंद रहती है। कभी कटौती तो कभी लाइन में फाल्ट बताकर आपूर्ति रोक दी जाती है। हालात यह है कि ऊंचाहार के पूरे पश्चिमी भाग के करीब दो लाख उपभोक्ताओं को इतनी भी बिजली नहीं मिलती कि उनके मोबाइल फोन चार्ज हो सकें। परेशान उपभोक्ताओं के सब्र का पैमाना सोमवार को छलक गया और सोमवार सुबह करीब 11 बजे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपकेंद्र पर पहुंच गए। उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरू किया तो बिजली अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। ग्रामीणों का गुस्सा देखकर कर्मचारी उपकेंद्र से भाग गए। ग्रामीणों का कहना था कि इस समय धान की रोपाई का समय है, बिजली पूरी तरह बाधित है, ऐसे हालात में फसल की रोपाई कैसे हो। घंटों तक चले हंगामें के बाद ग्रामीणों ने अधिशाषी अभियंता को संबोधित एक पत्र सौंपा और चेतावनी दी कि अब कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिजली कटौती से नहीं हो पा रही धान की रोपाई

नसीराबाद, रायबरेली। छतोह उपखंड मे बिजली कटौती व लो वोल्टेज अन्य समस्याओं से त्रस्त सैकड़ो किसान सोमवार को छतोह पॉवर हाउस पहुंचे और उप खण्ड अधिकारी ध्रुव कुमार तथा अवर अभियंता विनोद कुमार से अपनी पीड़ा बताई। बार-बार की अघोषित बिजली कटौती और फीडर ब्रेक डाउन की बात रखते हुए उपभोक्ताओं ने कहा कि दिन में बिजली कटौती करने से धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। इसलिए रोस्टर में सुधार जरूरी है। अधिकारियों ने स्टॉफ की कमी के बावजूद अच्छी सेवा उपलब्ध कराने का वादा किया। 33 किलोवाट की फुरसतगंज लाइन ओवरलोड होने के कारण अकसर खराब होने का मुद्दा भी उठाया गया। अवर अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि रघु पुर से लाइन जुड़ने वाली है। जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। किसानो ने कुंवरमऊ की 11 केवी लाइन के दो खंभे बदलने की मांग की। पावर हाउस के सेवित क्षेत्र से, सुमित विक्रम सिंह, पंकज मिश्र, कप्तान सिंह, जितेंद्र सिंह, तरुण सविता, कर्मवीर सिंह, प्रेम चन्द मौर्य, कुलदीप आदि लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों द्वारा समस्या निराकरण का आश्वासन मिलने पर उपभोक्ता वापस चले गए।

महिला ने आपत्तिजनक मैसेज करने का लगाया आरोप

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह जून 2023 में भदोखर थाना क्षेत्र के नथुवापुर गांव निवासी विनय कुमार से हुआ था। हम दोनों के बीच अनबन होने पर दोनो तरफ के संभ्रांत व्यक्तियों व पुलिस के सामने हम लोगों का संबंध विच्छेद हो गया था। प्रार्थिनी के पिता ने उसकी दूसरी शादी अमेठी जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के नवावां में कर दी। संबंध विच्छेद के दो वर्ष बाद आरोप है कि उसके एक्स हसबैंड विनय कुमार द्वारा सोसल मीडिया के इंस्टाग्राम पर अश्लील व आपत्तिजनक मेसेज डाल रहा है। जिससे उसकी बदनामी हो रही है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संचारी रोग अभियान को लेकर अंतर विभागीय बैठक संपन्न

संग्रामपुर अमेठी

अमृत विचार। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचारी रोग नियंत्रण अभियान के द्वितीय चरण को सफल बनाने के लिए सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में अंतर विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विकास, कृषि विभाग, डब्लूएचओ के अधिकारियों ने सहभागिता दर्ज कराई और आपसी समन्वय से अभियान को प्रभावी बनाने पर सहमति जताई। जबकि बैठक में शिक्षा विभाग और खंड विकास विभाग अनुपस्थित रहा। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशवंत राय ने की। इसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी से सूर्य नारायण सिंह, कृषि विभाग से पवन शर्मा, डब्लूएचओ से मनोज द्विवेदी ने भाग लिया। बैठक में जानकारी दी गई कि क्षेत्र में एक जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार, डेंगू, मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों की पहचान कर उपचार एवं परामर्श देंगी।

पुलिस की मौजूदगी में महिला का हुआ अंतिम संस्कार

महिला की हत्या को अपने-अपने नफा नुकसान के चश्मे से देख रहे हैं राजनीतिक दल, कान्हामऊ गांव पहुंचा नेताओं का हुजूम

खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। शनिवार को खीरों क्षेत्र के गांव कान्हामऊ में दलित महिला की हत्या के बाद रविवार को शव गांव पहुंचा। गांव में तनाव के साथ सन्नाटे के कारण बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन सोमवार को घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने एक मांग पत्र जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भेजकर अपनी विभिन्न मांगे रखी और मांगे पूरी होने पर ही शव का अन्तिम संस्कार करने की शर्त रखी। जिससे राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ कई थानों का पुलिसबल भी पहुंच गया। घटना को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई और कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुशील पासी, जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी तथा बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, जिलाध्यक्ष रत्नेश चौधरी, सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, विधायक राहुल लोधी आदि नेता और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग समय में कान्हामऊ पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। साथ ही सरकार को घेरते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। सभी नेताओं ने पीड़ित परिवार को सांत्वना और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है।

मृतका माया देवी के पति मिश्रीलाल और अन्य परिजनों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक मांग पत्र प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि डीएम और एसपी पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें। पीड़ित परिवार की जानमाल की रक्षा के लिए शस्त्र का लाइसेंस दिया जाय। हत्या के सभी आरोपियों को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ एक करोड़ का मुआवजा दिया जाय। घर के पास की बुजुर्गी जमीन का पट्टा और पांच बीघे कृषि योग्य भूमि का पट्टा दिया जाय। हत्या के आरोपी के घर पर बुल्डोजर चलाकर जमींदोज किया जाय। गांव में उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को जमीन देने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम को गांव के बाहर जमीन में गड्ढा खोदकर शव को परिजनों ने दफन कर दिया। सारा दिन चले इस घटना क्रम में पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा। इस संबंध में सीओ गिरिजा शंकर त्रिपाठी और एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा दिया गया मांग पत्र उचित माध्यम से शासन को भेजा जाएगा। पीड़ित परिवार की मांगो का उचित समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

खीरों क्षेत्र के कान्हामऊ गांव में मृतका के दरवाजे लगी भीड़।

खीरों के कान्हामऊ गांव में मृतका के परिजनों से बातचीत करते बसपा नेता।

▸▸ **मृतका के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा, कृषि योग्य भूमि दिलाने की मांग**

आंदोलन व प्रदर्शन के डर से 72 घंटे से कुंडली मारे बैठी रही खीरों पुलिस

दलित महिला की हत्या के बाद खीरों क्षेत्र में किसी बड़े आंदोलन व प्रदर्शन के होने डर से लगभग 72 घंटे से मृतका के घर के परिजनों पर पुलिस की कड़ी चौकसी है। यहां पर डटी थानों की पुलिस यदि इस जिम्मेदारी का पहले अहसास कराती तो आज माया देवी जीवित होती और पूरे प्रदेश में खीरों पुलिस की थू-थू न होती। पुलिस के अनुसार छिटपुट घटनाएं कोई मायने नहीं रखती। यदि पुलिस ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेगी तो क्षेत्र में उसके लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा। गांव में हुई इस घटना के पीछे खीरों पुलिस की लचर कार्यशैली व फरियादियों को अनसुना कर थाने से लौटा देने की हकीकत कान्हामऊ गांव में हुई यह हत्या अपने आपमें जग जाहिर है। शनिवार को कान्हामऊ गांव में महिला की हत्या के बाद से सक्रिय खीरों पुलिस अपने दामन पर लगते दाग को बचाने में एडी चोटी का भी जोर लगा रही है।

कान्हामऊ गांव में मृतका के घर के सामने मौजूद पुलिस।

सरकार को घेरने मे जुटे राजनीतिक दल

महिला माया देवी की हत्या को हर राजनीतिक दल अपने-अपने राजनैतिक नफा नुकसान को देखते हुए प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरने का प्रयास कर रहा है। इस हत्या को लेकर सभी राजनैतिक दल अपनी-अपनी रोटी सेकने में लगे हुए हैं। दलित महिला की हत्या के मुद्दे को सबसे पहले बसपा ने लपका और अपने प्रदेश अध्यक्ष को भेजकर इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ाकर घेरने का प्रयास किया। वहीं प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने भी इस मुद्दे को भुनाने के लिए आज ही अपनी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल घेर कर कानून व्यवस्था के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को आंड़े हाथों लेने का प्रयास किया है। वहीं हत्या क्यों हुई इसमें किसकी शिथिलता रही, इस मुद्दे पर न किसी ने कुछ कहा और न ही इस पर ध्यान दिया। फिलहाल सभी विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे को अपने-अपने हिसाब से दलित वोट बैंक को साधने का प्रयास कर रही हैं।

महिला की हत्या के पीछे खीरों पुलिस की निष्क्रियता तो नहीं?

खीरों थाना क्षेत्र के कान्हामऊ गांव में मृत दलित महिला के दरवाजे दस्तक दे रही कई थानों की पुलिस को देखकर परिजनों को तीन दिन पूर्व खून से लथपथ पड़ी मृत मां की याद दिला रही है। जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद इतना बड़ा उपजा कि रहम दिल उस मां की हत्यारोपियों ने लाठी व सरिया से पीट-पीट कर जान ले ली थी। हालांकि इस हत्या के पीछे पुलिस को भी कम दोषी नहीं माना जा रहा है। क्योंकि मृतका की पुत्री आराधना के अनुसार जब-जब विपक्षियों से विवाद होता था वह खीरों थाने में प्रार्थना पत्र देती रही। मृतका की पुत्री आराधना द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों को भले ही खीरों पुलिस नकार दे, लेकिन उसकी इस बड़ी लापरवाही व निष्क्रियता के चलते दोनों पक्षों में बढ़े विवाद में महिला की जान चली जाना माना जा रहा है। आज जब सोमवार को जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेता कान्हामऊ गांव पहुंचे तो उन्हें देखकर न सिर्फ मां की याद दिलाती रही, बल्कि परिजन न्याय पाने की आस में फूट पड़े। मृतका के दरवाजे भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल, नेता व अन्य ग्रामीणों को देख परिजन सिसकियां भर रहे थे। फिलहाल अब तक हत्यारोपियों की गिरफ्तार न होना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

जमीनी रंजिश में सभासद पर चाकू से हमला

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। सलोन कस्बे में जमीन की रंजिश को लेकर सोमवार की सुबह दो पक्षो में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष से पिता की पिटाई होता देख बेटे ने धारदार चाकू से सभासद पर हमला कर घायल कर दिया। करीब एक घण्टे तक चले विवाद की भनक कोतवाली पुलिस को नही हुई।

सलोन कस्बे का मिया साहब का फाटक निवासी अब्दुल रब पुत्र अब्दुल वाहिद नगर पंचायत सलोन से सभासद है। उसके पड़ोस में रहने वाले रज्जब अली, करम अली पुत्र चंदू से जमीनी विवाद चल रहा है। सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे दोनों पक्षो में इसी रंजिश को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। मामले ने इतना तूल पकड़ लिया कि दोनों पक्ष हाथपाई पर उतर आए और एक दूसरे को जमीन पर गिरा-गिरा कर पीटने लगे। इस दौरान पिता रज्जब अली को मार खाता देख उसके बेटे नजफ़ अली ने चाकू से सभासद अब्दुल रब पर हमला कर घायल कर दिया। घंटों चले खूनी संघर्ष की भनक कोतवाली पुलिस को नही हुई। सभासद अब्दुल रब का कहना है कि मामला दीवानी में दायर है, जिसके बावजूद विपक्षी जमीन पर नींव खोद रहे थे जबकि दूसरे पक्ष से रज्जब अली ने बताया कि जमीन का फैसला उनके हक में हो चुका है, लेकिन विपक्षी दबंगई के बल पर कब्जा किये हैं। दोनों पक्षों ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है। कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह का कहना है कि सभासद जमीन पर कब्जा किये है। जमीनी प्रकरण में दोनों पक्षो के बीच मारपीट हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

घायल सभासद।

▸▸ **सलोन नगर पंचायत के वार्ड मिया साहब के फाटक का है मामला**

▸▸ **कोतवाली प्रभारी बोले, सभासद किए है जमीन पर कब्जा**

आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। चंदापुर थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की बीते 31 मार्च को बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। पिता तीन महीने से बेटी की तलाश कर रहे थे। खोजबीन के दौरान पता चला कि उसकी बेटी आरोपी के घर पर मौजूद मिली। थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

युवक को लाठी डंडे से पीटा, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। आम के मोलभाव को लेकर मनबढ़ दुकानदारों ने एक दलित युवक को लकड़ी के फण्टी और लाठी डंडे से जमकर पीटा है। वही घटना की सूचना थाने लेकर गए पीड़ित की एफआईआर पुलिस ने हिन्दू संगठन के दखल के बाद दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिरसिरा निवासी देवदत्त पुत्र राम हरख ने आरोप लगाया है कि उसने विपक्षी सोहिल पुत्र इजराल से तीन किलो आम खरीदा था। इसके बाद कुछ कम पैसे लेने के लिए दुकानदार से कहा था।आरोप है कि इतने में मनबढ़ दुकानदार सोहिल इजराल और नफीस निवासी रतासो ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। युवक ने बताया कि जब उसने विरोध किया तो मनबढो ने लकड़ी की फाण्टी लाठी डंडे से उसके पीठ और हाथ पैर पर जमकर मारा पीटा है।पीड़ित पक्ष ने बताया कि जब वह पुलिस के पास पहुंचा तो काफी देर तक टालमटोल करते रहे। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने हिन्दू संगठन के नेताओ से न्याय की फरियाद की है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

गांवों में बांटे गये एक्सपायरी डेट के ओआरएस पैकेट, आक्रोश

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। विकास क्षेत्र के पूरे कहारन मजरे हलोर गांव में एएनएम द्वारा ग्रामीणों को एक्सपायरी डेट का ओआरएस पैकेट बांटने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बता दें कि पूरा मामला हलोर क्षेत्र पूरे कहारन गांव का है, जहां के निवासी अंकित, मोतीलाल, राम मनोहर, दिनेश, अमित आदि ने बताया कि ऐनम प्रियंका द्वारा सरकारी ओआरएस पैकेट जो ग्रामीणों को दी गई। उसे लेकर जब अपने घर पहुंचे और बच्चे को पिलाने के लिए जैसे ही ओआरएस का पैकेट उठाया तो उनकी नजर पैकेट पर छपी तारीख पर पड़ गई। छपी तारीख पर नजर पड़ते ही ग्रामीणों के होश उड़ गऐ। जब ग्रामीणों ने देखा तो उसकी डेट एक्सपायर है। वह फ़रवरी 2023 में बनी और जनवरी 2025 में एक्सपायर है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग उनसे मजाक कर रहा है और खानापूर्ति करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक्सपायर ओआरएस भेजा है। अगर एक्सपायर ओआरएस पिलाई गई तो लेने की देने पड़ सकते है। अधीक्षक डॉ. प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कराई जाएगी।

ओआरएस पैकेट पर अंकित एक्सपायरी डेट।

डीएम ने की जिला पोषण समिति की बैठक

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 18 मानको पर कायाकल्प चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों, कार्यालय सहगोदाम निर्माण, बाल मैत्री शौचालय, भवनों की मरम्मत, पोषण वाटिका, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वॉल पेंटिंग, पेयजल, पोषण ट्रैकर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, सैम बच्चों के लिए पोषण आहार उपलब्ध कराने के विषय पर डीएम हर्षिता माथुर ने विस्तृत समीक्षा की।

डीएम ने प्रगति ठीक नहीं मिलने पर सीडीपीओ संग बीडीओ को भी कड़ी फटकार लगाई। सख्त निर्देश दिया की सयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि कार्य पूर्ण क्यों नहीं हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह को कार्य संतोषजनक ना होने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत भी अगर कार्य में सुधार नहीं होता है तो इससे भी बड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिमाह पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत बच्चों का वजन एवं लम्बाई दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा समस्त केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों को पोषाहार नियमानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिया कि माइक्रो प्लान बना कर कार्य करें। बैठक में सीडीओ अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह, सभी खण्ड विकास अधिकारी सहित सीडीपीओ उपस्थित रहें।

जिला पोषण समिति की बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर, मौजूद अन्य अधिकारी।

▸▸ **प्रगति संतोषजनक न होने पर डीपीओ को फटकार, रोका वेतन**

अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो घायल

जगतपुर, रायबरेली। अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। सोमवार को लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर पूरे छीटू सिंह के पास दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें नरेंद्र यादव पुत्र सरजू प्रसाद निवाड़ी टेकारी दांदू घायल हो गए। घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना जगतपुर थाना क्षेत्र के बिंदागंज नहर पुल के पास दो बाइको में टक्कर हो गई। जिसमें शुभम निवासी बाबा का नदौरा थाना ऊंचाहार घायल हो गए। घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल अवस्था में आए थे। जिसमें नरेंद्र की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय भेजा गया।

सर्राफ की दुकान से लाखों के आभूषण व हजारों की नकदी चोरी

संवाददाता, अटौरा, रायबरेली.

अमृत विचार। चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि उनको पुलिस का कतई खौफ नहीं रहा। इसलिए चोरों ने अटौरा पुलिस चौकी व महराजगंज में बछरावां रोड पर महिला अस्पताल के पास स्थित बहु-उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति अतरेहटा सहित बगल के एक घर को अपना निशाना बना डाला। क्षेत्रों में बढ़ रही चोरी की वारदातों ने पुलिस को कटघरे में लाकर घड़ा कर दिया है। चोरों के आतंक से न सिर्फ गांव व कस्बो में लोगों की नींद उड़ी हुई है, बल्कि निष्क्रिय अटौरा चौकी व महराजगंज पुलिस भी मदमस्त चाल में नजर आ रही है। ऐसी वारदातों को लेकर लोग पुलिस पर तंज कसने लगे हैं।

रविवार की रात गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी से महज कुछ दूरी पर ग्रामीण बैंक के निकट अज्ञात चोरों ने एक सर्राफ की दुकान को निशाना बनाकर करीब 12 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पार कर दी। इस वारदात के बाद से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

अटौरा चौकी के अटौरा ग्रामीण बैंक के निकट चन्दई रघुनाथपुर गांव निवासी महेन्द्र प्रताप की 'ओम् ज्वैलर्स' नाम से सर्राफ की दुकान है। रविवार की शाम करीब सात बजे महेन्द्र अपनी दुकान बन्द करके घर गये। सोमवार की सुबह करीब छह बजे बैंक के सफाईकर्मी रमेश कुमार ने महेन्द्र को फोन पर सूचना दी कि उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे महेन्द्र को दुकान का शटर टूटा और अन्दर से आभूषणों की आलमारी गायब मिली। खोजबीन करने पर दुकान से करीब 200 मीटर दूर खेतों में टूटी पड़ी आलमारी तो मिली लेकिन उसके अन्दर रखे करीब चार किलो चांदी और 70 ग्राम सोने के आभूषणों के साथ ही 42 हजार छह सौ रुपये की नकदी गायब थी। महेन्द्र ने घटना की सूचना अटौरा चौकी इंचार्ज को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन करने में जुट गई। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

चोरी के बाद टूटी पड़ी आलमारी।

सर्राफ की दुकान में फैला सामान।

चोरों को पकड़ने में महराजगंज पुलिस नाकाम

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। चोरों के बढ़ते हिम्मती हाथों को पकड़ पाने में महराजगंज पुलिस नाकाम है। रविवार की रात को चोरों ने बछरावां रोड पर महिला अस्पताल के पास स्थित बहु-उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति अतरेहटा सहित बगल के एक घर में वारदात को अंजाम दिया। क्षेत्र में बढ़ रही ऐसी वारदातों ने पुलिस की पोल खोल दी है। इसकी जानकारी होने पर सचिव संतोष मौर्य ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। सचिव संतोष मौर्य सोमवार को बहु-उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति अतरेहटा पहुंचा तो समिति का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। सचिव के अनुसार समिति से कुछ गायब नहीं हुआ है। वही समिति के बगल स्थित रामा सिंह पत्नी राम लखन सिंह के घर में चोरों ने सेंध काट दी। यहां भी सिर्फ दो हजार रुपए और कुछ बर्तन चोरों के हाथ लगे हैं। रामा सिंह ने बताया कि कपड़ों के बक्शे घर से थोड़ी दूर समिति के परिसर के अंदर बिखरे पड़े मिले। इस संबंध में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जल्द ही चोरी की घटनाओं का अनावरण किया जाएगा।

चोरी के बाद वारदात की जांच पड़ताल करने पहुंची पुलिस।

सार-संक्षेप

प्रदेश मंत्री बनाए गए राकेश त्रिवेदी

कार्यक्रम में राकेश त्रिवेदी को मनोनयन पत्र देते अतिथि। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय द्वारा सरेनी विधानसभा क्षेत्र के धूरेमऊ गांव के रहने वाले राकेश त्रिवेदी को प्रदेश मंत्री पद पर नियुक्त किया गया। इस मनोनयन पर समस्त विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। वही राकेश त्रिवेदी ने कहा कि संगठन के हित के लिए सदैव बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता रहूंगा एवं सनातन धर्म की मजबूती एवं हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए तन मन धन से समर्पित होकर अपने साथियों के साथ कार्य करता रहूंगा। इस दौरान शशिकांत त्रिवेदी, सचिन आदि ने उन्हें बधाई दी है।

संजय उपाध्याय बने प्रदेश अध्यक्ष

रायबरेली, अमृत विचार। सोमवार को जिला मैहर में भारतीय जन मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अधिवशन में उत्तर प्रदेश के रायबरेली से संजय उपाध्याय को प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसके त्रिपाठी ने संजय उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा है कि आगामी चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभा से प्रत्याशियों को उतरा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बरगद चौराहे पर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ उनके सचिव कृष्ण कुमार शास्त्री और श्याम लाल यादव, पार्टी के लीगल सलाहकार एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, आशीष उपाध्याय आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अधिवशन में संजय उपाध्याय को मनोनयन पत्र देते अतिथि।

डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर की बैठक

रायबरेली, अमृत विचार। बचत भवन स्थित कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक की। डीएमओ रमेशचंद्र यादव ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए पशु पालन, पंचायती राज, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग विशेष प्रयास करके अभियान को सफल बनाये। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाए। जिसके तहत लगातार जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जाए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंपलेट, पोस्टर, बैनर एवं माइक के जरिए भी अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा, स्वास्थ्य विभाग से डीएस अस्थाना के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों का उपस्थित रहे।

ईरान से ऊंचाहार लौटी छात्रा ने सरकार का जताया आभार

ऊंचाहार, रायबरेली। ईरान और इजरायल के बीच युद्ध में फंसे भारतीय सुरक्षित अपने वतन लौट रहे हैं। ऊंचाहार नगर के भीतरी गांव मोहल्ला निवासी डॉ अजहर अब्बास नकवी की बेटी व मेडिकल छात्रा नाबिया नकवी ईरान से रविवार को अपने घर लौटी तो परिजनों को देखकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने भारत और ईरान सरकार का आभार जताया तथा वहां की दास्तां सुनाई। वहां के हालात के बारे में मेडिकल छात्रा ने बताया कि जहां वो लोग थे, वहां कोई दिक्कत नहीं थी किंतु युद्ध के हालात में एक भय जरूर दिल दिमाग में था। इधर परिवार के लोग अलग परेशान थे। नाबिया ने पूरे विश्व से अपील की है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, इससे विनाश होता है, आम लोगों पर इसका असर पड़ता है।

दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से भगाया, जांच शुरू

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव हरदी निवासी एक नवविवाहिता को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर दहेजलोभी ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हरदी गांव निवासी पूजा पुत्री कालीप्रसाद ने आरोप लगाया है कि उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव संदाना निवासी संदीप पुत्र राजू के साथ विगत तीन मार्च को शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति संदीप, सास फूलमती, देवर कुलदीप, बहनोई देवीदीन और श्याम उर्फ श्यामू अतिरिक्त दहेज के रूप में सोने की चेन, सोने की अंगूठी, अपाचे बाइक और दस लाख रुपए नकद की मांग कर आए दिन उसे गाली-गलौज और मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। इसी सिलसिले में विगत 13 जून को सभी लोगों ने यह कहते हुए मारपीट कर धक्के मारकर घर से भगा दिया कि उक्त अतिरिक्त दहेज पूरा किए बिना घर वापस आने पर जान से मार देंगे। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

न्याय के लिए इधर-उधर भटक रही पीड़िता

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। प्रेमी ने प्रेमिका के साथ बड़ा अजीबोगरीब खेल खेला है। उसके परिजन शादी के लिए राजी नहीं थे तो प्रेमिका की अपनी रिश्तेदार के साथ एक माह के लिए शादी करा दी। फिर तलाक करवाया। प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंची तो प्रेमी के पिता ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली परेशान पीड़िता एक माह से पुलिस के चक्कर लगा रही है, किंतु उसे इंसाफ नहीं मिल रहा है। उसका कहना है कि उसके मायके वाले भी अब उससे संबंध तोड़ चुके हैं, ऐसी दशा में उसका कोई सहारा नहीं है। वह इधर-उधर इंसाफ के लिए भटक रही है। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है, मामले का पता लगाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

सफाई कर्मी की पत्नी को पीटा, हालत गंभीर

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। सहन में बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर खजूर गांव में मारपीट की घटना हुई है। घटना में सफाई कर्मचारी बिंदा दीन धानुक की पत्नी माया धानुक को गंभीर चोट आई है। महिला ने लालगंज थाने में मारपीट करने वाले जितेंद्र, राहुल और रोहित पुत्रगण रामविलास धानुक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करायाहै। घायल महिला ने पुलिस को बताया कि विपक्षीगण उसके दरवाजे पर आए दिन बाइक खड़ी कर देते हैं। आज जब बाइक खड़ा करके जाने लगे तो मना करने पर गाली गलौज करने लगे और लाठी डंडे सरिया से हमला बोलदिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि घायल महिला का मेडिकल कराकर आरोपी गणों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जारही है।

घायल महिला।

बाइकों की सीधी टक्कर से महिला की मौत

राही, रायबरेली, अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के डलमऊ-रायबरेली मार्ग पर सुलखियापुर के निकट दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में महिला समेत बेटी घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए एम्स ले जाया गया, जहां महिला की मौत हो गई। वहीं बेटी का इलाज चल रहा है। रविवार देर रात राजू अपनी पत्नी राखी व बेटी संग किसी काम से डलमऊ की ओर जा रहे थे जैसे ही वह सुलखियापुर गांव के पास पहुंचे तभी कि तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिससे राखी (30) पुत्री अनामिका निवासी पूरे मियां गंभीर रूप से चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को एम्स भेजा, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटी का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

खड़े ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार घायल, रेफर

अमावां, रायबरेली, अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर रविवार की रात सड़क पर खड़े एक ट्रैक्टर से बाइक सवार बिजली कर्मी टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मिल एरिया थाना क्षेत्र के सिधौना गांव का निवासी कृष्ण कुमार पुत्र मंगरे बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत है। रविवार की रात नौ बजे बिजली की लाइन की मरम्मत के लिए स्थानीय चौराहे की ओर जा रहा था, तभी सड़क पर खड़े एक ट्रैक्टर से टकराकर कृष्ण कुमार (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कृष्ण कुमार को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने कृष्ण कुमार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

संपादकीय

अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुईं। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का

स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह

> राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

प्रसंगवश

वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल और माली शामिल है। यह सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।

> शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

प्रकाश प्रदूषणः अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।

हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह

डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

> प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।

देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।

कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

सोशल फोरम

जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

क्या होता है लिखने या बोलने से

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से

हफीज किदवई
लेखक

> हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। ज़ुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

एक नजर

नशा समाज के लिए कैंसर इससे रहें दूर : बीडीओ

हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड सभागार सुरसा में खण्ड विकास अधिकारी कविता अवस्थी की अध्यक्षता में मद्य निषेध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि नशा समाज के लिए कैंसर है और नशे से हर युवा को दूर रहना चाहिए तथा अन्य लोगों को भी नशा न करने की हिदायत दें। गोष्ठी में प्रयास भजन एण्ड पार्टी के मो. हनीफ एवं उनके कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी बीडीओ सहित सभी मौजूद लोगों ने प्रशंसा की।

बैठक में ग्राम रोजगार सेवकों के मुद्दों पर हुई चर्चा

हरदोई, अमृत विचार। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला सचिव के पी कुशवाहा ने बताया कि रविवार को ग्राम रोजगार से की प्रांतीय बैठक लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह, जिला अध्यक्ष इमरान सिद्दीकी, सुरेश कुमार ने भाग लिया। संगठन में ग्राम रोजगार सेवकों के मुद्दे पर चर्चा हुई।

एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 24 को

हरदोई, अमृत विचार। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशानुसार जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय में 24 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन प्रात: 10 बजे से किया जायेगा।

दबंगों ने युवक को पीटा

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला सैय्यदवाडा में कूड़ा डालने के विवाद में दबंगों ने एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित निजाम अंसारी (32) ने बताया कि वह कूड़ा डाल रहे थे। इस दौरान मोहल्ले के कुछ लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर दबंगों लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित खून से लथपत होकर कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित निजाम का को तत्काल सीएचसी में डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। निजाम ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

अमरनाथ यात्रा के लिए ट्रेनें हुईं फुल, कोचों में हुआ नो रूम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हो रही है जो 9 अगस्त तक चलेगी। इसके लिए 14 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए थे। अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू तवी जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में यात्रियों को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं हो रही है। स्लीपर से लेकर एसी तक रेल यात्रियों को लगभग एक महीने तक वेटिंग टिकट तक उपलब्ध नहीं है कन्फर्म बर्थ तो दूर की बात है। ऐसे में हरदोई से जम्मू-तवी जाने वाले रेल यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हरदोई से होकर तीन जोड़ी ट्रेन जम्मूतवी के लिए संचालित होती है जिसमें से एक ट्रेन प्रतिदिन जबकि दो ट्रेन सप्ताह में दो से तीन दिन के लिए संचालित की जाती हैं। इन सभी ट्रेनों में रेल यात्रियों को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं हो रही है।रेल प्रशासन द्वारा अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक किसी भी स्पेशल ट्रेन को नहीं चलाया गया है जिससे कि रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिल सके। रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि हरदोई से होकर जम्मूतवी के लिए स्पेशल ट्रेन संचालित की जाए। स्पेशल ट्रेन को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए जिससे कि अमरनाथ यात्री अपनी यात्रा को सकुशल पूर्ण कर सकें।

इन ट्रेनों में यात्रियों को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं

हरदोई। जिले से होकर जाने वाली 15651 गुवाहाटी जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस हरदोई रेलवे स्टेशन पर सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को रात 9:17 पर पहुंचती है इस ट्रेन में 1 जुलाई से 29 जुलाई तक स्लीपर में रेल यात्रियों को वेटिंग टिकट तक उपलब्ध नहीं है यही हाल थर्ड एसी का भी है जहां रेल यात्रियों को 1 जुलाई से 29 जुलाई तक वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। लोहित एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को सेकंड एसी में भी 1 से 15 जुलाई तक वेटिंग उपलब्ध नहीं है। हरदोई से होकर प्रतिदिन जाने वाली कोलकाता से चलकर जम्मू जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 1 जुलाई से 24 जुलाई तक व 26, 28, 30 जुलाई को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। रेल यात्रियों को सियालदह एक्सप्रेस में स्लीपर में 25, 27, 29 जुलाई को 3 से 10 वेटिंग मिल रही है। सियालदह एक्सप्रेस के थर्ड एसी इकोनॉमी में रेल यात्रियों को 1 जुलाई से 7 जुलाई 9 जुलाई 10 जुलाई 12 जुलाई 13 जुलाई तक वेटिंग उपलब्ध नहीं है। थर्ड एसी में रेल यात्रियों को 1 जुलाई से 13 जुलाई 15 जुलाई 16 जुलाई 17 जुलाई 18 जुलाई तक वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। कानपुर से चलकर जम्मूतवी जाने वाली 12469 कानपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस सप्ताह में बुधवार और शुक्रवार को संचालित होती है।इस ट्रेन में रेल यात्रियों को स्लीपर में 2 जुलाई से 18 जुलाई तक वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। थर्ड एसी इकोनॉमी में भी 2 जुलाई से लेकर 11 जुलाई व 18 जुलाई को वेटिंग टिकट तक उपलब्ध नहीं है।थर्ड एसी में रेल यात्रियों को 2 जुलाई से 18 जुलाई तक कोई भी वेटिंग उपलब्ध नहीं है। यहां तक रेल यात्रियों को कानपुर जम्मू तवी में लगने वाले फर्स्ट एसी कोच में भी 2 जुलाई से 18 जुलाई तक वेटिंग टिकट उपलब्ध नहीं है। हालांकि गनीमत इतनी है की यात्रियों को अभी जम्मूतवी से हरदोई आने के लिए 13152 जम्मू तवी कोलकाता सियालदह एक्सप्रेस में आरएसी बर्थ उपलब्ध है।15652 जम्मूतवी गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को वेटिंग टिकट मिल रही है जबकि जम्मू तवी से चलकर कानपुर जाने वाली 12470 में रेल यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध है।

अवैध क्लिनिक पर छापा, मरीजों को भर्ती कर झोलाछाप कर रहा था इलाज

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। जिले में झोलाछाप द्वारा लगातार मरीजों से इलाज के नाम पर धन उगाही व उनकी जान से खिलवाड़ करने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को एक अवैध क्लिनिक पर छापा मारा। गौसगंज रोड स्थित बालामऊ क्लिनिक में तीन मरीज भर्ती मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखते ही क्लिनिक का डॉक्टर मौके से फरार हो गया। क्लिनिक में मिले मरीजों में बेलवार निवासी नाथूनी बुखार के लिए इलाज करा रहे थे। बबुरहा के मैकूलाल को पेट की समस्या थी। तीसरे मरीज इस्लामनगर निवासी सोमनाथ का लखनऊ में ऑपरेशन के बाद यहां इलाज चल रहा था। नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में तीनों मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना भेजा गया। क्लिनिक में काम कर रही स्टाफ नीलम को कानूनी नोटिस देकर क्लिनिक को सील कर दिया गया। डॉ. श्री सिंह ने कहा कि झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में कई अवैध क्लिनिक चल रहे हैं, जिनकी वजह से मरीजों की जान को खतरा है।

आरोपी मौके से फरार, भर्ती मरीजों को अस्पताल भेजा गया

विभागों की ग्रेडिंग नहीं सुधरी तो होगी कठोर कार्रवाई

डीएम ने की सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक, लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को दी चेतावनी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड राजस्व एवं कर करेत्तर से सम्बन्धित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागो की ग्रेडिंग नहीं सुधरी तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा राजस्व से सम्बन्धित विभागों उद्योग, खनन, खाद्य, बिजली विभाग, मण्डी आबकारी आदि विभागों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से प्रत्येक बिन्दु पर गहन समीक्षा की गयी। गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के उपरान्त समय अन्तर्गत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी राजस्व से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये कि इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लम्बित वादों के निस्तारण मे तेजी लायी जाये।

उन्होंने तहसीलवार पुराने वादों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि वादों के निस्तारण मे लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी। प्रयास करके यथा शीघ्र वादों का निस्तारण किया जाये। बैठक मे आरए बाबू द्वारा अधिकारियों को समय पर सूचना न दिये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग सीएम डैश बोर्ड को गम्भीरता से ले। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर सीडीओ सौम्या गुरूरानी, एडीएम विरा प्रियंका सिंह, एडीएम न्यायिक, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी तहसीलदार व सभी सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम अननुय झा। अमृत विचार

फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण पारदर्शिता के साथ निस्तारण करें: डीएम

हरदोई, अमृत विचार। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आम जन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। सोमवार को कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाये। बड़ी संख्या में वंचित पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिये। 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुजुर्गों भारत प्रसाद पुत्र रामेश्वर प्रसाद व रामसेवक पुत्र नत्था के आयुष्मान कार्ड आधार देखकर मौके पर ही बनाये। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए भूमि विवाद के मामले में मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई की जाये। वरासत के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई की जाये।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हर हाल में सफल बनाना है

हरदोई, अमृत विचार। जिले में एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्टॉप डायरिया अभियान तथा 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसी को लेकर जिलाधिकारी अनुनय झा ने स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सहयोगी विभागों के साथ पहली टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा धिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी वीडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यह साल का दूसरा संचारी नियंत्रण अभियान है। हर हाल में अभियान को सफल बनाना है। मानसून के मौसम में डायरिया के केस भी देखने को मिलते हैं। स्टॉप डायरिया अभियान भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ चलेगा, जिसके डायरिया प्रबंधन, बचाव और कारणों को लेकर जागरूक करने व लाभार्थियों तक ओआरएस तथा जिंक की गोलियां मुहैया कराने की गतिविधियां भी की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिंक व ओआरएस की उपलब्धता प्रत्येक सीएचसी व पीएचसी पर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग मिलकर अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करें। सभी विभाग अपने अपने माइक्रोप्लान समय से बनाएं तथा फ्रंटलाइन वर्कर का प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी तथा ईओ यह सुनिश्चित करेंगें कि सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षत्रों में नालियों की साफ़-सफाई अभियान चलाकर की जाए, कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हों। बैठक में सीडीओ सौम्या गुरूरानी, सीएमओ डॉ. धीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

प्रसव के बाद मौत होने पर दंपति ने नदी में प्रवाहित कर दिया था नवजात बच्ची का शव

हरदोई, शाहाबाद, पिहानी, अमृत विचार। सई नदी से बरामद किए गए नवजात बच्चे के शव के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार प्रसव के बाद नवजात बच्ची की मौत हो जाने पर दंपति ने बच्ची को नदी में प्रवाहित कर दिया था। पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि पिहानी कोतवाली के कुइयां और उमरसेड़ा बार्डर से निकली सई नदी में सोमवार को राहगीरों ने नवजात बच्चे का शव उतरता देखा था। सूचना मिलने पर एसएचओ पिहानी विद्यासागर पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। पुलिस की चार टीमों ने जांच करते हुए कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। एसएचओ ने बताया कि हरियावां थाने के बेला कपूरपुर निवासी तकदीर बहादुर की पत्नी पूजा ने रविवार को सीएचसी पिहानी में बेटी को जन्म दिया था। नवजात को कमज़ोर देखकर डाक्टरों ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया था। लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही नवजात की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक दंपति ने नवजात का शव रास्ते में सई नदी में प्रवाहित कर दिया था। एसएचओ का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद नवजात का शव उसके मां-बाप के सुपुर्द किया जाएगा, वही उसका अंतिम संस्कार करेंगे।

हत्या कर बाग में फेंका गया था महिला का शव

संवाददाता, हरदोई

खुलासा

- बेनीगंज कोतवाली के ढ़किया कला निवासी मायाप्रकाश ने पत्नी के रूप में की शव की शिनाख्त
- पीएम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या की बात सामने आई, अवैध संबंधों में हत्या का संदेह

अमृत विचार। बाग में लाल साड़ी में लिपटे हुए शव की शिनाख्त कर ली गई है। 35 वर्षीय महिला घर से बाइक की किस्त जमा करने के लिए निकली थी, इसी दौरान वह लापता हो गई थी। शनिवार की देर शाम शव बरामद होने से पुलिस जांच में जुट गई। शुरुआत से उसकी हत्या और दुष्कर्म किए जाने की अटकलें लगाई जा रहीं थी। रविवार को शिनाख्त होने के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया,उसकी रिपोर्ट में चेहरे और कोहनी में चोंटों के अलावा सिर की अंदरुनी हड्डी टूटी हुई थी। दुष्कर्म की जांच के लिए स्लाइड तैयार की गई है।

बताते चलें कि शनिवार की देर शाम को बेनीगंज कोतवाली के छोटी ढ़किया गांव में बेला बाबा पुल के पास यूकेलिप्टस के बाग में लाल साड़ी में लिपटा हुआ महिला का शव पड़ा हुआ था। बेनीगंज पुलिस की टीम वहां पहुंची, उधर एसपी नीरज कुमार जादौन और सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान ने शव के बारे में लोगों से पूछताछ की। वहीं फोरेंसिक टीम भी जांच में कर रही है।

रविवार की शाम शव की शिनाख्त कर ली गई। बेनीगंज कोतवाली के ढ़किया कला निवासी मायाप्रकाश अपने बड़े पुत्र करन के साथ चंडीगढ़ में काम करता है, उसकी पत्नी सरोज ससुर गोकरन और चार बेटियों के साथ गांव में रह रही थी। चंडीगढ़ से वापस लौटे मायाप्रकाश ने शव की शिनाख्त पत्नी सरोज के रूप में की। उसने बताया कि शुक्रवार को सरोज बाइक की किस्त के रुपये लेकर उन्हे कोथावां जमा करने के लिए निकली थी। उसके बाद से गायब थी। मायाप्रकाश का कहना है कि उसकी गैरमौजूदगी में छोटी ढ़किया के एक शख्स का उसके घर आना-जाना था। मायाप्रकाश ने बताया कि आरोपी उसकी पत्नी का पीछा करता था। पत्नी की हत्या में उसी का हाथ हो सकता है। सोमवार को महिला के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गहरी चोट पहुंचने से मौत की बात कही गई है। उसके चेहरे और कोहनी पर भी चोंटे थी। साथ ही दुष्कर्म की तरफ इशारा करते हुए उसकी स्लाइड तैयार की गई है।

बेटे के विरोध करने पर आरोपी ने दी थी धमकी

हरदोई। पति के बयानों के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि सरोज की हत्या अवैध संबंधों के चलते हुई। पति ने जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि वह अकसर उसके घर आता जाता था। पति के अनुसार सरोज के पुत्र करन ने दोनों को एक साथ देखा था। जिस पर उसने विरोध भी किया था। लेकिन आरोपी ने कुल्हाड़ी दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके बाद से बेटा चुप हो गया था। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है,जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।

महिला को पीटने वाले भाई बहन पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर में 22 जून की शाम को करीब 5 बजे पुरानी रंजिश में महिला को मारपीट कर घायल करने वाले भाई बहन के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता नन्ही बिटिया पत्नी राकेश कश्यप के अनुसार उसकी देवरानी प्रीती पत्नी अशोक ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर कला निवासी अपने भाई सोनपाल के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज किया। मना करने पर भाई बहन ने मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। सोनपाल ने उसके सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

ब्लॉक प्रमुख ने पीड़ितों को दी सांत्वना

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। गौरा डांडा गांव में हुए तीन मासूम बच्चों की मौत की ख़बर पर क्षेत्रीय विधायक के पुत्र व ब्लॉक रविप्रकाश ने गहरा दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार के आंसू पोंछे।

रविवार की देर शाम ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने गौराडांडा गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत मासूमों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने कहा कि वे इस दुःख की घड़ी में दिवंगत परिवार के साथ है। इससे पहले वे हरियावां ब्लॉक के ग्राम टंडोना में एक परिवार के दो सदस्यों की असामयिक निधन पर उनके घर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। यहां उनके प्रतिनिधि कृष्ण मोहन शुक्ला, भाजपा के बूथ अध्यक्ष, कुलदीप अवस्थी बीडीसी, अरविंद राठौर ग्राम प्रधान गौराडांडा आदि मौजूद रहे।

गौराडांडा गांव में तीन बच्चों की गड्ढे में डूबकर हो गई थी मौत

पात्र परिवार को नहीं मिल रहा लाभ

सुरसा, हरदोई, अमृत विचार। गांवों में जरूरतमंदों को शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहरैया निवासी रिंकी पत्नी अरुण कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि प्रधान व सचिव की मनमानी के चलते गरीब परिवार के लोगों को योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को लाभांवित किया जा रहा है। पीड़ित ने पत्र में कहा कि वह वर्षों से झुग्गी झोपड़ी में रह रही है। इस संबंध में विकासखंड अधिकारी ने कहा अगर यह परिवार पात्र है तो निष्पक्ष प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा।

झोपड़ी के बाहर खड़ा गरीब परिवार। अमृत विचार

राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य का आगमन आज

हरदोई, अमृत विचार। राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य राधा वाल्मीकि मंगलवार को दोपहर दो बजे निरीक्षण भवन में विभिन्न नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों, डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। सफाई कर्मियों की समस्याओं से रूबरू होंगी।

समस्या ग्रामीणों ने एसडीओ को ज्ञापन देकर बताई पीड़ा, आपूर्ति में सुधार कराने की मांग

गर्मी में अघोषित कटौती व लो वोल्टेज से लोग परेशान

बिलग्राम- टोडरपुर, हरदोई

ज्ञापन देने आए विद्युत उपभोक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। बिलग्राम कस्बे के चार गांवों में बिजली आपूर्ति पिछले 10 दिनों से बाधित है। प्रभावित गांवों में करेहंका, पुरवा आशापुरवा, नया पुरवा और रविदासपुरवा शामिल हैं। करेहंका चौगंवा के निवासी तिल्ला ने विद्युत लाइन के नीचे अवैध रूप से मकान बना लिया है। उन्होंने लाइन को शॉर्ट कर बंद कर दिया है। इस कारण सैकड़ों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। ग्रामीणों के अनुसार यह विद्युत लाइन 20 वर्ष पुरानी है। सोमवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बिलग्राम विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत और पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद तिल्ला सहयोग नहीं कर रहा है। एसडीओ अनिल कुमार ने आश्वासन दिया है कि ग्रामीणों की शिकायत पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। टोंडरपुर विकासखंड क्षेत्र के चठिया पावर हाउस में आलमनगर फीडर आलमनगर गांव रैगवां में काफी दिनों से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है, आए दिन वोल्टेज व आघोषित बिजली कटौती के चलते कई लोगों के उपकरण तक खराब हो चुके हैं। लगातार अघोषित बिजली कटौती का सामना कर रहे लोगों ने कहा कि नियमित रूप से अघोषित बिजली कटौती से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। जबकि विद्युत विभाग दावा करता है कि निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई दी जा रही है, जगह-जगह पर पुराने पोल पर छोटे-छोटे फॉल्ट से बिजली गुल हो जाती है। विभाग को संसाधनों को बढ़ाना पड़ेगा इन दिनों बिजली कटौती से लोग परेशानी झेलने को मजबूर हैं कामकाज के साथ छात्रों की पढ़ाई में समस्या हो रही है।

पिहानी व राभा पावर हाउस क्षेत्र में भी जनता परेशान

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी कस्बा में लगातार बिजली कटौती, ट्रिपिंग और क म वोल्टेज की समस्या से जनता परेशान है। इस समस्या को देखते हुए एमएसपी के जिला अध्यक्ष शौज़ब ज़ैदी ने ऊर्जा मंत्री / प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है।पत्र में बताया गया है कि बिजली संकट का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई, उद्योग, छोटे कारोबार और अस्पतालों पर पड़ रहा है। वर्तमान में क्षेत्र में 33 केवी की लाइन है। किसी भी छोटी बड़ी फॉल्ट की स्थिति में कर्मचारियों को पेट्रोलिंग के लिए 45 किलोमीटर तक जाना पड़ता है। इससे कई घंटों तक बिजली बाधित रहती है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
Bachelor of Business Administration (BBA)	Intermediate (Any Stream)	3 Years
Bachelor of Computer Applications (BCA)	Intermediate (Any Stream)	3 Years
Master of Hospital Administration (MHA)	Graduate in Any Stream	2 Years
Master in Public Health (MPH)	Graduate in Any Stream	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
M.Sc. (Medical Anatomy)	Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University.	3 Years
M.Sc. (Medical Biochemistry)		
M.Sc. (Medical Microbiology)		
M.Sc. (Medical Physiology)		
M.Sc. (Medical Pharmacology)		

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
B.Sc. Forensic Sciences	Intermediate with Science	3 Years

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in
VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
B.Sc. Nursing	Intermediate with Biology and Entrance Test	4 Years
Post Basic B.Sc. Nursing	G.N.M with Entrance Test	2 Years
G.N.M	Intermediate (with English) & Entrance Test	3 Years
A.N.M	Intermediate	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
Bachelor of Pharmacy	Intermediate with Science	4 Years
Diploma in Pharmacy	Intermediate with Science	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in
VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T	Intermediate with Science	2 Years
Diploma in X-Ray Technician	Intermediate with Science	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in
ADMISSION NOW !

बेटे की मौत की सूचना पर घर जा रहे पिता को अज्ञात वाहन ने रौंदा

एक साथ हुई पिता-पुत्र की मौत के बाद परिजनों में मच गया कोहराम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: पांच वर्षीय बेटे की करंट की चपेट में आने से मौत होने की जानकारी मिलने पर बदहवाश पिता बाइक से अपने घर को रवाना हुआ। तभी रास्ते में उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। वहां से गुजरे उसके चचेरे भाई ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। एक ही दिन में पिता-पुत्र की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

विष्णु व अयांश की फाइल फोटो।

आसीवन थानांतर्गत कस्बा रसूलाबाद निवासी अयांश (5) पुत्र विष्णु जायसवाल बीती रविवार रात अपने घर में करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे गंभीर हालत में सीएचसी ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की सूचना पर अचलगंज थानाक्षेत्र के पड़री नेवरना गांव के कंपोजिट शराब ठेके पर सेल्समैन पिता विष्णु बाइक से घर जा रहा था। तभी माखी-रसूलाबाद मार्ग पर माखी थानांतर्गत नहर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया। उसी समय पीछे से आ रहे पूर्व चेयरमैन व विष्णु के चचेरे भाई शिवकुमार ने उसे सड़क किनारे पड़ा देखा तो आनन-फानन में उसे मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विष्णु को मृत घोषित कर दिया। पिता-पुत्र की मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। चचेरे भाई शिव कुमार ने बताया कि विष्णु पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके दो बेटों में बड़ा वेदांश (8) और छोटा अयांश था। पति व बेटे की एक साथ मौत से पत्नी शिवानी बेसुध हो गई। वहीं विष्णु की मां सिया दुलारी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे की करंट से और उसके पिता की सड़क हादसे में मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। अगर परिजनों की ओर से कोई तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गांव के किनारे तालाब में उतराता मिला युवक का शव

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार: सोमवार दोपहर गांव किनारे एक तालाब में शव उतराता देख गांव में हड़कंप मच गया। आनन-फानन ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव बाहर निकालकर जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हेमंत रावत की फाइल फोटो।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के काशीराम खेड़ा गांव के बाहर तालाब किनारे पानी मे औंधे मुंह शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर क्राइम इंस्पेक्टर रामबचन भारती फोर्स के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव पानी से बाहर निकलवाया। जमातलाशी में उसकी जेब में आधार कार्ड मिला। जिससे युवक का पता हेमंत रावत पुत्र श्रीराम राजाजीपुरम लखनऊ पड़ा होने पर पुलिस ने संबंधित थाने में फोन कर परिजनों से संपर्क करने के लिए कहा है। वह काली पैंट व दाहिने हाथ में लोहे का कड़ा पहने है। उसकी जेब में पैन कार्ड व आधारकार्ड के साथ गांजा व चिलम पड़ा मिला है। उसके अन्य कपड़े पुलिया पर रखे थे और चप्पल पुलिया के नीचे पड़ी थीं। क्राइम इंस्पेक्टर रामबचन भारती ने बताया कि आधार कार्ड मिलने पर संबंधित थाना पुलिस से बात कर मृतक के परिजनों को संपर्क करने के लिए कहा गया है। शव पीएम के लिए भेज दिया गया है।

सार-संक्षेप

रोलर की चपेट में आने से बच्चे की मौत

उन्नाव, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित वकीलों के रामलीला मैदान में डामरीकृत सड़क का निर्माण हो रहा है। वहां पर कानपुर देहात जिले के गांव जगतपुर डेरा निवासी वीरेंद्रनाथ मजदूरी करता है। सोमवार शाम करीब 4 बजे वीरेंद्रनाथ का मासूम बेटा विवेक घुटने के बल रोलर के नीचे पहुंचकर पहिये की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया। लेकिन श्रमिक ने किसी प्रकार की कार्रवाई से इनकार कर पोस्टमार्टम न कराने की बात कही और शव लेकर गांव चला गया। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि कानपुर के ठेकेदार आशू सड़क बनवा रहे हैं। उसी में काम करने वाले श्रमिक के बच्चे की मौत हुई है। उसने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से मना कर दिया।

पत्नी की मौत पर आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के चकमीरापुर गांव में बीती 21 जून को नीलम उर्फ रोशनी (34) पत्नी विपिन कुमार की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। इस घटना में नामित पति को पुलिस ने क्षेत्र के नसिरापुर गांव स्थित अंडरपास के पास से दबोच कर जेल भेजा है। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मृतका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सियार के हमले से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

उन्नाव, अमृत विचार : औरास थानाक्षेत्र के गांव भोपालखेड़ा में बीती 30 मई को नेकराम (38) पुत्र जगराज अपनी पत्नी कीर्ती (34) व गांव के रामस्वरूप (65) के साथ आम के बाग की रखवाली कर रहा था। भूख लगने पर दोपहर में वे लोग खाना खाने पैदल घर जा रहे थे। तभी बाग के बाहर आते ही वहां घूम रहे जंगली सियार ने तीनों पर हमला कर दिया था। इसमें सभी घायल हो गए थे। वहां मौजूद लोगों ने तीनों को बचाया था। लेकिन उनकी हालत गंभीर होने से उन्हें सीएचसी से लखनऊ के एक अस्पताल भेजा गया था। तब से सभी का वहां इलाज चल रहा था। सोमवार को रामस्वरूप ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि अन्य का अभी भी इलाज चल रहा है। उसकी मौत से मां सुखराना व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि मृतक के बेटे की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा की गई

उन्नाव, अमृत विचार : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाईल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के कार्यों की समीक्षा की गयी। इसमें पात्रों को लाभ दिलाने के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, चाईल्ड हेल्पलाइन योजनान्तर्गत वृहद रूप से अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किये जाने, नियमित रूप से बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम रोकने हेतु सम्बन्धित विभागों के मध्य आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाये जाने हेतु समस्त थानों को अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान अमिताभ यादव एडीएम न्यायिक, डॉ. जेआर सिंह एसीएमओ, प्रेमचन्द्र एएसपी, देव कुमार चतुर्वेदी जिला विकास अधिकारी, सुनील दत्त डीआईओएस, संगीता सिंह बीएसए, मनोज कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, क्षमानाथ राय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, एसएन नागेश सहायक श्रमायुक्त, प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीती सिंह अध्यक्ष व सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड आदि उपस्थित रहे।

उन्नाव-हरदोई मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर ग्राम दुल्ला पुरवा स्थित पेट्रोल पंप के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस घायल को यहां के सरकारी अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

एक बाइक सवार सोमवार को बाइक से हरदोई की ओर जा रहा था। तभी शाम के समय ग्राम दुल्ला पुरवा स्थित पेट्रोल पंप के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और भाग निकला। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को अपनी गाड़ी से आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर मृतक की जेब से उसका आधार कार्ड बरामद हुआ। आधार कार्ड के अनुसार ही मृतक की शिनाख्त राजू पाल 33 वर्ष पुत्र नेकराम निवासी 116/39 सुरेन्द्र नगर रावतपुर कानपुर नगर के रूप में शिनाख्त हुई है।

25 तक किया जाए निर्माणाधीन कार्यों का सत्यापन : डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: जिले में भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित जल जीवन मिशन (फेज-4) के तहत सतही स्रोत आधारित ग्राम समूह पेयजल योजना (क्लस्टर-ए व बी) के कार्यों के स्थलीय सर्वेक्षण हेतु केन्द्रीय नोडल अधिकारी श्रेया भारद्वाज को नामित किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा इन परियोजनाओं के तहत निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय सत्यापन 23 से 25 जून तक किया जाना प्रस्तावित है। इसे लेकर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में की गई।

बैठक में मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

इसमें अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज-4) के महत जिले में सतही स्रोत आधारित पेजयल योजना के अन्तर्गत लवकुश बैराज (गंगा बैराज) द्वारा जल को इनटेक वेल में संग्रहीत कर डब्ल्यूटीपी के माध्यम से शोधन के बाद जिले के सभी ग्रामीणों को हर घर नल से जल योजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य चल रहा है। योजना के कार्यां को 26 जनवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बैठक में योजना के तहत प्रस्तावित कार्यां की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सीडीओ कृति राज, उप्र जल निगम ग्रामीण उन्नाव के अधिशासी अभियन्ता अजीत कुमार सिंह के अलावा राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तकनीकी अधिकारी धीरेन्द्र कुमार, उप्र जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, एजेन्सियां व कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स के लोग मौजूद रहे।

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में दिए निर्देश

ससुराल से लौटी युवती ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शादी से नाखुश दुल्हन ससुराल से विदा होकर मायके आई। उसी दिन शाम को कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। उसका कहना है कि जांच की जा रही है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मल्लावां कोतवाली के मोहब्बतपुर निवासी नानक चन्द्र ने अपनी पुत्री प्रीति उर्फ मूर्ति (25) की शादी पिछले महीने 11 मई को उसी कोतवाली के इसरापुर निवासी नीरज के साथ की थी। जैसा कि प्रीति उर्फ मूर्ति के भाई सूरज कुमार ने बताया कि बहन को विदा कराने के लिए वह शनिवार को इसरापुर गया था और रविवार की सुबह वहां से वापस लौटा था। घर पहुंचे के कुछ देर बाद बहन मूर्ति कहीं चली गई। पहले तो समझा गया कि आस-पड़ोस में होगी, लेकिन खोजने पर वहां नहीं मिली। शाम को कमरे में देखा तो वहां प्रीति का शव फांसी के फंदे से लटकर रहा था। सूरज का कहना है कि प्रीति ने उसे कुछ भी नहीं बताया, लेकिन ससुराल वालों का कहना था कि वह सही से खाना-पीना नहीं कर रही है। नानक चन्द्र की चार बेटियों में दो प्रीति उर्फ मूर्ति से बड़ी और एक उससे छोटी है। सूरज कुमार इकलौता बेटा है। जैसा कि कहा जा रहा है कि मूर्ती अपनी शादी से नाखुश थी, लेकिन घर वालों के आगे वह कुछ कह नहीं सकी, उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जांच की जा रही है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतका प्रीति की फाइल फोटो।

11 मई को हुआ था विवाद, शादी से खुश न होने के चलते जान देने की चर्चा

मकान में सेंधमारी कर नकदी व जेवरात चोरी

हरदोई/टड़ियावा। शातिर चोर एक घर में सेंधमारी कर वहां से 75 हज़ार कैश और तकरीबन एक लाख रुपये के सोने-चांदी के ज़ेवर चोरी कर ले गए। सुबह देखा गया कि घर के बक्से खेत में पड़े हुए थे। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस हर एक पहलू से छानबीन करने में जुट गई। रविवार की रात टड़ियावां थाने के सरदारपुर निवासी छोटक्के अपने घर वालों के साथ गहरी नींद में सो रहा था, उसी बीच चोरों ने उसके घर में सेंधमारी कर वहां से 75 हज़ार कैश और तकरीबन एक लाख के सोने-चांदी के ज़ेवर चोरी कर लिए। सोमवार की सुबह होते ही चोरी का पता चलने पर वहां हड़कंप मच गया। छोटक्के ने पुलिस को दी तहरीर में अपने घर से चोरी होने की बात कही है। तहरीर आते ही वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है।

आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में लापरवाही

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र स्थित मतुआ गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में घटिया क्वालिटी की ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग से बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। भविष्य में कोई दुर्घटना हो सकती है। अवर अभियंता एसके निगम का दावा है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हो रहा है। उन्होंने टेस्ट ईंटों के प्रयोग की बात को नकारा है। हालांकि, मौके पर मौजूद स्थिति इससे अलग नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक कोई अधिकारी गंभीरता से जांच करने नहीं आया। जब भी ग्रामीण समस्या बताने की कोशिश करते हैं, अधिकारी बिना कोई जवाब दिए वाहन में बैठकर चले जाते हैं। इस संबंध में जब जिला कार्यक्रम अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तब उनका फोन नॉट रिचेबल बता रहा था।

दीवान के बेटे को पीट कर किया लहूलुहान

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कालोनी के सामने वाले मैदान में चल रही नुमाइश देखने गए दीवान के बेटे को दबंगों ने पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबेडकरनगर जनपद के थाना सम्मनपुर के ग्राम बलुआ बहादुरपुर निवासी पीड़ित ऋषभ पटेल के पिता आद्या प्रसाद कोतवाली में हेड कांस्टेबल हैं। 22 जून को वह घर से अपने पिता से मिलने आया था। पिता की ड्यूटी नुमाइश में लगी थी, तो वह भी नुमाइश देखने चला गया। जहां सचिन पटवा निवासी मौलागंज, आयुष मोहन, अनमोल गुप्ता, सत्यम, हार्दिक नशे में गाली गलौज करने लगे। ऋषभ ने मना किया तो दबंगों ने उसे लात घूंसों और बेल्टों से मारपीट कर घायल कर दिया।

ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग ले रहीं हैं देशभर की प्रतिभाएं

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में हो रहीं आठवें सीज़न की 10 राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में लगभग 250 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।

आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि 7 जुलाई तक विभिन्न चरणों मे सभी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और इनके माध्यम से घर बैठे ही प्रतिभाओं को कार्यशाला जैसा अनुभव दिया जाएगा। जिसमें नृत्य, गायन, एक्टिंग, मिस टीन, मिस, मिस्टर व मिसेज फोटोजेनिक, जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को घरों से ही वीडियो बनाकर भेजने हैं। प्रतियोमिता में निर्णायकों में कोरियोग्राफर काजल दमानिय, सिंगर व कम्पोज़र सुमन मुखर्जी, दूरदर्शन कलाकार आस्था त्रिवेदी, राइटर व एक्टर अवन्तिका एस रावल व फिल्मकार आवेग त्यागी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

कार ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे में दो चचेरे भाइयों और बहनोई की मौत

संवाददाता, हरदोई/बेनीगंज

अमृत विचार। दो चचेरे भाई अपने बहनोई के साथ बाइक से गांव जा रहे थे, उसी बीच बेनीगंज पावर हाउस के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों की वहीं पर मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बताया गया है कि सोमवार की देर रात बेनीगंज में पावर हाउस के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार बेनीगंज कोतवाली के झरोइया निवासी 23 वर्षीय बिल्लू पुत्र साधू, उसी गांव का उसका 25 वर्षीय चचेरा भाई सौरभ पुत्र सुशील और उन दोनों 26 वर्षीय बहनोई अभिषेक निवासी लोहाखेड़ा थाना कुतुबनगर ज़िला सीतापुर की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां आस-पड़ोस के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी है, उधर बिल्लू, सौरभ और उनके बहनोई के घर में कोहराम बरपा हो गया। बेनीगंज पावर हाउस के पास हुए हादसे में जान गंवाने वाले बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था, बताते है कि ज़रा सी चूक ने तीन-तीन ज़िंदगिया निगल ली। लोगों का कहना है कि शायद अगर हेलमेट होता तो काफी हद तक बाईक सवारों की जान बच सकती थी।

कस्तूरबा गांधी स्कूल के निर्माण में हो रही बाल मजदूरी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र के सैदपुर गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन के निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें कम आयु के बच्चों से ठेकेदार द्वारा काम कराया जा रहा है, जो कि कानून का खुला उल्लंघन है। ब्लॉक टोडरपुर के ग्राम सैदपुर में इस समय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निर्माण का कार्य कार्यदाई संस्था के ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा किशोर बच्चों को भी मजदूरी पर रखकर उनसे कार्य करवाया जा रहा है। पढ़ने की उम्र में बच्चों से भवन निर्माण सामग्री ढुलवाई जा रही है ।ठेकेदार द्वारा सरकारी आदेशों की अवहेलना कर मनमानी कर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

युवती बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार। लगभग एक माह पूर्व थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल आई युवती अपनी मामी के साथ बाजार गई थी, जहां से वह लापता हो गई। युवती के मामा ने अज्ञात के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो कंगन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

जनपद एटा के थाना बागबाला क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती हरपालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल को आई थी। लगभग एक माह पूर्व बीती 21 मई को युवती अपनी मामी के साथ हरपालपुर बाजार से घरेलू सामान की खरीदारी करने गई थी। जहां से वह लापता गायब हो गई थी। इस सम्बंध में युवती के मामा ने अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में युवती को भगाकर ले जाने में विनोद कुमार सिंह निवासी गऊपुरा थाना सोरा जनपद कासगंज, गगन निवासी बबुला थाना इगलाश जनपद अलीगढ़ और सचिन कुशवाहा निवासी ग्राम चूरा थाना इगलाश जनपद अलीगढ़ के नाम सामने आए। हरपालपुर थाना प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो कंगन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पकड़े गए आरोपी व बरामद कार।

ननिहाल आई युवती अपनी मामी के साथ गई थी बाजार, वहीं से संदिग्ध हालात में हो गई थी लापता

मैं ठहरी झील सी आंखों में तेरी कसम से डूब जाना चाहता हूं...

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। अंजुमन बैका ऐ उर्दू के 16 साल मुकम्मल होने पर बड़ा दरवाजा मैदान में मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बैरूनी व मुकामी शोहरा ऐ कराम ने शिरकत की, जिसकी सदारत डॉक्टर जुबेर संडीलवी व निजामत शकील गयाबी बिहार से, मेहमान ऐ खुसूसी मौलाना अतहर बाराबंकी व सरपरस्ती मुनीर हसन मल्लानवी ने की व और भी बाहर से आए शायरों की कड़ी में खलील फरीदी रायबरेली, अकील गाजीपुरी, दावर रजा संडीला, असगर बिलग्रामी, कमर बिलग्रामी, यासीन इब्ने उमर सीतापुरी, सलीम अख्तर पैंतेपुरी, हाजी यूनुस पैंतेपुरी, मुकामी शायर यानी की मल्लावां से जो शायर मौजूद रहे। उसमें प्रोग्राम ऑर्गनाइजर शादाब गुहर, डॉ. रियाज बरहक मौजूद रहे। फखरुद्दीन निसतर, शाहनवाज अकरम, हाफिज फखरुद्दीन, हाफिज अयाज फतेहगंज, मोहम्मद नईम नईम फतेहगंज, कवियों की फेहरिस्त में अरविंद कुमार मिश्रा वरिष्ट पत्रकार एवं कवि, राम प्रकाश सिंह प्रकाश कवि, आदर्श विश्वास कवि, सत्याधार सत्या कवियों व शायरों ने कविता कहकर व तरह-तरह की शायरी सुना कर लोगों को वाह-वाह करने पर व तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सोशल वर्कर जावेद अंसारी शानू को एक ट्रॉफी देकर उनकी हौसला अफजाई की गई व उनको फख्र ऐ मल्लावां के खिताब से नवाजा गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

हरदोई, अमृत विचार। बहू की उसकी ससुराल में संदिग्ध मौत हो गई मामला पिहानी कोतवाली के मंसूरनगर का बताया गया है। ससुराल वाले आत्महत्या बता रहें हैं, जबकि मायके वालों को शक है कि उसके साथ कोई आनहोनी हुई। फोरेंसिक और नायब तहसीलदार की टीम ने पहुंच कर पड़ताल की और पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया, उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि सुरसा थाने के अंधर्रा निवासी शारदा नारायण पुत्र सती प्रसाद ने पिहानी पुलिस को बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री ललिता देवी की शादी साल 2023 में पिहानी कोतवाली के मंसूरनगर के नवनीत अवस्थी पुत्र राम शंकर अवस्थी के साथ हुई थी। उसकी बेटी के ससुर राम शंकर ने सोमवार को फोन पर बताया कि ललिता की मौत हो गई है। इसका पता होने पर सारे मायके वाले मंसूरनगर पहुंचे, उन्हे शक है कि ललिता के साथ कोई अनहोनी हुई, लेकिन उसके ससुराल वालों का कहना है कि उसने आत्महत्या की, लेकिन क्यों ? इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है। ललिता के पिता ने शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा है। एसएचओ पिहानी विद्यासागर पाल के साथ फोरेंसिक टीम वहां पहुंची, उधर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव अपने कब्ज़े में लिया। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कोई कार्रवाई की जाएगी।

डीसीएम ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, बालिका की हुई मौत

हरदोई, अमृत विचार। तेज़ रफ्तार डीसीएम की टक्कर लगने से ई-रिक्शे पर सवार बालिका नीचे गिर गई, उसके सिर में चोट पहुंचने से उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर की शुगर मिल कॉलोनी निवासी कपिल गुप्ता ई-रिक्शा चलाकर पत्नी व दो बेटियों 7 वर्षीय रौनक गुप्ता उर्फ हनी और 3 वर्षीय मनी के साथ गुज़र-बसर करता है। सोमवार की सुबह कपिल ने ई-रिक्शा निकाला, उसी बीच रौनक घूमने की जिद करने लगी। कपिल दोनों बेटियों को ई-रिक्शा पर बैठाकर जिंदपीर चौराहे पर पहुंचा, जहां उसे प्रताप नगर चौराहे की सवारियां मिल गई। कपिल दोनों बेटियों के साथ सवारियों को प्रताप नगर चौराहे छोड़कर लौट रहा था। बेनीगंज कोतवाली के नयागांव के पास सामने डीसीएम ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। रौनक गुप्ता उससे नीचे सड़क पर गिर पड़ी। जिससे उसके सिर में गहरी चोट पहुंची। कपिल बच्ची को वहां से उठा कर मेडिकल कालेज पहुंचा, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

आरओबी कार्य स्थल पर क्रेन का पट्टा टूटने से श्रमिक की सरियों में दबकर मौत

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

परिजनों में कोहराम

▸▸ बैराज मार्ग स्थित सरैया आरओबी निर्माण स्थल हुई घटना

अमृत विचार: बैराज मार्ग स्थित सरैया आरओबी निर्माण स्थल पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, क्रेन के माध्यम से लगभग 30 क्विंटल सरिया को पट्टे से बांधकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पट्टा अचानक टूट गया, जिससे सरियों का गट्ठर नीचे खड़े श्रमिक के सिर पर जा गिरा। हादसा सोमवार रात करीब 09:45 बजे पीडब्ल्यूडी गिट्टी प्लांट के पास हुआ। क्रेन मरहला चौराहे की ओर जा रही थी और खीरी जनपद के थाना मैलानी स्थित लैलून नगर निवासी श्रमिक नेपाली (उम्र लगभग 45 वर्ष), जो नींबू लाल का पुत्र था, सरियों के गट्ठर को संतुलन देने का प्रयास कर रहा था। तभी पट्टा टूटने से भारी भरकम सरिया उसके ऊपर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। क्रेन चालक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए। अन्य श्रमिकों ने किसी तरह सरिया हटाकर शव को बाहर निकाला और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के परिजनों को सूचना दी। इस दर्दनाक घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सीएचसी में इंस्टाल हुई एक्सरे मशीन, मरीजों को मिला लाभ

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार: हसनगंज सीएचसी में एक्सरे मशीन होने के बाद भी मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस गंभीर समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद इसे संज्ञान में लेते हुए सोमवार को सीएचसी में एक्सरे मशीन इंस्टाल कर मरीजों का एक्सरे शुरू हो गया है। इससे मरीजों को सीएचसी में ही एक्सरे सुविधा मिलने के साथ उनका खर्च कम हो गया है।

बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में दशकों से एक्सरे मशीन नहीं थी। करीब एक साल पूर्व बैंगलोर के प्रोग्नोसिस सेंटर से नई एक्सरे मशीन मंगवाई गई थी। जिसकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी एईआरबी से पूरी हो गई थी। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद ने अपने नाम से रजिस्ट्रेशन के लिए एप्लाई भी किया था लेकिन कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि पूर्व में उन्नाव सीएमओ रहे डॉ. लालता प्रसाद के नाम इसका रजिस्ट्रेशन पहले ही हो चुका है और दोबारा रजिस्ट्रेशन करने पर यूजर आईडी में आमिर खान का नाम आ रहा था और ओटीपी भी मेल आईडी पर नहीं पहुंच पा रही थी। सीएचसी में एक्सरे मशीन होने के बाद भी मरीजों को इसका लाभ न मिल पाने की खबर को अमृत विचार ने बीते

अमृत विचार प्रभाव

▸▸ हसनगंज सीएचसी में एक साल से धूल खा रही थी एक्सरे मशीन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

दिनों प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद करीब एक साल का समय बीतने पर सोमवार को मशीन इंस्टॉल हुई और इस समस्या का समाधान हो सका।

सीएचसी में रोज करीब 400 मरीज ओपीडी में देखे जाते हैं। कई दर्जन गावों के लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी सीएचसी से मिलता है। अब यहां आने वाले क्षय रोग व अन्य मरीजों को एक्सरे की सुविधा भी मिलनी शुरू हो गई है। जिससे मरीजों को प्राइवेट पैथोलॉजी में जाकर हजारों रुपये नहीं खर्च करने पड़ेंगे। सीएचसी में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों ने इस समया को लेकर अमृत विचार के प्रयासों की सराहना की है।

सीएचसी में महिला मरीज का होता एक्सरे। अमृत विचार

एक नजर

देवर और भतीजे ने महिला को पीटा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

शुक्लागंज (उन्नाव): गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के भीमनगर मोहल्ले में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। महिला को उसके देवर और भतीजे ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। भीमनगर निवासी सोनी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 जून की रात करीब 12 बजे पारिवारिक झगड़े को लेकर उसके देवर बब्लू और भतीजे अंशुल ने उस पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से की गई पिटाई में उसे कई जगह चोटें आईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अनुरक्षण कार्य के चलते आज 6 घंटे बंद रहेंगे 3 फीडर

शुक्लागंज (उन्नाव: गंगाघाट विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को उपकरणों और ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण कार्य के चलते तीन प्रमुख फीडरों की बिजली आपूर्ति छह घंटे तक बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय ने बताया कि शुक्लागंज से जुड़े गंगाघाट विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यार्ड में लगे संयंत्रों और ट्रांसफार्मरों का मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान मिश्रा कॉलोनी फीडर, शक्तिनगर फीडर और फीडर-4 से जुड़े हजारों घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने लोगों से आवश्यक कार्य निपटाने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा का सामना न करना पड़े।

कोर्ट के निर्देश पर अपहरण व उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज (उन्नाव): गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर निवासी नन्हक्की ने बताया कि उसने अपनी बेटी खुशी की शादी 21 फरवरी 2025 को घोंघी गांव निवासी देशराज से की थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजन तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर 23 अप्रैल 2025 को उसकी बेटी को गायब कर दिया गया। महिला का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पति देशराज, ससुर मेवालाल और चाचा महेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

एनपीएस की समस्या हल करने का दिया आश्वासन

उन्नाव: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त से मिला और शिक्षकों की समस्याएं रखीं। जिन्हें जल्द से जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने एनपीएस संबंधी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की बात कही। यहां जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह, उमाशंकर तिवारी, सतीशचंद्र मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य हनुमंत सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेश पाल, आरपी धारियां, राजकुमार गुप्ता रहे।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से चंपापुरवा में कटान तेज

तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल ने लिया कटान क्षेत्र का जायजा, लोगों से की बातचीत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार: गंगा नदी का जलस्तर पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश के चलते मामूली रूप से बढ़ा है, जिससे पश्चिमी क्षेत्र के चंपापुरवा बस्ती के सामने कटान की समस्या एक बार फिर गंभीर हो गई है। बीते कई वर्षों से यह इलाका गंगा की कटान से प्रभावित रहा है, और जलस्तर में उतार-चढ़ाव के साथ यह समस्या और विकराल हो जायेगी।

स्थानीय सभासद द्वारा स्थिति की जानकारी जिलाधिकारी को दिए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। सोमवार को सदर तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने कटान स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर मौजूद रहकर न केवल कटान की वास्तविक स्थिति को देखा, बल्कि तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों से संवाद भी स्थापित किया। तहसीलदार अरसला नाज ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक टीम क्षेत्र में पहुंची थी। कटान की गंभीरता को समझने के लिए सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर ने भी क्षेत्र का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि कटान को रोकने के लिए विभागीय स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है, और जैसे ही उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त होते हैं, त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया है कि कटान प्रभावित क्षेत्र में हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि बस्ती को किसी भी प्रकार की आपदा से बचाया जा सके। लोगों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

कटान स्थल का निरीक्षण करते तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल।

बारिश के चलते 47 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर

शुक्लागंज, अमृत विचार : पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के चलते पश्चिमी क्षेत्रों के बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दो दिन पहले तक नहर जैसी दिखने वाली गंगा अब धीरे-धीरे फैलने लगी है और किनारों की रेती भी डूबने लगी है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, रविवार शाम को गंगा का जलस्तर 107 .800 मीटर दर्ज किया गया था, जो सोमवार शाम छह बजे तक बढ़कर 108 .270 मीटर हो गया। यानी 24 घंटे में जलस्तर में 47 सेमी की बढ़ोत्तरी हुई है। आयोग का कहना है कि जलस्तर में फिलहाल इसी तरह वृद्धि जारी रह सकती है।

नशे में हवाई फायरिंग करने वाला सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

शुक्लागंज, अमृत विचार : निर्माणाधीन रिंग रोड पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड संदीप यादव पुत्र स्व. भभूति प्रसाद निवासी सिकंदरपुर सिरोसी कोतवाली सदर इस समय गांव शंकरपुर सराय में किराए पर रहता था। लोगों के अनुसार संदीप ने रविवार रात अधिक शराब पी ली थी और नशे में उसने अपने किराए के मकान के पास लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग कर दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद आरोपी से उसकी लाइसेंसी बंदूक व फायरिंग में प्रयुक्त खोखा कारतूस कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा।

36 घंटे बाद चंपापुरवा और अंबिकापुरम के 800 घरों की बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

▸▸ ट्रांसफार्मर फेल होने से सैकड़ों उपभोक्ता गर्मी में बेहाल

अमृत विचार: बरसात के मौसम में नगर की बिजली व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। शनिवार रात आई तेज बारिश के कारण चंपापुरवा और अंबिकापुरम मोहल्लों में लगे 400 केवीए ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गए, जिससे करीब 800 घरों की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। विभाग को दोनों ट्रांसफार्मर बदलने में करीब 36 घंटे का समय लग गया, जिससे उपभोक्ताओं को उमस भरी भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चंपापुरवा स्थित सर्वोदय स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर शनिवार रात करीब तीन बजे फेल हो गया। विद्युत कर्मियों ने पहले मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन दो बार की कोशिशों के बावजूद ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो गया। इसके चलते 400 से अधिक घरों की सप्लाई ठप हो गई। वहीं अंबिकापुरम में भी उसी रात आकाशीय बिजली गिरने से वहां का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे एक अन्य 400 घरों की बिजली गुल रही। विभाग की टीम ने सोमवार रात एक बजे अंबिकापुरम और तीन बजे चंपापुरवा में नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल की। इसी बीच सोमवार को गंगाधाम कॉलोनी में एबीसी केबल डालने का कार्य किया गया, जिसके चलते दोपहर करीब 12 से शाम 7 बजे तक वहां की बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। एक सैकड़ा से अधिक घरों के लोगों को इस कटौती के कारण भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की धीमी कार्यप्रणाली और समय पर सुधार कार्य न होने पर नाराजगी जताई है।

खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता विद्युत कर्मी। अमृत विचार

फतेहपुर चौरासी में चरमराई विद्युत आपूर्ति

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार : जहां एक ओर सरकार आमजन की सहूलियत के लिए नगरीय क्षेत्र में साढ़े 21 घंटे विद्युत आपूर्ति की बात करती है वहीं नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी विभाग की लापरवाही के चलते कस्बा फतेहपुर चौरासी में आएदिन होने वाले फाल्ट व ट्रिपिंग से आपूर्ति चरमरा गई है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष है। बता दें कि नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में साढ़े 21 घंटे की आपूर्ति की जगह विभाग ग्रामीण क्षेत्र के रोस्टर के अनुसार 18 घंटे आपूर्ति दे रहा है। कस्बे में 18 घंटे की जगह 12 से 14 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। बीती 21 जून को एलटी लाइन जलने से करीब 13 घंटे आपूर्ति ठप रही। व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि लाइनमैन की लापरवाही के चलते आपूर्ति आएदिन बाधित होने से व्यापारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश जायसवाल ने बताया कि शहरी रोस्टर से आपूर्ति चालू कराने के लिए कई बार विभागीय उच्चाधिकारियों से मांग की गई लेकिन, परिणाम शून्य रहा। इस संदर्भ में फतेहपुर चौरासी विद्युत उपकेंद्र के जेई राजेश तिवारी ने बताया कि बारिश के चलते दिक्कतें आ रही हैं।

ब्रिटिशकालीन जर्जर पुलिया को हटाने की प्रक्रिया शुरू

छमकनाली 109 पुलिया पर कार्य करते श्रमिक। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

▸▸ छमकनाली 109 पर शुरू हुआ शिफ्टिंग कार्य

अमृत विचार: कानपुर-लखनऊ रेलखंड पर हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन की तैयारी में रेलवे ने ब्रिटिश काल में निर्मित जर्जर पुलियों के स्ट्रक्चर को हटाकर नई संरचनाएं स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को छमकनाली 109 पुलिया को शिफ्ट करने का कार्य रेलवे ब्रिज विभाग के अधिकारियों की निगरानी में शुरू किया गया। इसके लिए दोपहर 2:20 बजे से शाम 6:20 बजे तक चार घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया, जिससे डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कानपुर-लखनऊ रेल रूट की पुलिया संख्या 108 और 109 दोनों ही ब्रिटिश शासन काल की बनी हुई हैं और काफी जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी हैं। इन पुलियों के स्ट्रक्चर की जगह नई मजबूत संरचनाएं स्थापित की जा रही हैं, ताकि भविष्य में तेज गति वाली ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बीते वर्ष से इन पुलियों के जीर्णोद्धार कार्य की शुरुआत की गई थी, और अब उनके स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा होने के बाद शिफ्टिंग प्रक्रिया शुरू की गई है। सोमवार को मिली चार घंटे की मेगा ब्लॉक अवधि के दौरान, आधा सैकड़ा से अधिक श्रमिकों ने छमकनाली 109 पुलिया के स्ट्रक्चर के शिफ्टिंग का कार्य शुरू किया। ब्रिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और कार्य की निगरानी करते रहे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिया को सुरक्षित ढंग से हटाकर नई संरचना की स्थापना और पैकिंग का कार्य अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा।

तीन दिन और हो सकता है मेगा ब्लॉक: रेलवे विभाग के अनुसार, छमकनाली 109 पुलिया के डाउन लाइन सेक्शन में कार्य को पूर्ण रूप देने के लिए आगामी तीन दिन तक और इसी प्रकार का मेगा ब्लॉक लिया जा सकता है। इस दौरान शिफ्टिंग, पैकिंग और फिटिंग का कार्य किया जाएगा।

सार-संक्षेप

हजारों की जान बचाने वाले युवक को किया गया सम्मानित

सृजन को बैंक ऑफ इंडिया में किया जाता सम्मानित। अमृत विचार

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव निवासी सृजन मिश्रा बीते शुक्रवार गांव के पास रेलवे अंडरपास में भरा पानी देखने गया था। तभी उसकी नजर बारिश से मिट्टी बहने से हिल चुकी रेल पटरी पर पड़ी। तभी उसे बालामऊ की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन आते दिखी। खतरे को भांपते हुए सृजन ने वहां बकरी चरा रहे चरवाहे की लाल शर्ट लेकर पटरियों के बीच खड़े होकर ट्रेन रुकवाई। ट्रेन रुकते ही उसने लोको पायलट को पूरी बात बताई। इसके बाद रेलवे की तकनीकी टीम ने पटरियों की मरम्मत कर ट्रेन को सुरक्षित निकाला। इस सूझबूझ और बहादुरी से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। सृजन की जागरूकता की इलाके में खूब सराहना हो रही है। सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक जितेश पांडे ने सृजन को बैग व स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया। इस दौरान दीपू मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं, पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने भी फोन पर सृजन से बात कर उसकी बहादुरी को सराहा और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : भारत की एकता व अखंडता के अग्रदूत भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' का नारा देकर देश की एकता के लिए अपना बलिदान दिया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, प्रभान शकर दीक्षित, विधायक श्रीकांत कटियार, बृजेश रावत, बंबालाल दिवाकर, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह, रामचंद्र वर्मा, भगवती प्रसाद रावत, वेणुरंजन भदोरिया, हरि सहाय मिश्र आदि ने संगोष्ठी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने गिनाईं कार्यकाल की प्रगति

उन्नाव, अमृत विचार : जिला सहकारी बैंक लि. उन्नाव में अरुण सिंह अध्यक्ष व सभापति के पद पर दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला सहकारी बैंक लि. उन्नाव के बैंक सभागार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई सहकारिता सभागार में अपने कार्यकाल में बैंक में किये गये कार्यों व उपलब्धियों की प्रगति के बारे में बताया। इससे पूर्व में बैंक मुख्यालय पर सुंदरकांड पाठ भी आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संजय राय प्रदेश महामंत्री भाजपा उप्र, अनुराग अवस्थी जिलाध्यक्ष भाजपा, पंकज गुप्ता सदर विधायक, संजय पाण्डेय सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पुनीत चौधरी उपमहाप्रबंधक, अनुभाग अधिकारी उपेन्द्र सिंह, गणेश प्रसाद, संजय सिंह, सौरभ मिश्रा, अमित उत्तम व शाखाओं के शाखा प्रबंधक व सहकारिता परिवार के लोग मौजूद रहे।

विद्यालयों को मर्जर के विरोध में शिक्षक प्रदर्शन कर देंगे ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में शहर स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इसमें शासन से जारी कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को पेयर करने के आदेश के विरोध व प्रांतीय निर्देशानुसार एक रणनीत बनाई गई। जिसमें विद्यालयों के मर्जर के विरोध में 27 जून को सभी विकासखंडों में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कहा कि इस आदेश से गरीब मजलूमों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। बैठक में महामंत्री राम जन्म सिंह, संरक्षक राघवेंद्र सिंह, सुमंत राजनी वर्मा, सरल कुमार, मोतीलाल, उमेश चंद्र, सुरेश कुमार, तौसीफ अली, अनूप शुक्ला, हनुमान पांडे, रमेश साहू, अरविंद कुमार, अमर सिंह, रामबाबू सिंह, अनिल दिवाकर, प्रदीप मिश्रा, वरुण सिंह, कमलेश, अनिल शुक्ला, अजय पाटिल, विवेक सिंह, अवधेश, गोविंद मिश्रा, नरेंद्र सिंह, शिवकुमार रहे।

पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने संजय गांधी को किया याद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आहूत संगठन सृजन की बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व जिला समन्वयक शिव पांडे ने कहा कि सूबे में बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से युवा आंदोलित है। यही युवा भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने जिला समन्वयक को आश्वस्त करते हुए कहा कि नेतृत्व से मिली गाइड लाइन के अनुसार कार्य पूरा कर लिया गया है। इस दौरान कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर शिव पांडेय व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा सहित सभी कांग्रेसियों ने स्व. संजय गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। बैठक में हनुमंत सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला छुन्ना, शिवम अवस्थी, सुभाष सिंह, युसूफ फारूकी खुर्रम, सुयश बाजपेई, दीपेंद्र सिंह, गया प्रसाद कफनधारी, पुत्ती लाल वर्मा, मयंक बाजपेई, कस्तूरबा कुरील, शहर बानो आदि रहे।

सीएचसी में हुई अंतर्विभागीय बैठक में दी गई जानकारी

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : क्षेत्र में संचारी रोग व डायरिया रोग नियंत्रण अभियान जुलाई माह में संचालित होगा। अभियान के सफल क्रियान्वन के लिए सोमवार को सीएचसी में ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक हुई। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान आशा बहू घरों में व आसपास जल भराव, साफ सफाई, जल निकासी आदि के बारे में ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ संचारी रोग से बचाव के लिये जागरूक करेंगी। डब्लूएचओ मॉनिटर अजय वर्मा ने पंचायती राज विभाग व नगर पंचायत को क्षेत्र में साफ-सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव के लिए कहा। इस दौरान स्वप्निल पाल सीडीपीओ, डॉ. राजेश मौर्या पशु चिकित्सक, प्रभारी एडीओ पंचायत रोहित राणा, हर्षित तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर रोहित गुप्ता, यूनिसेफ मॉनिटर मो. आसिफ, गौरी गुप्ता एआरओ, मलखान सिंह बीपीएम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सेवकी खेड़ा के मजरे जमालनगर निवासी मनोज लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीतीरात रात उसकी पत्नी रानी (32) बरामदे में जमीन पर सो रही थी। रात में उसके बाएं हाथ में जहरीले कीड़े ने काट लिया। थोड़ी देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी सफीपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के ससुर सूबेदार, सास सुमन व दो मासूम बच्चे कशिश (5) व बेटी काव्या का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पति की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी।

जहरीले कीड़े के काटने से किशोर की हालत बिगड़ी, मौत

उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन कोतवाली अंतर्गत पाली गांव निवासी शिवा (14) पुत्र अरुण बीती रविवार रात घर के बरामदे में अपनी दादी संतोषी के साथ जमीन पर सो रहा था। रात करीब 10 बजे उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। कीड़े के काटने का अहसास होने पर किशोर ने उसे पकड़कर मार डाला। लेकिन, तब तक शरीर में जहर फैलने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन पहले तो उसका घर में उपचार करते रहे। लेकिन, हालत में सुधार न देख उसे सीएचसी लाया गया। जहां उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार शिवा का पिता मुंबई में नौकरी करता है। शिवा गांव के उच्च प्राथमिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था।

सुविधा संयुक्त टीम ने निरीक्षण और भूमि का चिह्नांकन कर ग्राम समाज की भूमि पुलिस को सौंपी

मरहला चौराहे के पास बनेगा ग्राउंड प्लस थ्री स्टोरी पुलिस हॉस्टल

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार: नगर के मरहला चौराहे के पास पुलिस बल के लिए एक आधुनिक एवं बहुमंजिला हॉस्टल और बैरक बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और निर्माण निगम के इंजीनियरों की एक संयुक्त टीम ने संबंधित भूमि का निरीक्षण कर चिह्नांकन किया। इसके बाद ग्राम समाज की भूमि का कब्जा पुलिस विभाग को सौंप दिया गया। जल्द ही यहां ग्राउंड प्लस थ्री स्टोरी (चार मंजिला) पुलिस हॉस्टल/बैरक का निर्माण शुरू होगा।

मरहला चौराहे के नजदीक हनुमान बाग के बगल में कटहा ग्राम सभा की गाटा संख्या 65 (नौ बिस्वा) भूमि पड़ी थी, जिसे अब पुलिस हॉस्टल/बैरक निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है। राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने जमीन का निरीक्षण कर नापजोख की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान गंगाघाट कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा, लेखपाल अशोक सैनी, अवनीश तिवारी, ग्राम प्रधान दीप चंद्र निषाद और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। भूमि से अतिक्रमण हटवाकर इसे पुलिस विभाग को सौंप दिया गया। इस परियोजना के पूरा होने के बाद पुलिसकर्मियों को आवास की समस्या से निजात मिलेगी और वे अधिक कुशलता से अपनी ड्यूटी निभा सकेंगे। साथ ही, इससे मरहला चौराहे के आसपास के क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ने से अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

जल्द शुरू हो सकता है निर्माण कार्य: प्रशासन का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा और निर्धारित समयसीमा में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय निवासियों ने इस योजना का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

ग्राउंड प्लस थ्री स्टोरी के लिए भूमि का चिह्नांकन कराते लेखपाल। अमृत विचार

राजकीय निर्माण निगम करेगा निर्माण

इस परियोजना का निर्माण कार्य राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराया जाएगा। निगम के इंजीनियरों ने स्थल का निरीक्षण कर नक्शे के अनुसार मुआयना किया और निर्माण से जुड़ी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। गंगाघाट कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि लंबे समय से पुलिस बल के लिए बैरक निर्माण की आवश्यकता थी। इस परियोजना से पुलिसकर्मियों को बेहतर आवास सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता और मनोबल में वृद्धि होगी।

तीन मंजिल भवन के हॉस्टल में बनेंगे 48 बैरक

प्रस्तावित भवन में पुलिसकर्मियों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन मंजिलें होंगी, जहां हॉस्टल/48 बैरक बनाए जाएंगे। यह परियोजना न केवल पुलिस बल के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करेगी, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में भी सहायक होगी।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के

● कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है। प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।

स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण

डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।

क्या है डेरिवेटिव

● डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

निवेशकों को संभावित लाभ

● **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
● कम पूंजी में उच्च लाभ : निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
● पोर्टफोलियो विविधता : इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
● लिक्विडिटी : प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

संभावित जोखिम

● **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
● **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
● **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
● **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरत है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन

आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बॉण्ड के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाएगा एनटीपीसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉण्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, एनटीपीसी 18,000 करोड़ के एनसीडी यानी बॉण्ड जारी करके कोष जुटाने के लिए यह प्रस्ताव ला रही है। यह राशि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने तक की अवधि में घरेलू बाजार में निजी आवंटन के माध्यम से एक या अधिकतम 12 किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 21 जून को बॉण्ड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के संबंध में डाक मतपत्र के मसौदा नोटिस पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका

नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल फिलहाल बंदरगाहों पर फंसा है। भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं

पश्चिम एशिया संघर्ष

● भारत के कुल चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी

और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है। भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

राष्ट्रीय

एक नजर

बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश

कोलकाता। प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार

पटना। बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

ऐश्वर्या गौड़ा धोखाधड़ी में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक निवासी ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। वहीं इस मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई सुरेश बेंगलुरु में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुए और इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया।

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने

राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।

राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी: थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ा है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका और चार अन्य देशों में गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था।

थरूर ने राहुल गांधी को किया बेनकाब: भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। थरूर की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।

पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मिली

जम्मू, एजेंसी

● आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का किया खुलासा

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह जांच में पहली बड़ी सफलता थी। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। परवेज व बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी।

पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

नई दिल्ली। चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

सोलंग की वादियां

हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेंसी

प्रधानमंत्री ने की पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई।

सरकार ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भी जगह दी गई है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष के

रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। सिंह के अलावा बैठक में स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसाइटी में कई नए लोग शामिल हुए हैं, जिनमें स्मृति ईरानी, कपूर, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं।पीए मएमएल तीन मूर्ति भवन में स्थित है, जहां पर प्रधानमंत्री संग्रहालय भी अवस्थित है। एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को हाल ही में पीएमएमएल का निदेशक नियुक्त किया गया।

नारायण-गांधी के वार्ता के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का मंगलवार को आरंभ करेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। यह ऐतिहासिक वार्तालाप 12 मार्च, 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था, जो वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति, दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। वैकोम सत्याग्रह केरल में अस्पृश्यता के विरुद्ध एक अहिंसक आंदोलन था जो 1924 में शुरू हुआ था और एक वर्ष से अधिक समय तक चला था।

हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिल: खरगे

रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

मैंने चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप



लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े। उन्होंने कहा मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।

- **इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पिछले साल असफल होने पर थे चर्चा में**

> मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया
>
> **–ओली पोप**, उप कप्तान, इंग्लैंड

लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा

लीड्स, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है। उन्होंने कहा लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा। कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।

उन्होंने कहा यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा। बुमराह ने कहा मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें।

- **जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों की बोलती बंद की**
- **आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा किया**

एक नजर

मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

अटलांटा : इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

रियल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

चार्लोट (अमेरिका) : रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में जीत दिलाई।

सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

माहे (सेशेल्स) : भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर

माराकेच (मोरक्को) : भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।



प्रयागराज में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता एरोला प्रणति (बीच में), रजत पदक विजेता शाइनी ग्लैडसिया (बाएं) और कांस्य पदक विजेता नेहाली नरेंद्र बोरा। ● एजेंसी

राहुल के बाद पंत का ऐतिहासिक शतक

पहले टेस्ट के चौथे दिन फिर गरजा भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला, दूसरी पारी में बने 364 रन



केएल राहुल।

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम सोमवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 364 रन बना लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) के शतकों से भारत 370 रन की बढ़त हासिल कर मजबूत स्थिति में है। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स और जोश टंग ने तीन तीन विकेट झटके। शोएब बशीर को दो विकेट मिले।

पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बन गए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत एक रन लेकर 130 गेंद में अपना आठवां शतक पूरा करते ही जिम्बाब्वे के महान खिलाड़ी एंडी फ्लावर के बाद एक मैच की दोनों पारियों में 100 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने।

भारत ने सुबह के सत्र में कप्तान शुभमन गिल (08) के रूप में एक विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की भागीदारी निभाकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ाया। पहले सत्र में पंत ने हालांकि अपनी आक्रामक खेलने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई लेकिन लंच के बाद तेवर बदलकर मैच में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने पहली पारी में 134 रन बनाए थे।

शतक जड़ने के बाद भी पंत ने यही लय जारी रखी और शोएब बशीर की गेंद पर लांग ऑन में जाक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए।

शतक बनाने के बाद फिर अनोखे अंदाज में जश्न मनाते ऋषभ पंत। ● एजेंसी

पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। भारत ने बादलों और हवा भरी सुबह में दो विकेट पर 90 रन से खेलना शुरू किया लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। सात गेंद ही डाली गई थीं कि पहली पारी के शतकवीर गिल अपने निजी स्कोर में दो रन जोड़ने के बाद आउट हो गए जिन्हें ब्रायडन कार्स ने गुडलेंथ गेंद पर बोल्ड किया। पर राहुल और पंत ने बेहतरीन टाइमिंग और संयम से बल्लेबाजी की। इसके अलावा इंग्लैंड के गेंदबाजों को पहले सत्र में और कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि उन्होंने अपनी लाइन एवं लेंथ से दोनों बल्लेबाजों को परेशान किया।

गिल के आउट होने के बाद पंत क्रीज पर उतरे और उन्होंने हमेशा की तरह शानदार शॉट खेलते हुए तेज गेंदबाजों पर रन जुटाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान उन्हें किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि वह जिस तरह के शॉट खेलना चाह रहे थे, उसे खेलने के लिए कनेक्ट नहीं कर पाए।

पंत ने क्रिस वोक्स की गेंद पर शुरुआत की जो उनके बल्ले से लगकर स्लिप कॉर्डन के ऊपर से गई। फिर इस विकेटकीपर ने स्लॉग स्वीप और पैडल स्वीप खेलने का प्रयास किया। फिर एक खराब शॉट खेलने के बाद खुद से नाराज भी दिखे जिसे 'स्टंप माइक' में सुना जा सकता था और तभी इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रिव्यू लिया। पर टीवी अंपायर ने पंत के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि स्विंग लेती फुल लेंथ गेंद भारतीय बल्लेबाज के पैड पर लगने से पहले बल्ले से टकराई थी।

भारत पहली पारी : 471 रन

इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन

पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने

लीड्स, एजेंसी : भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शतक लगाने के साथ दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत ने पहली पारी में 134 रन की शानदार पारी खेली और दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। उनका दूसरा शतक धैर्यपूर्ण था। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। अभी तक केवल सात भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए हैं। पंत अब उस विशिष्ट सूची में शामिल हो गए हैं जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर (तीन बार), राहुल द्रविड़ (दो बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा पंत के प्रदर्शन ने यह भी दूसरी बार चिह्नित किया कि दो भारतीय सलामी बल्लेबाजों – केएल राहुल और रोहित शर्मा – ने इंग्लैंड में एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाए हैं।

कोच के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नीरज

ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य), एजेंसी

फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले दो सत्र से बाहर रहने को बाध्य भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। जिसे उनके कोच जान जेलेज्नी ने अपने लंबे करियर में नौ बार जीता। मौजूदा सत्र अब तक 27 वर्षीय चोपड़ा के लिए प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पेरिस में दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता और मई में दोहा डाइमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के दौरान 90 मीटर की दूरी को भी पहली बार पार किया।

चोपड़ा को 2023 और 2024 में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की 'ए' वर्ग की प्रतियोगिता गोल्डन स्पाइक में हिस्सा लेना था, लेकिन उन्हें दोनों मौकों पर टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस खिताब को जीतने के लिए और भी अधिक उत्सुक होंगे क्योंकि गोल्डन स्पाइक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी के लिए उनके खेल के दिनों में उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक थी। चेक गणराज्य के पूर्व महान खिलाड़ी 59 वर्षीय जेलेज्नी ने 1986 और 2006 के बीच गोल्डन स्पाइक के नौ खिताब जीते और कुछ मौकों पर भाले को उन्होंने 90 मीटर से अधिक की दूरी तक फेंका। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पहली बार 1961 में आयोजित की गई थी। चोपड़ा पहले भी ओस्ट्रावा में खेल चुके हैं लेकिन गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में नहीं। वह एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में आईएएएफ कॉन्टिनेंटल कप में भाग लिया था और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले कहा जब मैं बच्चा था तो मैंने उसेन बोल्ट जैसे खिलाड़ियों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।

● **गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे चोपड़ा**

संयुक्त 46वें स्थान पर रही अमनदीप दीक्षा और त्वेसा

बेरून (चेक गणराज्य) : पहले दौर में आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय खिलाड़ी अमनदीप द्राल ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का समापन 72-73 के राउंड के साथ किया और टूर्नामेंट के अंत में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।

यह इस सत्र में पहला अवसर था, जबकि अमनदीप ने कट में जगह बनाई थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में नाकाम रही। अमनदीप अब अगले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में खेलेंगी।

मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया : गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।

पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी

मुंबई : भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है। एमसीए सूत्र ने बताया हां, हमें उनका पत्र मिला है और इसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया।

हॉकी फारवर्ड ललित ने अचानक लिया संन्यास

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **टोक्यो और पेरिस ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं ललित**
- **एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं**

183 मैच खेले

67 गोल किए

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अचानक अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।

ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।

ललित ने लिखा स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। उन्होंने कहा 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ललित ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।

पालकी यात्रा

पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम

अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य, युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज, सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

एक नजर

द.कोरिया: सांसद को रक्षा मंत्री नामित किया

सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग ने सेवानिवृत्त सैन्य जनरलों को रक्षा मंत्री नियुक्त करने की परंपरा को तोड़ते हुए पांच बार के सांसद आह्न ग्यू-बैक को सोमवार को रक्षा मंत्री पद के लिए नामित किया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन सहित कई प्रमुख पूर्व रक्षा अधिकारी पिछले वर्ष तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक यओल के कार्यकाल में मार्शल लॉ लागू करने में अपनी भूमिका के लिए आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। येओल के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की गई और उन्हें पद से हटा दिया गया था।

चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3 :40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38 .1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

आपात स्थिति में उतारा गया एअर इंडिया विमान

नई दिल्ली। एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के मूड में ट्रंप

अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने फिर दी पलटवार की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान अमेरिकी बलों के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उस पर और हमले किए जाएंगे।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। उसने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है जिससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अभियान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम में क्या बचा है और उसकी कमजोर सेना कैसे इस हमले का जवाब दे सकती है। इस संघर्ष के बढ़ने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर मिसाइलों और 30,000 पाउंट के बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हद पार कर दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीबीएस' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, आइए, सीधे बातचीत करते हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए जिस भी देश का इस्तेमाल किया, वह हमारे वैध लक्ष्य के दायरे में होगा। पश्चिम एशिया में अमेरिका के हजारों सैनिक तैनात हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की है।

परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

दुबई। ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुन: शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

अमेरिकी हमले से फोर्दो स्थल पर भारी क्षति की आशंका

दुबई। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताहांत में अमेरिका द्वारा अत्याधुनिक बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो में ईरान के भूमिगत प्रतिष्ठान को बहुत भारी क्षति होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने वियना में यह बयान दिया। ग्रॉसी ने कहा, उपयोग किए गए विस्फोटक आयुध और सेंट्रीफ्यूज की अत्यधिक कंपन संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, बहुत महत्वपूर्ण क्षति होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस समय, आईएईए सहित कोई भी फोर्दो में भूमिगत क्षति का पूर्ण आकलन करने की स्थिति में नहीं है।

अमेरिकी पर जवाबी कार्रवाई सेना तय करेगी: ईरान

संयुक्त राष्ट्र। ईरान ने कहा है कि अमेरिका ने देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का फैसला किया, अब उसके हमलों पर जवाबी कार्रवाई का वक्त, तरीका और इसका पैमाना क्या होगा इसके बारे में फैसला सेना करेगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक में कहा कि ईरान ने युद्धोन्मादी अमेरिकी शासन को बार-बार चेतावनी दी थी कि वह इस दलदल में न फंसे। इसके बाद भी अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का निर्णय लिया है।

निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

तेहरान, एजेंसी

- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार, विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

नीट यूजी में फर्जीवाड़े पर दो मेडिकल छात्रों पर केस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने शुरू की कार्रवाई, अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा में हुए थे शामिल

बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में कथित तौर पर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय सीबीआई ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिरोही के डॉ. भीम राव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र विकास कथित तौर पर नीट-यूजी 2023 में उपस्थित हुआ और उत्तर पुस्तिकाओं पर गोदारा के हस्ताक्षर तथा लिखावट की नकल की।

छद्म अभ्यर्थी के तौर पर विकास परीक्षा में कथित तौर पर उत्तीर्ण हो गया और इससे उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान के एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए गोदारा के लिए सीट सुरक्षित हो गई।

भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तान: बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैं: या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी

- चुनावों में हेराफेरी के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव से संबंधित मुद्दों पर किसी पूर्व सीईसी को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनावों का आयोजन कराया था। उत्तरा पश्चिम पुलिस थाने के प्रमुख हाफिजुर रहमान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए थे। हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित हुदा के आवास पर धावा बोल दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें घर से बाहर खींच लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है।

शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया

ढाका। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

- तुहिन पर दर्ज हैं देश के खिलाफ साजिश और राजनीतिक हिंसा भड़काने के मामले

यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया। खबर के मुताबिक मुंशीगंज-3 के पूर्व सांसद को राजधानी के मोनिपुरीपाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

मार्च 2026 आजादी के बाद सबसे खास पलों में एक होगा

रायपुर, एजेंसी

- गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।

पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, जब चार दिनों के सैन्य टकराव के कारण संबंध खराब हो गए थे। भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

चिंताजनक | विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक,दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।

जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।